| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,085.99 | ▲ +408.86 |
| डॉलर | 82.806 | ▼ -0.092 |

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 28.0 | 16.0 | 19.0 |
| धनबाद | 31.0 | 15.0 | 21.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 18.0 | 25.0 |
| पलामू | 31.0 | 15.0 | 20.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत 2080 | रांची, गुरुवार, 07 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-37, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — कल्पना सोरेन के समक्ष राजनीतिक ... 06


रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


स्पेनिश महिला के गैंगरेप पर भड़कीं एक्ट्रेस ...10 — देश-विदेश



## राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

**यहां होगी नियुक्ति**

स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 अंतर्गत **बायोलॉजी के 253, केमिस्ट्री के 259, फिजिक्स के 313** एवं **भूगोल के 195** स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक

नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **15 पाईप लाइन इंस्पेक्टर** और **55 स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर**

कृषि विभाग अंतर्गत **09 कनीय अभियंता**

**यहां होगी नियुक्ति**

खान एवं भूतत्व विभाग अंतर्गत **34 खान निरीक्षक**

विद्युत विभाग अंतर्गत **53 कनीय अभियंता**

पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **1,268 कनीय अभियंता** (सिविल)

# 2,454

अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण

दिनांक: **07 मार्च, 2024 (गुरुवार)**


**समय: 12:00 बजे मध्याह्न**

**स्थान: शहीद मैदान, धुर्वा, राँची**

## श्री चम्पाई सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

के कर कमलों द्वारा



**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

PR No 321791 (IPRD) 2023-24

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

## एक नजर

### शहीद दिलीप बेदिया एकेडमी में प्रतियोगिता परीक्षा का होगा आयोजन

**मुरी।** शहीद दिलीप बेदिया का शहादत दिवस के अवसर पर झारखंड के सभी वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 31 मार्च दिन रविवार को समय 6 बजे सुबह से गेडेवीर में विभिन्न तरह का आयोजन किया गया है। जैसे मैराथन दौड़, लिखित प्रतियोगिता परीक्षा , पेंटिंग प्रतियोगिता परीक्षा, लेख प्रतियोगिता परीक्षा का अयोजन किया गया है ।(1) भारतीय सेना के तर्ज पर लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का अयोजन '(2) 5.ङट किलोमीटर का मैराथन दौड़ पुरुष के लिए एवम 3.ङट का मैराथन दौड़ महिला के लिए। उम्र 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए। ( सदस्यता शुल्क 100/रुपया )(3) 12 से 17 वर्ष के छात्र/छात्राओं के लिए।,100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 800 का दौड़ एवम लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का अयोजन किया गया है।(सदस्यता शुल्क 20/- रुपया)(4) नवोदय विद्यालय के तर्ज पर लिखित प्रतियोगिता परीक्षा (सदस्यता शुल्क 20/रुपया)(5) भारतीय सेना के तर्ज पर पेंटिंग एवम लेख प्रतियोगिता परीक्षा। ( सदस्यता शुल्क 20/रुपया) 04 अप्रैल को शहीद दिलीप बेदिया जी का श्रद्धांजलि एवम मलयार्पण के बाद सभी विजेताओं को सम्मानित एवम पुरस्कार दिया जाएगा।

### आबादी के अनुपात में राजनीतिक हिस्सेदारी मिलनी चाहिए : महेश्वर

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा है कि झारखंड प्रदेश तेली समाज के अध्यक्ष अरुण साहु एवं रौनियार वैश्य समाज के नेताओं सुखदेव प्रसाद, मनोज गुप्ता द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में अपने-अपने नेताओं के लिए सीटें मांगना बिलकुल जायज है। लोकतंत्र में सामाजिक न्याय और सबका साथ, सबका विकास की बात केवल हवा में नहीं होनी चाहिए, बल्कि आबादी के अनुपात में राजनीतिक हिस्सेदारी भी मिलना चाहिए। श्री साहु ने कहा कि झारखंड में पूरे वैश्य समाज की 40% आबादी है, जिस पर एक पार्टी विशेष अपना दावा जताती रही है तो राजनीति में अधिकार देने में भी सकारात्मक सोच रखना चाहिए। जिन जातियों की आबादी चार-पांच प्रतिशत है, उनको तीन-चार सीट दे दिया जाता है, फिर वैश्य समाज के लिए क्यों नहीं? महेश्वर साहु ने कहा कि चाहे राष्ट्रीय पार्टी भाजपा हो या कांग्रेस या फिर क्षेत्रीय पार्टियों को चाहिए कि 40 प्रतिशत आबादी वाले वैश्य समाज को लोकसभा में टिकट देकर अपने नारों एवं बातों को सही साबित करें। भाजपा के पास जो तीन सीटें बची हुई है, उसमें तेली और रौनियार समाज को उम्मीदवार बना कर वोट मांगने का अधिकार प्राप्त करना चाहिए। जबकि कांग्रेस-झामुमो-राजद नीत गठबंधन भी कम से कम तीन सीट वैश्य समाज को दे कर सामाजिक न्याय के नारे को साकार करे। श्री साहु ने कहा कि झारखंड में सुरक्षित छह लोकसभा की सीटों में भी वैश्य समाज बड़ी संख्या में है और चुनाव को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।

रिम्स में बेहतर इलाज के बाद भी मरीज बाहर के खाने से हो रहे हैं बीमार

# धूल-गर्दा व मक्खियों से दूषित भोजन करने को मजबूर हैं मरीज

**अमित कुमार, रांची**



रिम्स के आस-पास अस्वास्थ्यकर भोजन करने वालों की संख्या सैकड़ो में है। रिम्स के आस-पास ऐसे कई ठेले और खोमचे भरे पड़े है जहां पर लोगों को ऐसा भोजन खुले आम बेचा जाता है, जिस पर या तो मक्खियां बैठी होती है या गाड़ियों की धूल गंदगी जमा होती रहती है। वहाँ सभी ठेले खोमचे नाली के किनारे एक साथ लगे हुए रहते हैं ।सुलभ शौचालय के बगल में कई ठेलों के बगल में तो संक्रामक मेडिकल वेस्ट फेंके हुए रहते हैं । इन जगहों पर मरीज के परिजन खाने को आते हैं और अपने साथ अपने मरीजों के लिए भी ले जाते है। जबकि रिम्स कैंटीन में मरीजो के लिए बनने वाला भोजन पूरी तरह से सील पैक होता है। इस तरह के खाद्य पदार्थो में सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा जाता है। दुकानदार भोजन तैयार कर खुले में ही सभी खाद्य पदार्थो को रखते हैं। और यही खाद्य समाग्री किसी न किसी रुप में मरीजो तक भी पहुंचता रहता है। साथ ही उनके परिजन भी इस तरह के भोजन से प्रभावित हैं।

**सुलभ शौचालय के पीछे पकाया जाता है भोजन :** रिम्स परिसर के बाहर स्थित सुलभ शौचालय के बगल में ही आठ भट्ठियों में खाना पकाया जाता है। जिसके बगल से शौचालय का गंदा पानी हमेशा बहता रहता है। यहां रोटी, चावल, दाल, सब्जी व अन्य खाद्य पदार्थ तैयार किये जाते हैं ।

**हटाये जाने के बाद भी लगा लेते हैं ठेला :** रिम्स प्रबंधन के द्वारा कई बार अतिक्रम के नाम पर इन सभी ठेला खोमचा को हटाया गया है लेकिन कुछ देर बाद वे सभी फिर से अपनी दुकाने खोल लेते हैं। यहां पर ठेला खोमचा लगाने वालो की संख्या सैकड़ों में है।

**जले हुए तेल से बनाते है समोसा व आलूचॉप :** दाल भात सब्जी रोटी के साथ समोसा कचौड़ी आलुचौप तथा जलेबी के ठेले लगाये जाते है। इसे तलने के लिए दुकानदार पाम तेल का उपयोग करते है, जिसके जलने के बाद भी बार बार उसे उपयोग में लाते हैं, जिससे मरीजों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

**क्या कहते हैं दुकानदार**

**गोपाल प्रसाद**



पिछले 35 सालो से दुकान लगा रहे है। अचानक हटा दिया जाएगा तो हम भूखे मर जाएंगे।

**रवि यादव**



रिम्स तो मरीजो को भोजन कराता है लेकिन हम सभी तो उसके परिजनों को भोजन कराते हैं।

**कैलु लकड़ा**



यदि हम लोग ठेला खोमचा हटा दे तो यहां के गरीब लोगों को भोजन कौन करायेगा ?



**रिम्स के सभी ओर मेरा ध्यान है। इस पर भी जल्दी ही कार्यवाही की जाएगी। जितने भी ठेले खोमचे हैं सभी को यहां से हटाया जाएगा।**

**प्रो.(डॉ) राजकुमार, रिम्स निर्देशक**

# अदालत में हाजिर नहीं हो कर कोर्ट के बाहर बिल्डर समझौते का बना रहा दबाव

**कोर्ट के मध्यस्थता अधिकारी श्री मुखर्जी ने राष्ट्रीय नवीन मेल को पत्र लिख कर पूर्व में छपी खबर का खंडन करने को कहा है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री एनक्लेव अपार्टमेंट में फ्लैट बिक्री करने के नाम पर पैसे की ठगी करने का आरोप नीलकंठ डेवलपर्स के प्रोपराइटर सतीश कुमार पर पीड़िता अनीता भौमिक पति अंशुमाला शर्मा ने लगाते हुए रेरा कोर्ट से न्याय की मांग की है। बुधवार को रेरा कोर्ट में मध्यस्थता की सुनवाई थी पर बिल्डर के कोर्ट में हाजिर नहीं होने से इसकी अगली तिथि 2 अप्रैल को दी गई है। वहीं पीड़िता ने बताया कि बिल्डर कोर्ट के बाहर मध्यस्थता करने का दबाव दे रहा है। बिल्डर की बात नहीं मानने पर कई बार पीड़ित को गाली गलौज के साथ धमकी भी दी गई थी । वहीं कोर्ट के मध्यस्थता अधिकारी श्री मुखर्जी ने राष्ट्रीय नवीन मेल को पत्र लिख कर पूर्व में छपी खबर का खंडन करने को कहा है। जबकि श्रीमति भौमिक ने पूरे मामले की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री से की है जिसकी जांच चल रही है ।पूर्व में प्रकाशित समाचार वैसी ही शिकायत के आधार पर प्रकाशित किया गया था जिसमें 24 लाख रुपए लेकर आठ साल बाद भी पीड़िता को बिल्डर द्वारा फ्लैट नहीं देने की बात कही गई है ।

**खबर का असर**

**शहर में निर्माण कार्य से गड्ढे वा प्रदूषण पर ट्रैफिक एसपी का निर्देश**

रांची ।सोमवार को राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रकाशित खबर सीवरेज के लिए किए गए गड्ढे से महिलाएं हैं परेशान। इस पर ट्रैफिक एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को नगर निगम तथा जुडको के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें शहर की व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया है उनका कहना है कि पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढे की सही से मरम्मत कर रोड समतल किया जाए ताकि लोगों को परेशानी ना हो। इसके साथ उन्होंने सर्कुलर रोड, सिरोम टोली से मेकॉन तक बन रहे फ्लाईओवर के निर्माण कर रही कंपनी को रोड पर पड़े अवशेष हटाने को कहा, ताकि लोगों को जाम में ना फंसना पड़े। वहीं ऑटो रिक्शा के जहां तक रोकने पर भी कार्रवाई की बात कही है।

# खरीदारी के लिए लोग परिवार संग पहुंच रहे मेगा ट्रेड फेयर

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। मोरहबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के पांचवें दिन बुधवार को भी लोगों की भीड़ खरीदारी करने के लिए उमड़ी रही। खरीदारी करने के लिए रांची समेत अन्य जिलों के लोग भी पहुंच रहे हैं। प्रत्येक स्टाल में लोगों की भीड़ दिखी, जो अपनी जरूरत की चीजें खरीदारी करते नजर आये। एथनिक वियर और जूतियों से लेकर फैशन के सामान और जूतों तक, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से लेकर घर और सजावट, रियल एस्टेट, ऑटोमोबाइल तक, सब कुछ केवल ट्रेड फेयर में एक ही छत के नीचे देखा जा सकता है। उपभोक्ता वस्तुओं के साथ-साथ भोजन, कपड़े और फर्नीचर से लेकर स्वास्थ्य देखभाल, सौंदर्य प्रसाधन और हस्तशिल्प तक की वस्तुओं और वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया है। इसके अलावा, राजस्थानी और गुजराती स्नैक्स और विभिन्न राज्यों के अचारों के स्टॉल पर भी भीड़ दिख रही है। गर्मी के कपड़ों सहित डिजायनर कपड़े महिलाओं को काफी पसंद आ रहे हैं। फूड जोन में अनेक तरह के व्यंजनों का लुत्फ भी लोग उठा रहे हैं। मेले में प्रवेश शुल्क 30 रुपये है। ऑटो जोन में विभिन्न कंपनियों के कार को प्रदर्शित किया गया है। लोग इन कारों की जानकारी ले रहे हैं। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि झारखंड चैंबर का प्रयास है कि राज्य को व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में आगे बढ़ाया जाए। इस दिशा में ट्रेड फेयर एक माइल स्टोन बन कर उभरेगा। ट्रेड फेयर में प्लेटफॉर्म बन कर उभर रहा है, जहां कंपनियां अपने उत्पादों का प्रचार-प्रसार के साथ बिक्री भी कर रही हैं। स्थानीय व्यापारियों को भी फायदा हो रहा है।

# भाजपा का मतलब है भ्रष्टाचारी जोड़ो पार्टी : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष उपवास कार्यक्रम बुधवार को झामुमो पश्चिमी सिंहभूम जिला के सचिव सोनाराम देवगम की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन वरीय जिला उपाध्यक्ष सह केंद्रीय सदस्य राहुल आदित्य ने किया। इसमें पश्चिमी सिंहभूम जिला समिति के साथ रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में रांची जिला समिति के सदस्य शामिल हुए। मौके पर झामुमो पश्चिमी सिंहभूम जिला सचिव सोनाराम देवगम ने कहा, हेमंत सोरेन को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा प्रताड़ित करने के विरोध में आज हम यहां उपवास कार्यक्रम में बैठे हुए हैं। हम उनके न्याय के लिए संघर्ष करते रहेंगे। लेकिन, लोगों को यह भी पता चलना चाहिए कि भारतीय जनता पार्टी का मतलब है भ्रष्टाचारी जोड़ो पार्टी। आज भारतीय जनता पार्टी कोई पार्टी नहीं है, वह वाशिंग मशीन बन गई है। भाजपा अपने आप को गंगा समझ रही है कि इसमें जितने भ्रष्टाचारी आएंगे, वे साफ हो जाएंगे। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा, आने वाले चुनाव में केंद्र की भाजपा सरकार को यहां की जनता झारखंड के अपमान का बदला लेगी। उपवास कार्यक्रम में पश्चिमी सिंहभूम के जिला उपाध्यक्ष सह केंद्रीय सदस्य दीपक प्रधान, रांची से केंद्रीय सदस्य सुशीला एक्का, पवन जेडिया, जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, पश्चिमी सिंहभूम जिला संगठन सचिव चंबुरू जामुदा, संयुक्त सचिव प्रदीप महतो, प. सिंहभूम किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रेम मुंडरी, रांची जिला प्रवक्ता अरविंद सिंह देवल, उपाध्यक्ष परवेज आलम, कोषाध्यक्ष विलियम रिचर्ड लकड़ा समेत कई लोग शामिल हुए।

चार थानों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित

# लोकसभा चुनाव को लेकर 24 घंटे अलर्ट रहें पुलिस के पदाधिकारी : डीएसपी



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के डाडी. विलेज रिसोर्ट में लापुंग, बेडो, नरकोपी, एवं ईटकी पुलिस पुलिस पदाधिकारियों की बेड़ो डीएसपी अखिल कुजूर की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न थानो की अपराधों एवं कांड के उद्भेदन की समीक्षा की गई और अपराध की रोकथाम की रणनीति बनाई गई। डीएसपी अखिल कुजूर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन को व्यापक तैयारी करनी है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान अति संवेदनशील और संवेदनशील मतदान केंद्रों की भौगोलिक स्थिति की संपूर्ण जानकारी रखना तथा चुनाव के दौरान चेकनाका बनाकर चेकिंग अभियान चलाने के लिए चेकिंग पॉइंट की पहचान करना एवं उग्रवाद और अपराध पर नियंत्रण करने के लिए पुलिस पदाधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने की जरूरत है। अपराध समीक्षा बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक बलों की आवश्यकता सहित कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। डीएसपी अखिल कुजूर ने इस मौके पर नए थाना प्रभारियों को बुके देकर सम्मानित किया। पुलिस कर्मियों ने टीम भावना के साथ काम करने का संकल्प दुहराया और अपराधियों तथा उग्रवादियों के ऊपर नियंत्रण के लिए विभिन्न थानों के पदाधिकारी के द्वारा बेहतर तालमेल के साथ ज्वाइंट ऑपरेशन चलाने का शपथ लिया। इस मौके पर बेड़ो थाना के प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी विनीत कुमार किंडो, लापुंग के थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव, नरकोपी के थाना प्रभारी देवप्रताप धान तथा इटकी के थाना प्रभारी दूसरु बान सिंह सहित कई पुलिस के पदाधिकारी मौके पर मौजूद थे।

# बीएसएनएल बिल इश्यू को लेकर 14 को चैंबर भवन में लगाएगा कैंप

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। वर्षों पूर्व बंद किए गए टेलिफोन कनेक्शन के बकाया विपत्रों के भुगतान के लिए भेजी जा रही नोटिसों से उपभोक्ताओं के बीच बढ़ती समस्या को देखते हुए बुधवार को चैंबर भवन में बीएसएनएल के जीएम उमेश प्रसाद के साथ बैठक की गई और नोटिसों को शिथिल करने की मांग की गई। चैंबर द्वारा कहा गया कि वर्षों पूर्व किए गए भुगतान की रसीद या अन्य प्रति संभालकर सुरक्षित रखना किसी भी उपभोक्ता के लिए संभव नहीं है। बैठक के दौरान ऐसी भी नोटिसें दिखाई गईं, जिनके नाम से कभी टेलिफोन नंबर लिया ही नहीं गया है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री के आग्रह पर यह सहमति बनाई गई कि 14 मार्च को बीएसएनएल द्वारा चैंबर भवन में एक कैंप का आयोजन कर, ऐसे सभी मामलों का निपटारा किया जाएगा। कैंप में ही उपभोक्ताओं को रिवाइव बिल को इश्यू कर, यहीं पर भुगतान करने की भी सुविधा दी जाएगी। ऐसे उपभोक्ता जिन्हें रिफंड लेना हो अथवा बंद पड़े टेलिफोन को चालू कराना हो, वे भी भुगतान रसीद की प्रति के साथ जीएम के नाम से आवेदन कर सकते हैं। कैंप में उपभोक्ता अपने बीएसएनएल के सिम को फोर जी में भी अपग्रेड करा सकते हैं। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और टेलिकम्युनिकेशन उप समिति चेयरमेन अनिस सिंह ने संयुक्त रूप से सभी उपभोक्ताओं से बिल संबंधित समस्या की जानकारी 13 मार्च तक चैंबर को प्रेषित करने की अपील की। यह भी कहा कि सभी शिकायतों को चैंबर भवन में लगने वाले कैंप में एक साथ निपटारे का प्रयास किया जाएगा। बैठक में चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रंजीत टिबड़ेवाल, पवन शर्मा, सदस्य आनंद जालान, किशन अग्रवाल और बीएसएनएल के अधिकारी उपस्थित थे।

### बेरोजगारी भत्ता का वादा भूल चुकी ठगबंधन सरकार : रमाकांत महतो

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने बुधवार को चंपाई सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में राज्य के झामुमो, कांग्रेस और राजद के ठगबंधन ने झारखंड के युवाओं के लिए प्रतिवर्ष 5 लाख नौकरी, नहीं तो बेरोजगारी भत्ता और नहीं तो इस्तीफा का वादा किया था। लेकिन, पूर्ववर्ती हेमंत सरकार ने न तो युवाओं को नौकरी दी, और न ही बेरोजगारी भत्ता दिया। रमाकांत महतो ने कहा कि भले हेमंत सोरेन का इस्तीफा भ्रष्टाचार के कारण हुआ, लेकिन कहीं न कहीं उसमें युवाओं की आह भी शामिल है। कहा कि चंपाई सरकार भी युवाओं को रोज ठग रही है। आज तक जेएससीसी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच का आदेश राज्य सरकार ने नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि चंपाई सरकार की नजरों में भी युवाओं का कोई कद्र नहीं। यह सरकार सर्वजन पेंशन योजना का ढिंढोरा पीट रही है, जबकि पेंशन की योजनाएं बहुत पहले से लागू है।

# यूजीसी के निर्देश पर सेंट जेवियर्स कॉलेज में मॉक पोल का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के आलोक में तथा यूजीसी के निर्देश पर सेंट जेवियर्स कॉलेज (ऑटोनॉमस), रांची के इलेक्ट्रोरल लिट्रेसी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कार्यालय रांची के सहयोग से महाविद्यालय प्रांगण में बुधवार को मतदाता जागरूकता को ईवीएम एवं वीवीपीएटी प्रदर्शन एवं मॉक पोल का आयोजन किया गया। साथ ही, चुनाव आयोग द्वारा चुनावी प्रक्रिया संबंधी जागरूकता के लिए निर्मित चलचित्र के माध्यम से युवाओं में मतदान के प्रति जागरूक किया गया। आयोजन के दौरान जिला प्रशासन से अभिषेक कुजूर, अनोज खलको एवं रामजी यादव द्वारा ईवीएम एवं वीवीपीएटी का प्रदर्शन किया गया तथा मतदान के प्रति युवाओ को जागरूक किया गया। इस आयोजन के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को मतदाता परिक्रिया से जोड़ने के उदेश्य से ईवीएम एवं वीवीपीएटी के माध्यम से वोट कैसे करना है, यह सिखाया गया। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ मतदान की प्रक्रियाओं और ईवीएम के प्रयोग को सीखा। इस आयोजन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में मतदान के प्रति जागरूकता, मतदान में आने वाले परेशानियों एवं उनके मतदान का महत्व समझने के लिए संदेश देना था। 6 मार्च 2024 तक 204 लोगों को वोटर के रूप में पंजीकृत किया जा चुका है। आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ फादर नबोर लकड़ा, उपप्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, उपप्राचार्य डॉ फादर अरुण मिंज, कॉलेज के रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ अनिरबान गुप्ता, इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब के प्रेसिडेंट प्रो बीके सिन्हा एवं नोडल अफसर डॉ आशुतोष पांडेय, प्रो विकास रंजन, प्रो उत्कर्ष उन्नयन का प्रमुख योगदान रहा। कॉलेज के कैंपस एंबेसडर अजय कुमार एवं प्रकृति कृष्णन लकड़ा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सूरज मंडल एवं अन्य के सम्मिलित प्रयास से इस कार्य को संचालित किया जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### खलारी के छह पंचायतों में जलापूर्ति के लिए राय व लपरा में बन रहा फिल्टर प्लांट



**खलारी।** खलारी प्रखंड के लपरा व चूरी-राय में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा दो अलग-अलग फिल्टर प्लांट का निर्माण चल रहा है। लपरा में 1.7 मिलियन लीटर प्रति दिन क्षमता का तथा चूरी-राय में 1.6 मिलियन लीटर प्रति दिन क्षमता का फिल्टर प्लांट बनाया जा रहा है। इन दोनो प्लांट से जलापूर्ति शुरू होने के साथ खलारी प्रखंड के नौ पंचायत की आबादी को फिल्टर पानी मिलने लगेगा। पूर्व से बुकबुका में 5.5 मिलियन लीटर प्रति दिन क्षमता का प्लांट लगा है। इससे पांच पंचायत खलारी, बुकबुका, हुटाप, चूरी दक्षिणी व चूरी मध्य के कुछ भाग को जलापूर्ति की जाती है। वहीं लपरा में निर्माणाधीन 1.7 एमएलडी प्लांट से लपरा व मायापुर पंचायत की आबादी को तथा चूरी-राय में निर्माणाधीन 1.6 एमएलडी प्लांट से चूरी मध्य, चूरी पूर्वी, चूरी दक्षिणी तथा राय पंचायत की आबादी को जलापूर्ति हो सकेगा। चूरी-राय प्लांट से जलापूर्ति के लिए दो जगहों विश्वकर्मा मोड़ तथा राय में बड़ा जलमीनार बनाया जा रहा है। इस प्लांट को भी सपही नदी में इंटेक वेल बनाकर पानी आपूर्ति कराया जाएगा। पूर्व से बुकबुका के प्लांट को भी सपही नदी से ही पानी आपूर्ति किया जाता है। देखना यह होगा कि अप्रैल-मई महीने से ही पतली धारा में सिमटने वाली सपही नदी दोनो फिल्टर प्लांट को पानी का आपूर्ति कर सकेगी या नहीं।

### प्रस्तावित कोयला खदान के लिए रोक दिया गया है तुमांग में फिल्टर प्लांट का निर्माण

**खलारी।** प्रस्तावित रोहिणी-करकट्टा ओपन कास्ट माइन के कारण तुमांग के धमधमिया में निर्माणाधीन फिल्टर प्लांट पर रोक लगा दिया गया है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा प्रखंड के तुमांग व विश्रामपुर पंचायत की आबादी को जलापूर्ति के लिए धमधमिया में 1 एमएलडी क्षमता का फिल्टर प्लांट सह जलमीनार का निर्माण शुरू किया गया था। परंतु रोहिणी-करकट्टा ओसीपी को देखते हुए सीसीएल प्रबंधन ने इसे रोकने का पत्र खलारी बीडीओ को दिया। इसके बाद इसका निर्माण रोक दिया गया। सीसीएल द्वारा बताया गया कि एक तो जहां प्लांट का निर्माण शुरू किया गया है वह रोहिणी-करकट्टा ओसीपी का क्षेत्र होगा वहीं वहां आबादी भी नहीं रहेगी।

### अमेरिकन पब्लिक स्कूल में रिजल्ट डे का आयोजन

**मांडर।** अमेरिकन पब्लिक स्कूल कंदरी मांडर मे बुधवार को रिजल्ट डे का आयोजन किया गया। रिजल्ट डे के अवसर पर विद्यालय में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अवार्ड मेडल और उपहार देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। विद्यालय के निदेशक मो नौशाद आलम, प्रधानाध्यापक जावेद अहमद ने अवार्ड से सम्मानित किया। स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2024 का अवार्ड असफिया आफरीन क्लास नाइंथ को दिया गया। विद्यालय में अनुशासन का पालन करने वाले विद्यार्थियों को भी अवार्ड दिया गया जिसमें रोशनी उरांव , नाज , हिमांशु कुमार , लक्ष्मी उरांव , विकास उरांव शामिल है। साथ ही बेस्ट टीचर का अवार्ड देकर शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। प्री नर्सरी से नाइंथ तक में बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड इमरान अंसारी को दिया गया। मौके पर उपस्थित अभिभावकों को भी मार्गदर्शन भी दिया गया।

### तेरह दिवसीय सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉलेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय सी सी टी वी कैमरा इंस्टॉलेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया , मुख्य अतिथि श्री सुब्रतो नायक शाखा प्रबंधक केनरा बैंक सिल्ली के द्वारा किया। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थी को प्रमाण पत्र देते हुए, कहा की आने वाले समय में हर घर में सीसीटीवी कैमरा का उपयोग होगा इस क्षेत्र में बेहतर अवसर है । आत्म विश्वाश के साथ कार्य करने और आगे बढ़ने की प्रेरणा दिए। रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार स्वयं का रोजगार कर दूसरो को भी रोजगार देने का मार्गदर्शन और बैंक से लोन लेकर भी अपने रोजगार को आगे बढ़ाने की बात कही । वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया । मौके पर सुनील मुंडा उपस्थित रहे।

### पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया



**मुरी।** बुधवार को मुरी ओपी पुलिस के द्वारा झारखंड बंगाल की सीमा पर चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें छोटी से बड़ी सभी गाड़ियों को जांच किया गया। गाड़ी में रखे सामानों का भी जांच किया गया ।बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वालों को हेलमेट पहनने के लिए निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि गत दिन बड़ा मुरी स्थित यूनियन बैंक के सामने किसी ने एक व्यक्ति द्वारा बैंक से निकाले गए पांच लाख रुपये चकमा देकर ले उड़ा था इसीलिए पुलिस चारों तरफ सतर्कता के साथ अपने काम को कर रही है।

### शहीद दिलीप बेदिया एकेडमी में प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**मुरी।** शहीद दिलीप बेदिया जी का शहादत दिवस के अवसर पर झारखंड के सभी वर्ग के छात्र/ छात्राओं के लिए 31 मार्च दिन रविवार को समय 6 बजे सुबह से गेडेवीर में विभिन्न तरह का आयोजन किया गया है। जैसे मैराथन दौड़, लिखित प्रतियोगिता परीक्षा , पेंटिंग प्रतियोगिता परीक्षा, लेख प्रतियोगिता परीक्षा का अयोजन किया गया है ।(1) भारतीय सेना के तर्ज पर लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का अयोजन '(2) 5.ङट किलोमीटर का मैराथन दौड़ पुरुष के लिए एवम 3.ङट का मैराथन दौड़ महिला के लिए। उम्र 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए। ( सदस्यता शुल्क 100/रुपया )(3) 12 से 17 वर्ष के छात्र/छात्राओं के लिए।,100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 800 का दौड़ एवम लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का अयोजन किया गया है।( सदस्यता शुल्क 20/- रुपया )(4) नवोदय विद्यालय के तर्ज पर लिखित प्रतियोगिता परीक्षा ( सदस्यता शुल्क 20/रुपया )(5) भारतीय सेना के तर्ज पर पेंटिंग एवम लेख प्रतियोगिता परीक्षा। ( सदस्यता शुल्क 20/रुपया ) 04 अप्रैल को शहीद दिलीप बेदिया जी का श्रद्धांजलि एवम मलयार्पण के बाद सभी विजेताओं को सम्मानित एवम पुरस्कार दिया जाएगा।

सेंसेक्स 74,085.99 ▲ +408.86
डॉलर 82.806 ▼ -0.092

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 28.0 | 16.0 | 19.0 |
| धनबाद | 31.0 | 15.0 | 21.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 18.0 | 25.0 |
| पलामू | 31.0 | 15.0 | 20.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत 2080 | रांची, गुरुवार, 07 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-37, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय — कल्पना सोरेन के समक्ष राजनीतिक ... 06 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | स्पेनिश महिला के गैंगरेप पर भड़कीं एक्ट्रेस ...10 — देश-विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 61,050

चांदी (1 किलो) 78,200

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## एक नजर

### सीआईडी ने तीन साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



**रांची।** सीआईडी ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में प्रिंस राज, सुमित कुमार और उमेश कुमार रजक शामिल है। इनके पास से नौ मोबाईल, एक राउटर, एक टैबलेट, नौ सिम, दस डेविट कार्ड, तीन क्रेडिट कार्ड, एक बेसिक पेमेंट कार्ड और मामले से संबंधित डाटा बरामद किया गया है। सीआईडी साइबर थाना डीएसपी नेहा बाला ने बुधवार को बताया कि साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए झारखंड पुलिस की ओर से प्रतिबिंब पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल की मदद से साइबर अपराध से जुडे नंबरों को रियल टाइम मानिटरिंग किया जाता है। इसकी शिकायत गृह मंत्रालय भारत सरकार के नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर आम जनता की ओर से साइबर ठगी के खिलाफ की जाती है।

### डीएसपी साजिद जफर ने पोस्टिंग पर उठाया सवाल



**रांची।** राज्य सरकार ने 151 डीएसपी रैंक के अधिकारियों का तबादला किया। इस लिस्ट में डीएसपी खोरी महुआ के पद पर पदस्थापित डीएसपी साजिद जफर को एसआईएसएफ डीएसपी बोकारो के पद पर पदस्थापित किया गया। इसके बाद उन्होंने बुधवार को फेसबुक पोस्ट में लिखा कि स्थानांतरण के अन्यायपूर्ण निर्णय को देखकर मैंने नौकरी से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। जिंदगी नौकरी से बड़ी है। न्याय अवश्य मिलना चाहिए। जय हिन्द।

### एससी-एसटी व महिलाओं को 50 साल की उम्र से पेंशन देने की योजना लॉन्च

# 'आंगनबाड़ी सेविकाओं को 9,500 रु मिलेगा मानदेय'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं को 9500 रुपये और सहायिकाओं को 4750 रुपये हर महीने मानदेय मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बुधवार को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव रांची में आयोजित सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत 50 से 60 वर्ष के लाभुकों के बीच पहली किस्त की राशि के हस्तांतरण और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह में राज्य के बहन-बेटियों को कई सौगातें दीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 50 से 60 वर्ष के 01 लाख 58 हजार 218 आदिवासी, दलित और महिला लाभुकों के बैंक खाते में 31.6 करोड़ की रकम बतौर पेंशन की पहली किस्त डीबीटी के माध्यम से भेजा। पहले पेंशन के लिए न्यूनतम उम्र सीमा 60 साल थी। बीते नवंबर महीने में सरकार ने महिलाओं और अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए न्यूनतम उम्र सीमा 50 साल कर दी। अब पूरे राज्य में करीब 27 लाख लोगों को पेंशन का लाभ मिल रहा है।

इस अवसर पर मंत्री बेबी देवी, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक समाज कल्याण शशि प्रकाश झा समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

### सहायिकाओं को भी मिलेगा 4,750 रुपये का मानदेय




### विधवा पुनर्विवाह योजना भी लॉन्च किया

मुख्यमंत्री ने बुधवार को विधवा पुनर्विवाह योजना भी लॉन्च किया। इसके तहत पात्र महिलाओं को सरकार की तरफ से दो लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। सरकारी नौकरी, पेंशनधारी और आयकरदाता की श्रेणी में आने वाली विधवा महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में पहली बार, हमारी सरकार वैसी विधवा महिलाओं को पुनर्विवाह के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिनकी जिंदगी शायद कहीं थम सी गई है। देश में एकल महिलाओं एवं बिना तलाक की निराश्रित परित्यक्ता महिलाओं को आर्थिक संबल देने के लिए पेंशन देने की शुरूआत भी हमारी सरकार ने की थी। इन योजनाओं की लॉन्चिंग के लिए आयोजित कार्यक्रम में मंत्री बेबी देवी भी उपस्थित रहीं।

### आज सीएम चंपाई स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों वकनीय अभियंताओं को देंगे नियुक्ति पत्र

सीएम गुरुवार को धुर्वा शहीद मैदान में प्रस्तावित कार्यक्रम में अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे। स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के तहत चार विषयों में चयनित अभ्यर्थियों और डिप्लोमा स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा से अबतक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे। चार विषयों भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान और भूगोल विषय में चयनित लगभग 1,250 अभ्यर्थी शामिल हैं। साथ ही डिप्लोमा स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा के तहत कनीय अभियंता, पाइप लाइन इंस्पेक्टर, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर तथा खान निरीक्षक के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

### कैबिनेट बैठक में 41 प्रस्तावों पर मुहर

# 44 आवासीय विद्यालयों का संचालन अब एनजीओ करेंगे

### झारखंड हाईकोर्ट के लिए गैर संवर्ग कैडर में 25 पद सृजित

### कृषि उपकरणों की खरीद में अब 80 प्रतिशत तक अनुदान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में 44 आवासीय विद्यालयों का संचालन गैर सरकारी संगठन करेंगे। वहीं प्रोन्नति के लिए राज्य स्तर के एक से 50 पदों के लिए आरक्षण का नया रोस्टर तय किया गया है। वहीं शिशु की देखभाल के लिए अब महिला कर्मचारियों को 730 दिन का अवकाश मिलेगा और कृषि विभाग के तहत मशीन उपकरण में अनुदान को 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत किया गया। उक्त निर्णय बुधवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व में हुई कैबिनेट की हुई बैठक में लिया गया। कैबिनेट में कुल 41 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। इसकी जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी। बताया कि प्राथमिक राशि 4120 करोड़ में वर्तमान अनुसूचित दर के पांच हजार 53 करोड़ देने को मंजूरी दी गयी। मंत्रिमंडल सचिवालय ग्रामीण विभाग के प्रस्ताव पर झारखंड राज्य अभिलेखागार संपर्क के समूह-ग की भर्ती प्रोन्नति नियमावली स्वीकृत हुई। झारखंड हाईकोर्ट की स्थापना के लिए गैर संवर्ग कैडर में 25 पद सृजित किये गये। कृषि विभाग के तहत मशीन उपकरण में अनुदान को 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत किया गया। इसका लाभ महिला समूह, कृषकों को मिलेगा। अखिल भारतीय सेवा के पदाधिकारी को चिकित्सा प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया में सरलीकरण किया गया है। अलग-अलग लेवल के अधिकारियों के लिए स्वीकृत प्राधिकृत प्रधिकारी नियुक्त किया गया है। जिले में डीसी और सचिवालय में सचिव होंगे। इसका लाभ रिटायर अधिकारियों को भी मिलेगा।

**महिला कर्मचारियों को 730 दिन का चाइल्ड केयर लीव :** जिनके बच्चे 18 साल से नीचे हैं उन महिलाओं को चाइल्ड केयर लीव के तहत 730 दिनों तक का अवकाश मिल सकेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट प्राक्कलन पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति हुई। झारखंड कारखाना नियमावली 1950 में संशोधन हुआ। अनुज्ञा प्रमाण पत्र न्यूनतम एक साल और अधिकतम 15 वर्ष तक अब जारी होगा। खान निरीक्षक के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया में वादीगण को एक बार की व्यवस्था में आयु सीमा में छूट दी गई है। सात वादीगण है जिन्होंने हाई कोर्ट में केस किया था।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

झारखंड प्रशासनिक सेवा के सीओ कुंदा प्रमोद राम की अपील खारिज की गयी, झारखंड के कलाकारों के लिए विदेश में प्रस्तुति देने के लिए एमओयू किया जायेगा, झारखंड फूड एंड प्रोसेसिंग पॉलिसी 2024 की स्वीकृति दी गई, डीआरडीए जिला ग्रामीण विकास अभिकरण का जिला परिषद में विलय किया जायेगा तथा इसे ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा संचालित सभी योजनाओं के लिए सभी जिलों में शाखा का गठन किया जायेगा। 380 कर्मियों का जिला परिषद में विलय होगा, आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन वर्ष से अधिक के बच्चों को अंडा देने के लिए खरीद के लिए 6 प्रति अंडा की दर तय की गयी और इसे सेविका खरीदेंगी, सचिवालय एवं संलग्न कार्यालय में ई-ऑफिस के लिए नियम में संशोधन किया गया, राजकीय स्वास्थ्य केंद्र और अस्पताल में पीपीपी मोड पर 10 बेड आईसीयू बेड और टेली आईसीयू के लिए कर्नाटक की एजेंसी के साथ में करार होगा, रिम्स, फूलों झानो अस्पताल दुमका, धनबाद और 21 अनुमंडल अस्पतालों को टेली आईसीयू होगा, स्कूली शिक्षा में साक्षरता विभाग के अंतर्गत जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा के सभी स्कूल में प्रेरक होंगे, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अंतर्गत झारखंड लोकसभा आयोग के द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के पद »शेष पृष्ठ 09 पर

# सेवा देने में हुई चुक तो प्रतिदिन हर्जाना देंगी बिजली कंपनियां



### रेगुलेटरी कमीशन ने सभी बिजली वितरण कंपनियों को दिया निर्देश

### उपभोक्ताओं को प्रतिदिन के हिसाब से 25 रुपए का हजार्ना देना होगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में बिजली वितरण कंपनियां अगर सेवाएं देने में कोताही या लापरवाही करती हैं तो उन्हें उपभोक्ताओं को प्रतिदिन के हिसाब से हजार्ना देना होगा। अगर कंपनियां आवेदन के 30 दिनों के भीतर बिजली का कनेक्शन नहीं देती हैं या हर महीने बिल नहीं देती हैं तो भी उन पर हजार्ना लगाया जाएगा। झारखंड स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन ने इसे लेकर राज्य की सभी बिजली वितरण कंपनियों को निर्देश जारी किया है। निर्देशों में कहा गया है कि कंपनियां यह सुनिश्चित करें कि शहरी क्षेत्र में अगर किसी ट्रांसफॉर्मर का फ्यूज उड़ जाए तो उसे अधिकतम चार घंटे में ठीक किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी गड़बड़ी को ठीक करने के लिए अधिकतम 24 घंटे का वक्त दिया गया है। शहरी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर जलने पर उसे 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 48 घंटे में बदलना होगा। ऐसा न होने पर कंपनियों को उस ट्रांसफॉर्मर से जुड़े सभी उपभोक्ताओं को प्रतिदिन के हिसाब से 25 रुपए का हजार्ना देना होगा। बता दें कि राज्य में बिजली का वितरण करने वाली पांच लाइसेंसी कंपनियां हैं। इनमें झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम, टाटा पावर, सेल बोकारो, जुस्को और डीवीसी शामिल हैं।

### चेक बाउंस मामला

# अभिनेत्री अमीषा पटेल पैसे वापस करने को राजी

**रांची।** चेक बाउंस मामले में बुधवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल बुधवार को चेक बाउंस से जुड़े केस में बकाया राशि देने के लिए तैयार हो गईं। उन्होंने आपसी समझौते के आधार पर पांच किस्तों में दो करोड़ पचहत्तर लाख रुपये शिकायतकर्ता अजय सिंह को देने की पेशकश की है। यह जानकारी अभिनेत्री अमीषा के अधिवक्ता जय प्रकाश ने अदालत को दी। इसके बाद कोर्ट ने गुरुवार को अभिनेत्री अमीषा पटेल को कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। अभिनेत्री के अधिवक्ता ने अदालत से 13 मार्च को अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित करने की मांग की लेकिन शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के अधिवक्ता विजयालक्ष्मी श्रीवास्तव ने बार-बार समय मांगे जाने का विरोध किया। इसके बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि सात मार्च को निर्धारित की है।

**दो करोड़ 75 लाख पांच किस्तों में करेंगी वापस**



# कर्पूरी, वीपी, लोहिया व आंबेडकर ने भी परिवारवाद को बढ़ावा नहीं दिया : पीएम

### जंगलराज में युवाओं का पलायन बढ़ा और सिर्फ एक ही परिवार समृद्ध हुआ

### परिवारवादी सोच ने लाखों नौजवानों से उनका भाग्य और भविष्य छीन लिया

**एजेंसी। बेतिया**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के बेतिया में विपक्षी गठबंधन के परिवारवाद पर जमकर हमला करते हुए कहा कि भ्रष्टाचारियों से भरे इंडी गठबंधन का सबसे बड़ा मुद्दा मोदी का परिवार नहीं होना है। उन्होंने कहा कि आज भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर होते तो परिवारवाद के कट्टर समर्थक उनसे भी यही सवाल पूछते, जो मुझसे पूछ रहे हैं। वीपी सिंह, राममनोहर लोहिया, बीआर आंबेडकर से भी यही पूछते। इन्होंने भी परिवारवाद को बढ़ावा नहीं दिया।

इंडी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक तरफ नया भारत बन रहा है, वहीं दूसरी तरफ राजद, कांग्रेस और इनका इंडी गठबंधन अभी भी 20वीं सदी की दुनिया में जी रहा है। हम हर घर को सूर्यघर बनाना चाहते हैं। इंडी गठबंधन अभी भी लालटेन की लौ के ही भरोसे है। उन्होंने कहा कि जब तक बिहार में लालटेन का राज रहा, तब तक सिर्फ एक ही परिवार की गरीबी मिटी, एक ही परिवार समृद्ध हुआ। आज जब मोदी ये सच्चाई बताता है, तो ये मोदी को गाली देते हैं। कहते हैं कि इनके परिवारों को लूटने का लाइसेंस मिलना चाहिए। इंडी गठबंधन के लोग जिस तरह राम और राम मंदिर के खिलाफ बातें बोल रहे हैं वो बिहार के लोग देख रहे हैं। यही परिवारवादी हैं, जिन्होंने दशकों तक रामलला को टेंट में रखा और राम मंदिर न बने, इसकी जी तोड़ कोशिश की। लालू प्रसाद पर परोक्ष हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग बिहार में जंगल राज लाए, उन्होंने सिर्फ अपने परिवार की चिंता की। आजादी के बाद के दशकों में बिहार की एक बहुत बड़ी चुनौती रही है, यहां से युवाओं का पलायन। जब बिहार में जंगलराज आया तो ये पलायन और ज्यादा बढ़ गया। बिहार के नौजवान दूसरे राज्यों के दूसरे शहरों में रोजी रोटी के लिए जाते रहे और यहां एक ही परिवार फलता फूलता रहा। किस तरह एक-एक नौकरी के बदले जमीनों पर कब्जा किया गया, यह आप सभी ने देखा।

इस परिवारवादी सोच ने बिहार के लाखों नौजवानों से उनका भाग्य और भविष्य छीन लिया।



### देश के पहले अंडरवाटर मेट्रो का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** देश में मेट्रो सेवा के विस्तार की दृष्टि से बुधवार काफी महत्वपूर्ण दिन रहा। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता में हुगली नदी के नीचे और एस्प्लेनेड के बीच बने देश के पहले अंडरवाटर मेट्रो का उद्घाटन किया। उसके साथ ही उन्होंने ऑनलाइन कोच्ची व आगरा मेट्रो का भी उद्घाटन किया। *(विस्तृत खबर पेज 10 पर)*

# सेहरा बंधने से पहले एक साथ उठी दो भाइयों की अर्थी

**दुमका।** जामा थाना क्षेत्र के ताराजोरा गांव के दो चचेरा भाई की मौत से पूरा गांव मातम में डूब गया है। सड़क दुर्घटना में मंगलवार की देर रात दोनों की मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार नवल किशोर खिरहर का पुत्र उदयकांत खिरहर (30) एवं अजयकान्त खिरहर का पुत्र पिंटु कुमार (25) दोनों चचेरा भाई की मौत जामताड़ा जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के अंगूठीया मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में हो गई है। दोनों युवक की शादी इसी माह 11 एवं 12 मई को थी। दोनों कार्ड वितरण करने नई बाइक से अपने रिश्तेदार के घर फतेहपुर गये थे। वहां से लौटने के क्रम में दुर्घटना के शिकार हो गये। इस दुर्घटना में पिंटु कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। जबकि उदयकांत खिरहर की मौत धनबाद ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गयी। मृतक उदयकांत खिरहर की शादी 11 मार्च को जरमुंडी प्रखंड के तालझारी थाना के तीनघरा गांव में तय हुआ था। वहीं पिंटु कुमार की शादी 12 मार्च को जामा थाना के हल्दीपट्टी गांव में तय हुआ था। दोनों भाई अपने पिता के एकलौता पुत्र थे। मृतक उदयकांत का पोस्टमार्टम धनबाद में जबकि पिंटू का पोस्टमार्टम जामताड़ा में हुआ। युवक का शव गांव पहुंचते ही चीख पुकार मच गयी।

## इंडिया

# मेट्रो से विकास के कीर्तिमान रचते राज्य और पिछड़ता झारखंड



सुनील बादल

***कभी*** एक समय था जब राजधानी दिल्ली सहित सभी महानगरों की सिटी बसों में पसीना बहते बेहाल लोग हसरत भरी नजरों से कारों और टैक्सियों को देखते थे जो बहुत सुविधाजनक मानी जाती थीं। कुछ दशकों में मेट्रो रेल ने न सिर्फ महानगरों, बल्कि मझोले और राज्य की राजधानियों में सुखद और सस्ती तेज यात्रा के वे कीर्तिमान रचे हैं कि नोएडा और गुरुग्राम जैसे कई उपेक्षित और दूर बसे उपनगर भी आज विश्वस्तरीय विकास के उदाहरण बन गए हैं। इसमें एक इतिहास भी जुड़ गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 मार्च को कोलकाता में देश के पहले अंडर-रिवर मेट्रो सुरंग का उद्घाटन किया। यह मेट्रो सुरंग कोलकाता की हुगली नदी के नीचे बनाई गई है। जो हावड़ा मैदान को एस्प्लेनेड से जोड़ती है। हावड़ा में भारत का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन होगा, जो जमीनी स्तर से 30 मीटर नीचे है। पड़ोसी यूपी की बात करें तो वर्तमान में राजधानी लखनऊ के अलावा गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, कानपुर में मेट्रो का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है। आगरा मेट्रो व मेरठ मेट्रो का भी निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही वाराणसी मेट्रो, प्रयागराज मेट्रो, गोरखपुर मेट्रो और बरेली मेट्रो पर भी विचार चल रहा है। लखनऊ मेट्रो के 12 नए स्टेशनों के प्रस्ताव को मिली योगी सरकार की मंजूरी मिल चुकी है। यूपी में चलने वाली नोएडा मेट्रो की गिनती भी सबसे बड़े मेट्रो संचालन नेटवर्क में की जाती है। बिहार में मेट्रो की तैयारी जोरों पर है जो विकास का नया इतिहास रचेगा। मध्यप्रदेश के भोपाल मेट्रो से जुड़े कई विकास कार्यों की शुरूआत हो चुकी है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी मेट्रो चलाने की तैयारी चल रही है। अब बात अगर झारखंड की करें तो अभी अपने अस्तित्व में आने के 132 साल भी पलामू रांची वाराणसी फोरलेन की पिछले छह सालों से प्रतीक्षा कर रहा है ऐसे में मेट्रो दूर की कौड़ी है पर असंभव नहीं। यहां के बड़े नेता भी इसपर सवाल नहीं उठाते जबकि एक पूर्व मुख्यमंत्री लटककर चलने वाली मोनो रेल चलाने पर अड़े थे जिससे पब्लिक के पैसे और समय की बबार्दी हुई। अभी भी मेट्रो रेल से चरणबद्ध रूप से लौह नगरी जमशेदपुर और बोकारो के अलावा हजारीबाग खूंटी गुमला लोहरदगा के साथ चरणबद्ध तरीके से डाल्टनगंज को जिस दिन जोड़ दिया जाएगा उस दिन राजधानी को बैंगलुरु बनने से कोई रोक नहीं पाएगा और इन महत्वपूर्ण पर पिछड़े शहरों की किस्मत चमक जाएगी क्योंकि कुछ घंटों में राजधानी पहुँचने वाले लोग रांची के बजाय अपने शहर को विकसित कर वहीं रहना पसंद करेंगे पर सवाल है करेगा कौन? राजनेता बहुत ही छोटे मुद्दों से ऊपर सोच नहीं पा रहे या उन्हें सोचने नहीं दिया जा रहा है। मेट्रो के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि यह जमीन के अंदर और बाहर दोनों चलती है जिससे दूरी कम हो जाती है और झारखंड के लिए यह लाइफलाइन साबित हो सकता है क्योंकि इससे बहुराष्ट्रीय कंपनियां तक निवेश करने को तैयार हो जाएंगी जिससे बेरोजगारी और पलायन रुक सकता है। अभी यहाँ की लचर ट्रैफिक व्यवस्था और बदहाल सड़क नेटवर्क देखकर निवेशक पूंजी निवेश करने से कतराते हैं। अनेक नेता पैसों की कमी का रोना रोते हैं जबकि झारखंड खनिजों की खान पर बसा है और सबसे अधिक राजस्व देने वाले राज्यों में से एक हैं। मेट्रो से राजधानी के आसपास के शहरों का विकास नोएडा और गुरुग्राम की तरह होगा जिससे सभी को लाभ होगा।



# झामुमो का दबाव दिखा रहा रंग सरफराज अहमद का नाम आगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो का अंततः दबाव रंग लाता दिख रहा है। 21 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन की ओर से प्रत्याशी का नाम लगभग तय हो चुका है, गांडेय के पूर्व विधायक सरफराज अहमद का नाम संभावित प्रत्याशियों में सबसे आगे चल रहा है। सूत्र तो कहा रहे हैं कि महागठबंधन की ओर से झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व विधायक सरफराज अहमद प्रत्याशी होंगे लेकिन अभी इसकी औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। यहां बता दें कि झारखंड में 2 राज्यसभा सीट के लिए 21 मार्च को चुनाव होने हैं। झारखंड में दो सीट कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू और भाजपा के समीर उरांव का टर्म पूरा होने के बाद खाली हो रहा है। बताते चलें कि सरफराज अहमद ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र से विधायक पद से इस्तीफा दिया था। इसके बाद से ही यह चर्चा तेज हो गई थी कि सरफराज अहमद को पार्टी राज्यसभा भेजेगी। सरफराज अहमद की जीत में किसी तरह की कोई परेशानी महागठबंधन को नहीं होगी। अगर भाजपा ने भी एक प्रत्याशी दिया तो दोनों खेमे से एक-एक प्रत्याशी का निर्विरोध चुना जाना तय है, अगर तीसरा कोई प्रत्याशी मैदान में आता है तो वोटिंग होगी।




एनएचआइ और ठेकेदार की लापरवाही से खतरा

रांची डाल्टनगंज मुख्य मार्ग में पिछले लगभग पांच साल से निर्माणाधीन एनएच 75 में भू अर्जन की समस्याओं से लटका पुल निर्माण डेढ़ साल से रुका हुआ है और लगभग 100 फीट का लंबा चौड़ा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है जिसके सामने रांची की ओर से जाने पर कोई

कृष्णा सिंह

डायवर्सन सिग्नल तक नहीं है जो अब तक दो लोगों की बलि मोटरसाइकिल दुर्घटना में ले चुका है और तीन लोग घायल हो चुके हैं। अभी सीएम चंपाई सोरेन इसी रास्ते से गुजरे तो डर के मारे थोड़ी सी मरम्मत डाइवर्सन की करा दी गई है अन्यथा इधर से गुजरना बहुत कष्टकारी था। ठेकेदार काम रोक कर गायब है जिससे खतरा बना हुआ है। एनएचआइ और ठेकेदारए पुल जल्दी से न बनवा पाए तो कम से कम डाइवर्सन का सिग्नल ही लगवा दे अन्यथा कितने निर्दोष लोग मारे जाएंगे। तीन गंभीर सहित दर्जनों लोग इसमें घायल हो चुके हैं पर एनएचआइ और ठेकेदार की लापरवाही से खतरा ज्यों का त्यों बना हुआ है। दिलचस्प है कि बड़े प्रशासनिक अधिकारियों सहित बड़े नेता और मंत्री इस रास्ते से रोजाना गुजरते हैं क्योंकि औरंगाबाद, डाल्टनगंज से लेकर गुमला को जोड़ने वाला यह राजमार्ग सबसे व्यस्त राजमार्ग है। बिना सड़क पूरी तरह बनाए टोल टैक्स लेने के विरोध में कुछ राजनीतिक पार्टियों के नेता धरना तक दे चुके हैं और आपके लिकप्रिय दैनिक ने भी इसे प्रमुखता से उठाया है पर पूरी बेशर्मी से एनएचआइ आंखें मूंदे हुए है। अब इस पर हाईकोर्ट मेंं जनहित





रांची डालटनगंज राष्ट्रीय राजमार्ग 75 में मुर्गू ब्रांबे के पास पिछले एक वर्ष से निर्माणाधीन पुल को ठेकेदार ने महीनों से काम रोककर ऐसे ही छोड़ दिया है। इस में गिरकर दो मोटरसाइकिल सवारों की मौत हो चुकी है और तीन बुरी तरह घायल हो चुके हैं पर एनएचएआइ भी आंखें मूंदे हुए है। तस्वीर से साफ है कि मुख्य सड़क के आगे लगभग चालीस फीट गहरी खाई बन गई है जिसके आगे कोई चेतावनी तक नहीं है जिस कारण रात में या धुंधलके में कई गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी हैं।

# मुर्गू पुल के पास नहीं है डायवर्सन का बोर्ड, सौ फीट खाई में गिरी कार

*नवीन मेल संवाददाता रांची।* राष्ट्रीय नवीन मेल ने रांची-डाल्टनगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्राम्बे के निकट मुर्गू पुल को पिछले लगभग डेढ़ वर्षों से बिना डाइवर्सन का बोर्ड लगाये खुला छोड़ देने के मामले को प्रमुखता से उठाया था। अंदेशा भी जताया था कि कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लेकिन, प्रशासन सोया रहा। बुधवार को वही हुआ, जिसकी आशंका थी। एक कार लगभग सौ फीट गहरी खाई में गिर गई, क्योंकि कोई सपने में भी नहीं सोच सकता कि बिना सिग्नल एनएच पर सौ फीट का गड्ढा होगा, जिसे ठेकेदार ने और एनएचएआइ ने खुला छोड़ दिया है। ऐसी दुर्घटना होने पर दोनों पर एफआइआर होनी चाहिए या जनहित याचिका दायर होनी चाहिए।

## भोपाल में दिखेगा सुलेखा कुमारी का नागपुरी डोमकच नृत्य

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद 8 से 10 मार्च तक जनजातीय संग्रहालय भोपाल में महिलाओं के सृजनात्मक कार्यक्रम 'इंद्राणी' समारोह का आयोजन कर रही है। इसमें झारखंड के सोलह सदस्यीय कलाकारों का दल भाग लेगा। कार्यक्रम में आकर्षक नागपुरी 'डोमकच' नृत्य-संगीत का प्रदर्शन किया जाएगा। 'इंद्राणी' समारोह में भाग लेने के लिए सुलेखा कुमारी के नेतृत्व में कलाकारों का दल बुधवार को भोपाल के लिए रवाना हुआ। सुलेखा कुमारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अच्छे से अच्छे कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए हमलोगों ने पूरी तैयारी कर ली है। दल में शामिल मुख्य कलाकार मीणा कच्छप, किरण कुमारी, मनिता तिर्की, निधि तिर्की मनीषा सैमुर्गा, ज्योति टोप्पो, अंजली कच्छप, निकिता तिर्की, सती उरांव आदि नृत्य प्रस्तुत करेंगे तथा खेलावन लोहरा बांसुरी वादन से साथ देंगे।

## एक नजर

### समाजसेवी पवन बजाज को मातृशोक

**रांची।** शहर के सुप्रसिद्ध समाजसेवी पवन बजाज की माताजी श्रीमती गीताश्री बजाज का श्रीराम गार्डेन, कांके रोड स्थित निवास पर बुधवार को गोलोकवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार (7 मार्च) को दिन में 11:00 बजे हरमू रोड मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। स्व. गीताश्री बजाज (धर्मपत्नी स्व. राजेंद्र प्रसाद) बजाज ने धार्मिक, सामाजिक व व्यवसायिक संगठनों में सक्रिय योगदान दिया एवं विभिन्न पदों को सुशोभित किया है। उनकी अंतिम इच्छा नेत्रदान की थी। उन्होंने पूर्व में ही नेत्रदान के लिए अपना फॉर्म भर दिया था। मृत्यु के पश्चात उनके पुत्र पवन बजाज ने नेत्र दान कराया। वे धर्मपरायण व कुशल गृहणी के रूप में सदैव अपने परिवार को संस्कार से अभिसिंचित करती रहीं।

### सीयूजे में वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान

**रांची ।** झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे )अनुसूचित जाति और जनजाति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में व्यक्तिगत कर योजना एवं वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान का आयोजन बुधवार को किया गया। कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास के अनुमोदन के बाद यह कार्यक्रम प्रशासनिक भवन में किया गया। इस अवसर पर डीन, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंस डॉ. बटेश्वर सिंह ने कहा कि इस व्याख्यान का उदेश्य है कि करदाता कर प्रदान करने में साक्षर हो सके और इस सम्बन्ध में अपनी योजना को सशक्त बना सके। प्रकोष्ठ के संपर्क अधिकारी प्रो. देवव्रत सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम निश्चित रूप से समाज के पिछड़े लोगो के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मंच संचालन अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ के सहायक कुलसचिव डॉ. शिवेंद्र प्रसाद ने किया। साथ ही कार्यक्रम में सहभागिता निभाने वाले में अजीत किसपोट्टा, रविकांत कुमार, अन्थोनी तिर्की, शिकारी मुंडा, दीपक ठाकुर, विकास कुमार, विद्याधर सेठ, अजय कुमार, सुधिरा मिंज, अभ्युदय अनुराग उपस्थित थे।

## 2024 का चुनाव स्थानीयता के मुद्दे पर हो : देवेंद्रनाथ

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने बुधवार को तोपापिड़ी मैदान, अड़ाल नवाडीह में क्षेत्रीय जन समस्या को लेकर जन आशीर्वाद महासभा का आयोजन किया। इस महासभा में सिल्ली प्रखंड के आसपास के हजारों जनसाधारण पहुंचे थे। महासभा के मुख्य अतिथि संगठन के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि यह चुनावी साल है। इस बार का चुनाव क्षेत्रीय मुद्दों पर आधारित होना चाहिए। वर्तमान और पूर्ववर्ती स्थानीय विधायकों ने यहां के क्षेत्रीय समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया है। इस महा जनसभा में प्रवक्ता दमयंती मुंडा, पूजा महतो, बेबी महतो, सानिया परवीन, नवीन कुमार महतो, खुदीराम आदि क्रांतिकारी मौजूद रहे। देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि यहां के स्थानीय नीति-नियम को लेकर हमारे संगठन की लड़ाई लगातार जारी है। अब हम राजनीतिक बदलाव को लेकर चुनावी मैदान में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

# फ्लाईओवर निर्माण में तेजी लाएं, जुलाई तक निर्माण हर हाल में पूरा करें : चंपाई

### मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन कांटाटोली एवं सिरमटोली फ्लाईओवर की कार्य प्रगति का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने बुधवार को राजधानी रांची में बन रहे निमार्णाधीन कांटाटोली एवं सिरमटोली फ्लाईओवर की कार्य प्रगति का औचक निरीक्षण किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग एवं जुडको के अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निमार्णाधीन फ्लाईओवर का कार्य हर हाल में निर्धारित समय में पूरा करने के लिए निर्माण कार्य में तेजी लाएं। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर फ्लाईओवर निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का निस्तारण जल्द करने को कहा। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर की सुविधा आमजनों के लिए है। इसलिए जरूरी है कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य दिन-रात तेज गति से किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जरूरत पड़े तो मानव बल बढ़ाएं। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि फ्लाईओवर निर्माण जुलाई 2024 तक हर हाल में पूरा कर लें। आम जनता जुलाई 2024 से फ्लाईओवर का उपयोग कर सके, यह उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

### फ्लाईओवर निर्माण पूरा होने तक ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखें



मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि फ्लाईओवर निर्माण के दौरान शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे। उन्होंने कहा कि कोई भी नया निर्माण दीर्घकालिक दृष्टि के साथ होना चाहिए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। लम्बे अरसे तक राज्य की जनता इस फ्लाईओवर का उपयोग कर सके, इस निमित्त निर्माण से संबंधित सभी मापदंडों पर बेहतर और गुणवत्तापूर्ण कार्य किए जाएं। इस मौके पर पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने किया तसर लाभार्थियों के साथ संवाद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल तथा कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना विक्रम जारदोश ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रेशम समग्र योजना के अंतर्गत तसर लाभार्थियों के साथ संवाद किया। केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, नगड़ी रांची के निदेशक डॉ एनबी चौधरी एवं टीम ने ऑनलाइन इंटरेक्शन सत्र सह वीडियो कांफ्रेंसिंग का समन्वयन किया। यह कार्यक्रम लाइव इंटरेक्टिव तथा गैर-इंटरेक्टिव सत्र में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पूरे देश के लगभग 276 लाभार्थियों ने सफलतापूर्वक भाग लिया। लाइव इंटरेक्टिव सत्र का आयोजन एनआइसी, रांची में किया गया, जबकि गैर-इंटरेक्टिव सत्र केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रांची तथा इसकी अधीनस्थ इकाइयों क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केंद्र, भीमताल, दुमका, पी4 तसर प्रजनन केंद्र, चक्रधरपुर एवं कच्चा माल बैंक, चाईबासा में आयोजित किया गया। संवाद के दौरान तसर कीटपालक लाभार्थियों ने अवगत कराया कि सिल्क समग्र योजना के माध्यम से उनके तसर कीटपालन में काफी प्रगति हुई है तथा इससे उनका कोसा उत्पादन बढ़ा है। कपड़ा मंत्री ने तसर लाभार्थियों से इस उद्योग को अधिक-से-अधिक अपनाने की अपील की।

# दिव्यांग बच्चों ने किया श्री भोला मिष्ठान के चौथे आउटलेट का उद्घाटन

### मिठाइयों के साथ रेस्टोरेंट में फूड वेरायटी की बड़ी रेंज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के पिस्कामोड़ में बुधवार को श्री भोला मिष्ठान भंडार के नए आउटलेट की शुरुआत की गई। बिजूपाड़ा के अमर ज्योति संस्था के दिव्यांग बच्चों ने इसका उद्घाटन किया। मौके पर यहां बच्चों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इसके बाद बच्चों ने फीता काटकर आउटलेट का उद्घाटन किया। ये बच्चे विशिष्ट अतिथि के रूप में आए थे। बच्चों ने रेस्टोरेंट में तरह-तरह के व्यंजनों, मिठाई, आइसक्रीम का लुत्फ उठाया और खुश हुए। आउटलेट में मिठाइयों की बड़ी रेंज रखी गई है।



श्री भोला मिष्ठान भंडार के ओनर संजय और जीएम कमल तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि फैक्ट्री हेड अंशुमन को जिम्मेवारी सौंपी गई है और वे सभी आउटलेट में प्रोडक्शन से लेकर क्वालिटी तक का ध्यान रख रहे हैं। यही वजह है कि हम रांची के लोगों को क्वालिटी प्रोडक्ट दे पा रहे हैं। हमारी मिठाइयों में किसी भी तरह की मिलावट नहीं होती। शुद्ध दूध से मिठाइयां बनाई जाती हैं, चाहे खोया की मिठाई हो या फिर छेना की। काजू की 18 तरह की मिठाइयां हमारे पास अवेलेवल हैं। उन्होंने कहा, नई मिठाईयों को लेकर हम हमेशा तत्पर रहते हैं। घी वाले मोतीचूर लड्डू स्पेशल है और काजू बर्फी परफेक्ट है। जीएम कमल ने बताया कि मिठाइयों के अलावा हमारा रेस्टोरेंट भी है, जिसमें अलग-अलग वेरायटी के फूड आइटम्स उपलब्ध हैं। मॉकटेल, कांटिनेंटल, चाइनीज, साउथ इंडियन, नॉर्थ इंडियन, तंदूर की कंप्लीट रेंज है। जीएम ने बताया कि 1990 में बिजूपाड़ा में हमारा पहला आउटलेट खोला गया। एमडी संजय जी के पिता भोलाजी ने इसे खोला था, जहां पर हमारी मिठाइयों की बड़ी रेंज उपलब्ध थी।

# काफी सरल हो गया है हिंदी में काम करना : कुमार संजय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति रांची की छमाही बैठक बुधवार को रांची के होटल रैडिशन ब्लू में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य आयकर आयुक्त, रांची कुमार संजय ने की। यह बैठक इस कलेंडर वर्ष की द्वितीय एवं नराकास की 26वीं बैठक थी। समिति के 97 सदस्य कार्यालयों में से लगभग 130 सदस्य शामिल हुए। इसमें 50 ऐसे कार्यालय थे, जिसके कार्यालय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष बैठक में शामिल हुए।

बैठक का संचालन करते हुए समिति के सचिव डॉ सूर्यकांत सामल ने अध्यक्ष के साथ-साथ यहां उपस्थित सभी विभागाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण में उन्होंने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की बैठक की महत्ता बताई और सदस्य कार्यालयों से प्राप्त तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा भी की। मौके पर समिति के अध्यक्ष कुमार संजय ने कहा कि ऐसी स्थिति आज नहीं रह गई है, जहां राजभाषा हिंदी में काम करना कठिन हो। केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों में सरकारी काम में हिंदी का अधिक-से-अधिक प्रयोग करने की भारतीय संविधान के अनुसार व्यवस्था है। उन्होंने राजभाषा नीतियों, नियमों एवं आदेशों को लागू करने के लिए बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि राजभाषा हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करना व करवाना है, तो हमें इस प्रकार से योजना बनानी पड़ेगी कि लोग हमारे पास आएं और कहें कि मैं हिंदी में कार्य करना चाहता हूं और हिंदी में कार्य करना भी सरल है।

### विजया एकादशी संकीर्तन में निशान पूजन

# श्री श्याम बाबा का किया गया विशेष शृंगार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन माह की विजया एकादशी के अवसर पर बुधवार को रात्रि में 9:30 बजे से विशेष एकादशी कीर्तन का आयोजन किया। इस अवसर पर दिव्य मनोहारी आलौकिक विशेष शृंगार किया गया। कोलकाता, बेंगलुरु एवं बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से मंगाए गए फूल एवं मोटी-मोटी मालाओं से बाबा श्याम का अनुपम संध्या शृंगार किया गया। राजीव रंजन मित्तल एवं कविता मित्तल ने श्री गणेश पूजन करके खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित की। इसके बाद घी, गिरिगोला प्रसाद, फल, पंचमेवा, मगही पान का भोग लगाकर अखंड ज्योति में आहुति दी और खाटूधाम जाने वाले श्याम प्रेमियों की मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना करते हुए बाबा के दरबार में मथा टेका।



संगीतमय भजन-संकीर्तन के बीच खाटूधाम जाने वाले पवित्र निशानों का पूजन, स्थापना तथा जागृत करने का पवित्र धार्मिक अनुष्ठान भक्तिमय वातावरण में प्रारंभ हुआ। रात्रि 9:30 बजे से एकादशी का विशेष भजन संकीर्तन प्रारंभ हुआ, जो देर रात तक चलते रहा। मंडल के श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, सलज अग्रवाल सोनू, साकेत ढानढनिया, अनुज मोदी, गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तों को अपने भजनों से झुमाया। रविशंकर अग्रवाल के परिजनों द्वारा मंदिर में निर्मित बुंदिया की सवामनी एवं केसरिया पेड़े का भोग अर्पित किया गया।

## श्याम ध्वजा पदयात्रा 17 को, पोस्टर का विमोचन

**रांची।** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति रांची के तत्वावधान में आगामी 17 मार्च (रविवार) को रांची नगर में राजस्थान के खाटू श्रीश्यामजी की परंपरा अनुसार ही श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा का आयोजन होगा। इसकी तैयारियां जोर-शोर प्रारंभ किया गया है। समिति के सदस्यों ने बुधवार को श्री गणेश के मंत्रोच्चार के साथ श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर हरिशंकर परशुरामपुरिया, ललित कुमार पोद्दार, गोपाल मुरारका, अशोक लाडिया, रवि चौधरी, संजय परशुरामपुरिया, आनंद चौधरी, प्रदीप अग्रवाल, प्रमोद परसरामपुरिया, नवीन डोकानियां, राजेश ढांढनिया आदि उपस्थित थे। श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि ध्वजा पदयात्रा रांची के नेवरी (विकास विद्यालय) से शुरू होगी ।

## श्याम मंदिर में एकादशी पर्व मनाया गया

रांची। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन कृष्ण पक्ष की विजया एकादशी पर्व बुधवार को अत्यन्त श्रद्धा व भक्तिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के ताजे व खुशबूदार फूलों से श्री श्याम प्रभु का अलौकिक शृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवं हनुमान जी का भी इस अवसर पर विशेष शृंगार किया गया। फाल्गुन मास में खाटू धाम (राजस्थान) स्थित श्री श्याम मंदिर में अर्पित किए जाने वाले निशानों (ध्वजा) को आज मंडल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बगला व मंत्री धीरज बंका ने विधिवत पूजन कर स्थापित किए। मंदिर में भक्तों के दर्शनार्थ हेतु निशान आगामी 9 मार्च तक स्थापित रहेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### द्वादश ज्योर्तिलिंग मेले में हुई भगवान शिव की भव्य आरती

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय कांके पिठोरिया में चल रहे द्वादश ज्योतिर्लिंग मेले के छठे दिन भगवान शिव की महाआरती का आयोजन किया गया। सैकड़ों महिलाओं ने एक साथ भगवान शिव की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महिलाओं ने एक साथ भजन-कीर्तन कर भगवान शिव की उपासना की।इस अवसर पर भगवान शिव का अद्भुत शृंगार भी आकर्षण का केंद्र रहा। महाआरती के उपरांत प्रसाद का भी वितरण किया गया। देर रात तक द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक भी किया गया। महाआरती के उपरांत भजन संध्या का आयोजन हुआ। शिव भक्तों ने भजन संध्या में भगवान भोलेनाथ का गुणगान किया। मौके पर मुख्य रूप से बीके राजमती, आशुतोष द्विवेदी, राहुल कुमार दुबे, संपत्ति देवी, अशोक उरांव, उर्मिला देवी, लीला देवी, यशवंत कुमार अपनी सेवा दे रहे हैं।

### गेस्ट फैकल्टी की नियुक्ति में नियम कायदे का हुआ उल्लंघन : अभिषेक शुक्ला



रांची । अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने 2022 में रांची विश्वविद्यालय में हुए अतिथि शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर हुई धांधली को लेकर बुधवार को राजभवन को पत्र लिखकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के छात्र आजसू अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि अतिथि शिक्षक नियुक्ति 2022 की प्रक्रिया में भारी पैमाने पर विश्वविद्यालय द्वारा सारे नियम कायदे कानून को ताख पर रखकर अपने चहेतों को इस पद पर विश्वविद्यालय में नौकरी दी। उन्होंने कहा कि 2022 अतिथि शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में किसी भी विषय में मेरिट लिस्ट का पालन नहीं किया गया है। इसका जीता जागता उदाहरण इतिहास विषय का मेरिट लिस्ट, पॉलिटिकल साइंस विषय का मेरिट लिस्ट, केमिस्ट्री का मेरिट लिस्ट, कॉमर्स का मेरिट लिस्ट है। इतिहास विषय के मेरिट लिस्ट में 29 नंबर पर चयनित शिक्षक को अतिथि शिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया, जबकि उसके ऊपर के मेरिट रैंक मे चयनित शिक्षक पिछले एक साल से विश्वविद्यालय का चक्कर काट रहे हैं। लेकिन, उन्हें हर बार कोई ना कोई नया बहाना बनाकर इस मामले को टालने का प्रयास किया जा रहा है। ठीक इसी प्रकार पॉलिटिकल साइंस विषय में मेरिट लिस्ट में पांच नंबर पर चयनित शिक्षक को अभी तक ज्वाइनिंग नहीं मिली, परंतु 18 और 19 नंबर पर चयनित शिक्षक को नियुक्ति दे दी गई। केमिस्ट्री विषय में मेरिट लिस्ट के पहले पायदान पर चयनित शिक्षक की जगह 11वें पायदान पर चयनित शिक्षक को अतिथि शिक्षक के रूप में नियुक्त कर दिया गया। कॉमर्स विषय में मेरिट लिस्ट के अनुसार 29 नंबर के शिक्षक को नियुक्ति दे दी गई, जबकि उससे पहले मेरिट लिस्ट में मौजूद कई शिक्षक आज भी विश्वविद्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

### लायन सुबोध कश्यप बने अध्यक्ष, लायन अमित मिश्रा सचिव




रांची। लायंस क्लब हरिकनक ग्रेटर का इंस्टालेशन सेरेमनी बुधवार को मोहन परिसर में संपन्न हुआ। इसमें पदाधिकारियों और सदस्यों ने शपथ ली कि वे लायंस क्लब के मूल्यों में एवं उद्देश्यों को पूर्ण करने के लिए काम करेंगे। बता दें कि लायंस क्लब विश्व में अपने सामाजिक कार्यों के लिए जाना जाता है। विश्व में इसके 14 लाख से भी ज्यादा सदस्य हैं। इंस्टालेशन सेरेमनी के मुख्य अतिथि लायंस क्लब 322-ए के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन कमल जैन थे। लायन राहुल वर्मा ने इंस्टॉलिंग अधिकारी के रूप में सभी सदस्य गणों को विधिवत तरीके से इंस्टॉल कराया। लायन संजय कुमार ने इंडक्शन अधिकारी के तौर पर क्लब का इंडक्शन कराया। इस अवसर पर मास्टर सेरेमनी लायन सुजीत कुमार, लायन गणेश सिंह, लायन क्लब हरिकनक ग्रेटर के अध्यक्ष लायन सुबोध कश्यप, सचिव लायन अमित मिश्रा, कोषाध्यक्ष लायन अंकित सराफ, जोनल चेयरपर्सन लायन प्रेम शंकर मिश्रा, अन्य सदस्यों सहित 90 लोग उपस्थित थे।

### भौतिक के साथ आध्यात्मिक ज्ञान को भी उचित स्थान मिले : निर्मला बहन



**रांची।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान, हरमू रोड के तत्वावधान में बुधवार को ओवरिया गांव हटिया में आध्यात्मिक कार्यक्रम एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलित कर शोभायात्रा का शुभारंभ करते हुए सेवानिवृत्त अभियंता राजकिशोर करण ने कहा कि सत्कर्म की सत्य शिक्षा तो केवल परमात्मा सदाशिव भगवान ही देते हैं। विकारग्रस्त विश्व के अज्ञान अंधकार को मिटाकर शिव ही प्रकाशमय बनाते हैं। सेंट्रल बैंक के पूर्व प्रबंधक राजेश्वर नायक ने कहा, ज्ञान सागर परमात्मा शिव से अमृत कलश प्राप्त करके अज्ञानता से ग्रस्त नर-नारियों को अमर पद दिलाने की ईश्वरीय सेवा करने के कारण भारत में शिव शक्तियों का गायन होता है। आज इसी बात को समझने और धारण करने की आवश्यकता है। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा, भौतिक ज्ञान के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान को भी उचित स्थान दिया जाए। नैतिक मूल्यों की समाज में आवश्यकता के साथ-साथ मनोयोग व बुद्धियोग भी व्यक्तिगत जीवन में जरूरी है। मनोयोग ईश्वर के साथ जोड़ने से ही मनुष्य में दिव्य गुणों का उत्कर्ष होगा। मन में विवेक उदय होने पर आत्मा परमात्मा के सम्मुख होगी तथा श्रेष्ठ कर्म होने लगेंगे।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में मनी विजया एकादशी



**रांची।** फाल्गुन कृष्ण पक्ष की विजया एकादशी व्रत को लेकर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में बुधवार को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भगवान श्रीश्रीनिवास की पाञ्चरात्र आगम विधि से षोडषोपचार पूजा (तिरुवाराधना) की गई। असंख्य ब्रह्मांड के अधिपति श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की नक्षत्र, कुंभ और घृत से महाआरती की गई। फिर महालक्ष्मी को हृदय में धारण करनेवाले भगवान वैकुंठाधिपति का वेदोक्त स्तोत्रों द्वारा स्तुति की गई। इसके बाद फलाहारी व्यंजनों का बाल भोग नैवेद्य चढ़ा। सारे भक्तों ने आनंदित और मुदित हो अपने-अपने नाम और गोत्र से संकल्प कराकर अर्चना कराए तथा मंगल प्रार्थना की। श्री सत्यनारायण गौतम और नारायण दास ने सारे अनुष्ठान को विधिवत कराया। कार्यक्रम में प्रदीप नारसरिया, अनूप अग्रवाल रंजन सिंह, जगमोहन नारसरिया, गौरी शंकर साबू, सुशील लोहिया, राजेश सुल्तानिया, ओम प्रकाश गाड़ोदिया, सुशील गाड़ोदिया, भोला वरणवाल, शम्भुनाथ पोद्दार, सुशील पौद्दार आदि का योगदान रहा।

# हर परिवार को मिलेगा रोटी, कपड़ा और मकान





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अब राज्य की सभी बेटियों को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिलेगा। देश में पहली बार, हमारी सरकार वैसी विधवा महिलाओं को पुनर्विवाह के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिनकी जिन्दगी शायद कहीं थम सी गई है। सीएम ने कहा कि अब हर परिवार को रोटी, कपड़ा और मकान दिया जाएगा, उसके साथ में शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा भी मिलेगी। कोई भी इन सुविधाओं से वंचित नहीं होगा। उक्त बातें बुधवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने खेलगांव में सर्वजन पेंशन योजना की शुरूआत करते हुए कही। सीएम ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को

## बेटियों को सबल बनाना सरकार का लक्ष्य

हर सुविधा दिया जाएगा, जिससे छोटे बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सके। बच्चों को छोटी अवस्था से ही शारीरिक मजबूती के लिए उन्हें पौष्टिक भोजन आंगनबाड़ी केंद्रों में ही उपलब्ध कराएं जाएंगे। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते कहा कि डबल इंजन की सरकार ने राज्य को काफी पीछे धकेल दिया। यहां के आदिवासियों, मूलवासियों, दलित, अल्पसंख्यक लोगों के प्रति कोई हमदर्दी नहीं था, जिसके कारण ये लोग लगातार पिछड़ते चले गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला बाल विभाग एवं समाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री बेबी देवी ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना शुरू करना हेमंत सोरेन का सपना था, जो आज पूरा हो गया। राज्य सभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि राज्य को अव्वल बनाने का जो सपना हेमंत सोरेन ने देखा था, उसे मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बखूबी पूरा कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि झारखंड मानव तस्करी के लिए बदनाम था, हमारी महिलाएं कमर्ठ हैं, लेकिन सबल बनाने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई, अब मुख्यमंत्री समाज सुधारने के साथ महिलाओं को मजबूती देने के लिए सराहनीय प्रयास कर रहे हैं।

# खरकई डैम प्रोजेक्ट को पूरा किया जाना चाहिए : हाई कोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**

झारखंड हाई कोर्ट में सरायकेला के खरकई डैम प्रोजेक्ट में छह हजार करोड़ से अधिक राशि खर्च किए जाने के बाद राज्य सरकार द्वारा इसे बंद करने पर आपत्ति जताते हुए संतोष कुमार सोनी की दायर जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट में भू राजस्व विभाग के सचिव हाजिर हुए। उन्होंने खरकई डैम प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण के संबंध में जानकारी दी। कोर्ट ने उन्हें शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा कि अभी इस प्रोजेक्ट के लिए और कितने जमीन के अधिग्रहण का काम बचा है और इसके लिए कितनी राशि आपके पास बची है। जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता ने कोर्ट को बताया कि जमीन अधिग्रहण पर स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के कारण इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में बाधा हो रही है। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि आपस में मिलजुल कर इसका समाधान निकाला जाना चाहिए। इस प्रोजेक्ट के लिए 6100 करोड़ रुपये खर्च हो चुका है। इतनी राशि खर्च होने के बाद इसे आधा में नहीं रोका जाना चाहिए। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि छह हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करने के बाद खरकई डैम प्रोजेक्ट को वर्ष 2020 में एक पत्र लिखकर इस प्रोजेक्ट को क्यों बंद कर दिया गया था? उल्लेखनीय है कि वर्ष 1978 में एकीकृत बिहार, उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ था।

# अंकिता राय बनी गिरिडीह मुख्यालय वन की डीएसपी

## 42 डीएसपी का तबादला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**

राज्य सरकार ने 42 डीएसपी का तबादला किया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मंगलवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी है। जैप-6 के डीएसपी जयश्री कुजूर को रेल डीएसपी जमशेदपुर, जैप-3 के डीएसपी सुमित सौरभ लकड़ा को एसडीपीओ मधुपुर, सराकेला मुख्यालय डीएसपी चंदन कुमार वत्स को रामगढ़ मुख्यालय डीएसपी, बोकारो यातायात डीएसपी पूनम मिंज को जैप-10 डीएसपी, रांची यातायात डीएसपी कपिद्र उरांव को जैप-5 का डीएसपी बनाया गया हैं।

सिमडेगा मुख्यालय डीएसपी पतरस बिरुआ को जैप-4, आईआरबी-1 के डीएसपी मजरुल होदा को जैप-8, गुमला के डीएसपी अभियान मनीष कुमार को चक्रधरपुर डीएसपी रेल, एसडीपीओ लेस्लीगंज आलोक कुमार टूटी को जैप-2, रांची की सीसीआर डीएसपी अंकित राय को गिरिडीह मुख्यालय वन का डीएसपी, जैप-1 डीएसपी जयप्रकाश नाग को जैप-2, जैप-7 के डीएसपी तालो सोरेन को एसआईआरबी-1, जैप-7 के डीएसपी शशिकांत सुधाशू कुजूर को विशेष शाखा, जैप-9 के डीएसपी अलबिनुस बाड़ा को जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट, जैप-10 के डीएसपी मो परवेज आलम को एसीबी, आईआरबी-3 अरुण कुमार तिर्की को एसीबी, आईआरबी-4 के डीएसपी नोवेल कुजूर एसटीएफ, आईआरबी-4 के डीएसपी प्रदीप पॉल कच्छप को एटीएस, आईआरबी-5 के डीएसपी अमित कुमार कच्छप को मुख्यालय डीएसपी देवघर, जैप-8 के डीएसपी बेनेडिक्ट मरांडी का आईआरबी-10, आईआरबी-3 के डीएसपी महावीर शिलांद किडो रेल आईजी कार्यालय, आईआरबी-3 के डीएसपी श्रीराम समद को सीसीआर रांची, आईआरबी-5 के डीएसपी अशोक कुमार सिंह एटीएस, जैप-1 के डीएसपी शिवेद्र को मुख्यालय डीएसपी चाईबासा, जैप-4 के डीएसपी विनोद कुमार महतो एसीबी, जैप-9 के डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा को मुख्यालय डीएसपी साहिबगंज, आईआरबी-3 के डीएसपी जितेद्र कुमार पाकुड़ मुख्यालय डीएसपी, आईआरबी-9 के डीएसपी संजय कुमार को एटीएस, एसीबी के डीएसपी समीर कुमार तिर्की को लोहरदगा मुख्यालय डीएसपी, सीआईडी डीएसपी नीरज कुमार सिंह को एसडीपीओ खोरी महुआ, विशेष शाखा के डीएसपी आशीष कुमार महली को बोकारो यातायात, साहेबगंज मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा को एसडीपीओ साहिबगंज, एसीबी डीएसपी विमलेश कुमार त्रिपाठी को एसडीपीओ राजमहल, गोड्डा मुख्यालय डीएसपी राजेद्र दुबे को जैप-7, एसडीपीओ राजमहल अनिल कुमार सिंह को आईजी कार्यालय रांची, एसडीपीओ छतरपुर अवध कुमार यादव को सिमडेगा मुख्यालय डीएसपी, एसडीपीओ सरायकेला दिलीप खलखो को एसडीपीओ पाकुड़, एसडीपीओ पाकुड़ प्रदीप उरांव को सरायकेला मुख्यालय, एसडीपीओ बरही नौशाद आलम को एसडीपीओ छतरपुर, एसडीपीओ खोरी महुआ साजिद जफर को एसआईएसबी बोकारो, एसीबी डीएसपी नितिन खंडेलवाल को एटीएस और एसीबी डीएसपी संतोष कुमार मिश्र को एसडीपीओ सरायकेला के पद पर तबादला किया गया है।

# आशाराम बापू के भक्तों ने निकाला जन जागृति मौन मार्च

## रिहा करने के लिए राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**

86 वर्षीय वयोवृद्ध संत आशारामजी बापू के गंभीर स्वास्थ्य के चलते उन्हें अनुकूल व बेहतर त्वरित उपचार व उनकी शीध्र रिहाई की मांग को लेकर राजधानी रांची में हजारों की संख्या में बापू के भक्त साधक भाई-बहनों का जूटान बुधवार को हुआ। देशव्यापी कार्यक्रम के तहत छगनलाल धर्मशाला लेक रोड के समीप से कचहरी रोड होते हुए मौन यात्रा निकाली गयी। जो राजभवन तक गयी। सैंकड़ों पुरूष- महिलाओं-बच्चों ने हाथों में होंर्डिंग-बैनर तख्ता लेकर बापू के रिहाई की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। बापूजी निर्दोष है बापू को रिहा करो, सच के साथ जो खड़ा नहीं हुआ हमारा नेता नहीं, बापू का केस बोगस जैसे अनेक नारे लगाए गए। सरकार होश में आओ। योग वेदांत सेवा समिति व महिला मंडल के तत्वाधान में राजभवन के पास जाकर राज्यपाल को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके जरिये बापू को शीध्र न्याय दिलाने ओर वर्तमान में स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए उन्हें तुरंत जमानत या पैरोल देने की मांग की गयी। हजारों साधक भाई बहनों ने एक साथ कहा कि अगर सरकार अविलंब बापू को रिहा करने की कार्रवाई नहीं करती तो आगामी लोकसभा चुनाव में देशभर के 15 करोड़ से अधिक साधक, भाई बहन उन्हें सबक सिखाएगी, वोट का बहिष्कार भी करेगी।

वर्तमान सरकार को हम वोट नहीं देंगे दागी व्यक्तियों को भ्रष्टाचारियों को सरकार अपने में शामिल करके उनकी न्यायिक प्रक्रिया को छोटी कर देती है और तुरंत उन्हें सुविधा प्रदान करती है। यह पाक साफ हो जाते हैं। न्यायपालिका भी जनहित में राष्ट्रहित में मामलों को संज्ञान में लेती है। सरकार और न्यायपालिका से अनुरोध है कि पूज्य संत आसाराम बापू के बढ़ती हुई उम्र को देखते हुए 40 बार पैरोल की अपील की गई लेकिन पैरोल नहीं दी गई। यह अभी षड्यंत्र नहीं लगता है। रैली में कई महिलाओं के आंखो से आंसू भी छलक पड़े थे। बता दें कि, देशभर में 17 हजार से अधिक युवा सेवा संध, 1400 योग वेंदांत समिति, 2000 से अधिक महिला मंडल अभी संचालित हैं। इस अवसर पर योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष धमेंद्र तिवारी ने कहा कि सरकार को अविलंब हमारी आवाज को सुनना चाहिए और बापू को रिहा करने की कार्रवाई करनी चाहिए। धर्म की राजनीति करने वाली सरकार यह मालूम होना चाहिए। राम मंदिर के नाम पर जो जनता को गुमराह किया जा रहा है। सरकार द्वारा उन्हें मालूम होना चाहिए कि पूज्य संत आसाराम जी बापू लोगों के हृदय में राम को स्थापित किए हैं।

# नवप्रोन्नत 78 और प्रतीक्षारत 31 डीएसपी को मिली पोस्टिंग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**

राज्य सरकार से नवप्रोन्नत 78 डीएसपी की पोस्टिंग की है। इन डीएसपी का सीआईडी विशेष शाखा सहित अन्य पुलिस विंग में तैनाती की गई हैं। साथ ही 31 प्रतीक्षारत डीएसपी को भी पदस्थापित किया गया है। गृह विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार देर रात जारी कर दिया है।

जारी अधिसूचना के अनुसार राजभल्लव पासवान को एसआईएसएफ बोकारो, लक्ष्मण प्रसाद को सीसीआर देवघर, अरुणा मिश्रा को जैप 6 जमशेदपुर, प्रमोद सिंह को आईआरबी 1 जामताड़ा, अशोक पासवान को जैप 9 साहिबगंज, अनिल एक्का को एसीबी रांची, अटल सांडिल को एसीबी रांची, किशोर तिर्की को आईआरबी 9 गिरिडीह, गोवर्धन उरांव को आईआरबी 6 गुमला, अजीत अरुण एक्का को एसीबी रांची, सुधीर सुरीन को स्पेशल ब्रांच रांची, मुनू टुडू को एसीबी रांची में तैनात किया गया है।

नलिन कुमार मरांडी को जेएपीटीसी पदमा, अर्जुन पूर्ति को स्पेशल ब्रांच रांची, रफायल मुर्मू को स्पेशल ब्रांच रांची, चंद्रमोहन हांसदा को सीआईडी रांची, रामजी महतो को स्पेशल ब्रांच रांची, अलबिनुस इंदवार को एसीबी रांची, प्रकाश टोप्पो को स्पेशल ब्रांच रांची, अनूप बीपी केरकेट्टा को आईआरबी 9 गिरिडीह, संतोष कुमार को एसटीएफ रांची, दीपाली नायक को जैप 10 होटवार, मनोज कुमार सिंह को सीसीआर हजारीबाग, सतीश सिन्हा को सीआईडी रांची, श्रीनिवास सिंह को स्पेशल ब्रांच रांची, जय गोविंद प्रसाद गुप्ता को रेल धनबाद, रमाकांत तिवारी को सीआईडी रांची में तैनात किया गया है।

# सिंहभूम में कांग्रेस के लिए आसान नहीं है जीत

## गीता कोड़ा को टक्कर देने के लिए दमदार चेहरे की तलाश

**उपेंद्र गुप्ता। रांची।**

जैसे-जैसे लोकसभा 2024 का चुनाव नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे सरगर्मी भी बढ़ती जा रही है। लोकसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियां जोश शोर से तैयारी कर रही है। अब प्रत्याशियों के नाम भी फाइनल किए जाने लगे हैं। झारखंड के सिंहभूम लोकसभा सीट की बात करें तो कोल्हान प्रमंडल का ये सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। यह सीट कभी झारखंड पार्टी का गढ़ हुआ करती थी. लेकिन बदलते वक्त के साथ लोगों के विचार भी बदले और अब यहां के लोग किसी एक पार्टी या फिर उम्मीदवार पर वैसा भरोसा नहीं दिखाते हैं।

सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी ने अपने उम्मीदवार का एलान करते हुए कांग्रेस से उनकी पार्टी में शामिल हुईं गीता कोड़ा पर भरोसा जताया है। 2019 में जिस प्रचंड मोदी लहर को रोक कर गीता कोड़ा ने तत्कालीन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा को हराया था। 2024 में उसी मोदी लहर पर सवार होकर गीता कोड़ा फिर से सांसद बनने की तैयारी में







जुटी है। ऐसे में यहां पर चुनाव काफी दिलचस्प होने वाला है।

गीता कोड़ा पूर्व सीएम मधू कोड़ा की पत्नी है, मधू कोड़ा के जेल जाने के बाद राजनीति में उतरी और पहले ही विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत दर्ज की। फिर 2014 लोकसभा चुनाव में लक्ष्मण गिलुवा से चुनाव हार गई, लेकिन 2019 में जीत दर्ज कर सांसद बनीं। मधू कोड़ा और गीता कोड़ा का कोल्हान में अपना जनाधार है। कोल्हान के आदिवासियों के बीच कोड़ा दंपति का जबरदस्त पकड़ है, जिसके कारण ही कोड़ा दंपति हर चुनाव जीतते रहे हैं। कोड़ा दंपति जिस के साथ हैं, जीत की गारंटी लगभग मानी जाती है।

### कोड़ा दंपति और भाजपा दोनों को एक-दूसरे की जरूरत

2019 में पार्टी की हार से सेबक लेते हुए भाजपा इस बार सिंहभूम सीट हर हाल सें जीतना चाहती थी लेकिन लक्ष्मण गिलुवा के निधन के बाद भाजपा को वैसा दमदार प्रत्याशी नहीं मिल रहा था। जो गीता कोड़ा को टक्कर दे सके इसलिए भाजपा के कई बड़े नेता कोड़ा दंपति के साथ पिछले कई माह से संपर्क में थे। गीता कोड़ा कांग्रेस में रहकर भी जीत सकती थी लेकिन इस बार उन्हें गठबंधन से ही भीतरघात का सामना करना पड़ सकता था। जिसका अंदेशा कोड़ा दंपति को अच्छी तरह पता था। उसके बाद कांग्रेस से भी उन्हें कोई खास उम्मीद नहीं थी। कांग्रेस में गीता कोड़ा प्रदेश सांसद के साथ कार्यकारी अध्यक्ष भी थी लेकिन पार्टी के बैठकों में बहुत कम बुलाया जाता था, जिससे भी उनकी नाराजगी थी। दूसरी तरफ पीएम नरेंद्र मोदी की तीसरी जीत लगभग तय माना जा रहा है,जिससे पूरा देश वाकिफ हैं। वैसे में कोड़ा दंपति ने कांग्रेस में रहने के बजाय भाजपा में जाना बेहतर समझा। मतलब भाजपा और कोड़ा दंपति दोनों को एक-दूसरे की जरूरत थी, नतीजा दोनों एक दूसरे के हो गये।

### सांसद पत्नी के साथ मधू कोड़ा ने की भाजपा में वापसी

यहां यह बताना भी जरूरी है कि मधू कोड़ा ने भाजपा से ही अपनी राजनीति एक मजदूर नेता के रूप में शुरू की थी, बाद में विधायक और मंत्री भी बनें, मधू कोड़ा का तब और आज भी संघ के नेताओं से काफी बेहतर संबंध था, लेकिन 2005 में मंत्री पद पर रहते हुए उनका टिकट काट दिया गया, जिसके बाद ने निर्दलीय मैदान में उतरें और जीत दर्ज की, फिर अर्जुन मुंडा की सरकार में मंत्री बन गए, लेकिन कुछ समय बाद अचानक अर्जुन मुंडा सरकार से समर्थन वापस लेकर देश के पहले निर्दलीय सीएम बन गए थे, तब से वे भाजपा से दूर थे, लेकिन बदली परिस्थिति में मधू कोड़ा ने फिर से भाजपा में वासपी कर ली।

### कांग्रेस के पास दमदार चेहरे की कमी

भाजपा में गीता कोड़ा के शामिल होने से कोल्हान में कांग्रेस को काफी जोर का झटका लगा है, आदिवासियों के कद्दावर नेता बागुन सुम्बुरूई के निधन के बाद कोड़ा दंपति ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर जान फूंक दी थी, 2019 में यदि कोड़ा दंपति कांग्रेस में चुनाव नहीं लड़ती तो कांग्रेस के लिए सीट जीतना काफी मुश्किल होता, जैसा 2014 में हुआ था, तब निर्दलीय प्रत्याशी होकर भी गीता कोड़ा ने भाजपा को टक्कर दी थी।

### सिंहभूम सीट नहीं छोड़ना चाहती कांग्रेस

सिंहभूम कांग्रेस का गढ़ रहा है इसलिए कांग्रेस किसी भी हाल में अपनी दावेदारी नहीं छोड़ना चाहती है। गीता कोड़ा के पर्ची छोड़ने के बाद भी अपना प्रत्याशी उतारने की कवायद में जुटी है। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधू तिर्की ने भी चाईबासा दौरे में कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तैयारी में जुट जाने का निर्देश कर साफ कर दिया कि सिंहभूम से कांग्रेस ही प्रत्याशी देगी लेकिन प्रत्याशी कौन होगा। इस पर कुछ नहीं कहा। सिंहभूम सीट में सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगनाथपुर, चक्रधरपुर और मनोहरपुर छह विधानसभा सीट है, खरसावां का एक प्रखंड की शामिल है। सभी विधानसभा सीट पर गठबंधन का कब्जा है।

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद गीता कोड़ा की मां के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा की मां के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने शोक प्रकट करते हुए आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। नेताओं ने कहा कि ईश्वर परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवम साहस प्रदान करें। रिम्स में बुधवार अहले सुबह इलाज के दौरान गीता कोड़ा की माता का निधन हो गया था। वह लम्बे समय से बीमार थीं।

### निवेश कुमार के खिलाफ ईडी ने किया आरोप पत्र दायर

**रांची।** प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप से दो करोड़ की ठगी करने वाले निवेश कुमार के खिलाफ ईडी ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बुधवार को आरोप पत्र दाखिल किया है। निवेश कुमार दिनेश गोप का आर्थिक सलाहकार रहा है। ईडी ने यह जानकारी दी है कि निवेश दिनेश गोप का फंड मैनेज करता था और पीएलएफआई द्वारा लेवी के रूप में वसूली की गई राशि को अलग-अलग जगह इन्वेस्ट करने में मदद करता था। विदेशी हथियार दिलाने के नाम पर निवेश कुमार ने दिनेश गोप से दो करोड़ों की ठगी की थी। विदेशी अत्याधुनिक हथियार की तस्वीर वीडियो कॉल के माध्यम से दिखाकर निवेश कुमार ने दिनेश गोप से ठगी की थी। उल्लेखनीय है कि छह जनवरी 2022 को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान निवेश कुमार को धुर्वा थाना क्षेत्र से पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

### महिला की हत्या मामले में सौतन और उसके भाई को उम्रकैद

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने बुधवार को महिला की हत्या के दोषी भाई-बहन सुभाष महतो और मिमता देवी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत में मृतका के पति धनराज महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। उल्लेखनीय है कि कांके थाना क्षेत्र में धनराज महतो की दूसरी पत्नी अंजू देवी की हत्या धनराज महतो की पहली पत्नी मिमता देवी ने अपने भाई सुभाष महतो के साथ मिलकर कर दी थी। धनराज महतो की दोनों पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। 13 जनवरी 2001 को पहली पत्नी ने अपने भाई के साथ मिलकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था। मामले को लेकर मृतका के पिता ने अपने दामाद धनराज महतो, उसकी पहली पत्नी और उनके भाई के खिलाफ कांके थाना में एफआईआर दर्ज कराया था। अभियोजन की ओर से 11 गवाहों की गवाही हुई। जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह प्रस्तुत किया गया था।

### राज्य बिजली वितरण निगम के तकनीकी अधिकारियों के तबादले

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम ने क्षेत्रीय तकनीकी महाप्रबंधकों का तबादला किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है, जिसके मुताबिक छतरपुर के वरीय प्रबंधक तकनीकी राम गोपाल राम को स्थानांतरित करते हुए वरीय प्रबंधक तकनीकी विद्युत आपूर्ति अंचल साहेबगंज में पदस्थापित किया गया है। निगम मुख्यालय में पदस्थापित वरीय प्रबंधक तकनीकी शोभन सिंह को वरीय प्रबंधक तकनीकी छतरपुर में स्थानांतरित किया गया है। नगर उंटारी में कनीय अभियंता रहे धनंजय प्रसाद को राजखरसावां विद्युत आपूर्ति प्रशाखा जमशेदपुर पदस्थापित किया गया है। तकनीकी महाप्रबंधक संजय सिंह को उप महाप्रबंधक पावर परचेस का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके साथ संजय सिंह महाप्रबंधक वाणिज्यिक के कार्यों का वहन भी करेंगे। इस संबंध में निगम मुख्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जीएम वाणिज्यिक के पद पर कार्यरत अधिकारी ऋषि नंदन का आकस्मिक निधन हो गया था, जिसके बाद से ये पद रिक्त था।

### मुख्यमंत्री से मिले टाटा स्टील के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में टाटा स्टील के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष टाटा स्टील (कारपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी भी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस की गोड्डा लोकसभा समन्वय समिति की बैठक स्थगित

**रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की लोकसभा समन्वय समिति की बैठक के कार्यक्रम में मामूली फेरबदल किया गया है। इस संबंध में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि पूर्व निर्धारित गोड्डा लोकसभा समन्वय समिति की देवघर में आठ मार्च को प्रस्तावित बैठक को महाशिवरात्रि के पर्व को देखते हुए स्थगित कर दिया गया है।

### आज एसबीआई के सामने धरना देंगे कांग्रेसी

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला अध्यक्षों को 7 मार्च को जिला मुख्यालयों में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा के सामने विरोध प्रदर्शन करने का निर्देश दिया है, साथ ही सभी पूर्व विधायकों,पूर्व जिला अध्यक्ष ,प्रदेश पदाधिकारियों प्रखंड अध्यक्ष एवं वरीय नेताओं से प्रदर्शन में आवश्यक रूप से भाग लेने का अनुरोध किया।

### श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का जन्मोत्सव दस को

**रांची।** श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का 136वां जन्मोत्सव और सत्संग बिहार रांची का उद्बोधन कार्यक्रम 10 मार्च को बोडेया रोड में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सत्संग बिहार रांची के सचिव देव आशीष गुप्ता ने बुधवार को बताया कि वेद मांगलिक शहनाई के साथ सुबह 4.30 बजे कार्यक्रम शुरू होगा। कीर्तन, विनती प्रार्थना और वाणी पाठ आदि होंगे। पूज्य सिपाई दादा के कर कमल से उसी सत्संग बिहार का शुभ उद्बोधन होगा। मुख्य धर्म सभा का आयोजन होगा।

### हजारीबाग केंद्रीय कारा के रिकॉर्ड को संरक्षित रखने के संबंध में राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को हजारीबाग केंद्रीय कारा के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए उसके रिकॉर्ड को संरक्षित रखने के संबंध में राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हजारीबाग के जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में स्वतंत्रता सेनानियों को रखे जाने को देखते हुए वर्ष 1911 के पहले के इस जेल के ऐतिहासिक दस्तावेज को संरक्षित किए जाने को लेकर उठाए गए कदम पर जानकारी मांगी है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि हजारीबाग केंद्रीय कारा का इतिहास करीब वर्ष 1800 के आसपास का है। इस जेल में स्वतंत्रता सेनानियों को रखा जाता था।

## एक नजर

### अवैध बालू लदा ट्रेक्टर हुआ जब्त, मामला दर्ज

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस एवं प्रशासन द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर अवैध बालू लदा हुआ एक ट्रैक्टर को जप्त करते हुए सिमडेगा थाना को बुधवार को सुपुर्द किया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि लगातार नदियों में बालों का उठाव बंद होने का बावजूद अवैध तरीके से बालू को उठाव की जा रही थी ,जिसकी सूचना के आलोक में ट्रैक्टर को शहर की ओर आता हुआ देखा उसे पकड़ा गया। इसमें अवैध बालू लदा हुआ था कागजात नहीं दिखाई जाने पर उसे थाना में लाकर उसके विरुद्ध अवैध खनन का मामला दर्ज किया गया है। इधर अंचल अधिकारी ने कहा कि अवैध बालू के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी और जो भी अवैध बालू का उठाव करेंगे उनके विरुद्ध मामला दर्ज की जाएगी।

### अझाप्राशि संघ में कई शिक्षकों ने सदस्यता ग्रहण की

**सिमडेगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जलडेगा प्रखंड इकाई के स्वागत एवम सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में राजेश कुमार, शिव नारायण साहू और सिद्धार्थ तांती ने प्रखंड अध्यक्ष राजीव मिश्रा के द्वारा एवम जिला महासचिव संजय कुमार के उपस्थित में संघ की सदस्यता ग्रहण किए। इस अवसर पर सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों ने कहा की अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के विचार धारा एवम क्रिया क्लाप से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण किया। उपरोक्त सभी सदस्यता ग्रहण करने वालो को जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ,जिला प्रेस प्रवक्ता फुलेंदर साहू, संगठन मंत्री राजकुमार राम, बाबू लाल खेरवार, धनेश्वर यादव, रामसेवक साहू, अमित कुमार, सुबोध कुमार, अमर कुमार सिंह,आदित्य प्रसाद, दीप्ति रैनी दत्ता अरिबंद बा, रजनीकांत तिलक, अजीत तिर्की, मिथिलेश कुमार, मृगेंद्र कुमार, आमोद रंजन, दिनेश कुमार महतो, पेवरस टोपी,ज्योति सोरेंग, ज्योति मुकुट तिर्की, प्रदीप प्रसाद, प्रमोद टेटे, सरोज राय, बीरबल मांझी, अंजनी सिंह, सुमित सिन्हा श्रवण बड़ाइक, सुशील बेक, संजय चौरसिया आदि ने बधाई दिया।

### मुट्ठीभर लोगों के पास देश की संपत्ति हो रही जमा : अनूप लकड़ा

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला आदिवासी कांग्रेस की बैठक जिलाध्यक्ष सुनील मिज की अध्यक्षता मे कांग्रेस जिलाध्यक्ष कार्यालय मे हुई।बैठक में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की ,आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अनूप लकड़ा,जिला उपाध्यक्ष जॉनसन मिज ,शिशिर मिज,प्रवक्ता रणधीर रंजन ,अजित लकड़ा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर अनूप लकड़ा ने कहा वर्तमान मे पुरा देश मोदी सरकार से त्रस्त है मुट्ठीभर लोगो के पास देश की संपति जमा हो रहा है। बाकी जनता कंगाल होते जा रहा है। कांग्रेस पार्टी सभी तबके और सभी वर्गो के उत्थान के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया ।श्री डेविड तिर्की ने कहा कि लोकसभा चुनाव मे आदिवासी कांग्रेस को भी बढ़चढ़कर काम करना होगा।



महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कुरडेग थाना में हुई शांति समिति की बैठक

# त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का लिया गया निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**

महा शिवरात्रि पर्व के मद्देनजर कुरडेग थाना परिषर में बुधवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक के दौरान सर्व सम्मति से महा शिवरात्रि का त्योहार सौहार्द्धपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीडीओ गौरी शंकर शर्मा ने कहा कि पर्व के दौरान सम्प्रदायिक सौहार्द्ध बनाये रखने के लिए सभी की सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है। कही से किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नही हो इसके लिए सभी की सहयोग की जरूरत है ।वैसे यहाँ के लोग शांतिप्रिय है जिससे यहाँ किसी भी प्रकार के वारदात पर्व के दौरान नही हुआ है। हमें आशा ही नही पूर्ण विश्वास है यह त्योहार भी पूर्णरूपेण सफल होगा ।वहीं सीओ किरण डांग ने कहा अफवाहों से दूर रहने की जरूरत है। वहीं थाना प्रभारी विनायक कुमार पाण्डेय ने बैठक में शांति समिति के सदस्यों से कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुरडेग पुलिस हमेशा तैयार है। सौहार्द्ध बिगाड़ने वालो से पुलिस सख्ती से निपटेगी। उन्होंने लोगों से शांति व्यवस्था भंग करने वालो की सुचना पुलिस को देने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसे लोगों पर पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी। पुलिस आपकी सेवा के लिए 24 ७ 7 घंटे तैयार है। बैठक में मुख्य रूप से अंचल पुलिस निरिक्षक हनुमान शरण सिंहा, प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि उमेश जयसवाल ,कृष्ण कांत सिंह, गुड्डू खान, सोधन मांझी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# शिवरात्रि को लेकर बानो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

महा शिवरात्रि पूजा को लेकर बानो थाना के प्रांगण में बुधवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नैमुदिन अंसारी कीअध्यक्षता में शांति समिति का बैठक हुई।बैठक में थाना प्रभारी विकास कुमार ने प्रखण्ड में होने वाले शिव रात्रि पूजा के कार्यक्रमो के बारे में जानकारी लेने के बाद कहा कि भक्ति पूर्वक शिव रात्रि पूजन करें।कहीं पर किसी तरह की कोई घटना हो तो तुरन्त प्रशासन को जानकारी दे बैठक में केतुङ्गाधाम न्यास समिति के अध्यक्ष सुकरा केरकेट्टा ने केतुङ्गा धाम के ऐतिहासिक व धामिर्क महत्व के बारे में जानकारी दी। केतुङ्गा धाम गाँव का नाम कैसे पड़ा पर बताए कि केतुराजा के छेत्र होने के कारण इस गाँव को केतुङ्गा नाम पड़ने पर ऐतिहासिक जानकारी दिए साथ ही केतुङ्गा धाम में अवस्थित गौतम बुद्ध प्रतिमा के बारे मे भी जानकारी दिये वही प्रखण्ड के ग्राम सोडा के शिव रात्रि पूजा समिति के अध्यक्ष नंदलाल कश्यप ने शिवरात्रि के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दिया ।सभी सौहार्द पूर्ण शिवरात्रि पूजा मनाने की बात कहे।मौके पर एसआई जितेंद्र प्रसाद वर्मा, एसआई शंकर बाखला ,बीस सूत्री अध्यक्ष बिदेशिया बड़ाईक, बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, उकौली मुखिया कृपा हेमरोम , बंधनु केरकेट्टा ,विशम्भर सिंह ,सन्तोष दास ,मो मनीर आदि लोग उपस्थित थे।



### वोटरों को निडर हो मतदान करने की दिलाई शपथ

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा जिले में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं की सहभागिता बढ़ सके। इसी क्रम में जेजे कॉलेज झुमरी तिलैया में यूथ पार्लियामेंट के सदस्यों बीएड प्रशिक्षु ने मेंहदी लगाकर, रंगोली बनाकर और चित्रकला के जरिए लोगों को नैतिक मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान डीएसडब्लूओ ने युवाओं को निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई। यह दौरान युवाओं को अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना वोट डालने की शपथ ली।

### लोहरा समाज का एकदिवसीय सम्मेलन का किया गया आयोजन

# लोहरा समाज धर्मांतरण से बचे, कोई और धर्म न अपनाएं : डॉ महेंद्र भगत

**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**

बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कृषि फार्म टाँड़ मैदान मे लोहरा समाज का बुधवार को एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ महेंद्र भगत ने कहा कि लोहरा समाज धर्मांतरण से बचें किसी तरह के कोई प्रलोभन में आकर कोई और धर्म नहीं अपनाएं, इससे समाज को नुकसान हो रहा है। लोहरा आदिवासी है और अदिवासियों का मूल धर्म सरना हैं जो लोग ईसाई धर्म को अपना लिए है। उनका जाति प्रमाण पत्र बनने में काफी परेशानी हो रही है। समाज के लोगो द्वारा काफी रिपोर्ट करना पड़ता है उसके बाद जाति प्रमाण पत्र बन रहा है। समाज के लोगों ने निर्णय लिया कि जो ईसाई धर्म अपना लिया है पुनः अपना पौराणिक सरना धर्म मे लौटने के बाद ही जाति प्रमाण पत्र के लिए अनुशंसा करेगी। उन्होंने कहा कि लोहरा समाज के लोग सामाजिक, धर्मिक, राजनैतिक रूप में हमेशा संगठित रहें वहीं सन्दीप नाग एवं अशोक इंदवार ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं साथ ही किसी तरह की कोई भी समस्या है तो समाज को तुरंत सूचित करें उसका समाधान किया जायेगा ।इस मौके पर सन्दीप नाग एवं समाज के लोगो द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।



### डीआईजी ने एसपी कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**कोडरमा।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के डीआईजी सुनील भास्कर कोडरमा पहुंचे। इस दौरान एसपी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे प्रमंडल में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। औचक निरीक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार के अभिलेखों की जांच की। जबकि एसपी से जिले की विधि- व्यवस्था, क्राइम कंट्रोल आदि से संबंधित जानकारी ली। बाद में पत्रकारों से बातचीत में डीआईजी भास्कर ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर बनाए गए अंतरराज्यीय चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अंतरराज्यीय चेकपोस्ट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखने का निर्देश दिया गया है।

# बोलबा प्रखंड मुख्यालय में तीन दिवसीय जतरा मेला संपन्न




**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**

बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय में लगने वाला तीन दिवसीय जतरा मेला दूसरा दिन सम्पन्न हो गया । इस मौके पर बच्चे विभिन्न प्रकार के खिलौने का आनन्द ले रहे है । वही मिठाई की दुकान श्रृंगार एवं अन्य दुकानों में लोगों की भीड़ देखा जा रहा है ।इस मौके पर मेले का उदघाटन अंचल अधिकारी बलिराम माँझी एवं जनप्रतिनिधियों ने एक साथ फीता काटकर किया । इस मौके पर बताया गया कि प्रति वर्ष लगने वाला माघ जतरा मेला बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित गंझू टाँड़ मैदान में लगाया गया है। जिसमें कृषि प्रदर्शनी लगाया जायेगा जिसमे किसानों को समसेरा मुखिया द्वारा पुरस्कृत भी किया जायेगा, इस मौके पर खिलौने , मिठाई, श्रृंगार,बर्तन के साथ विभिन्न प्रकार के दुकान सजाए गए है ।इस मौके पर अंचल अधिकारी बालिराम मांझी, ग्राम अध्यक्ष, मोतीराम सेनापति , भाजपा नेता नरेंद्र बड़ाईक अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का नगर भवन में हुआ सम्मान समारोह

# कमजोर लोगों के लिए सर्वजन पेंशन योजना की शुरुआत की गई है

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के निर्देशानुसार जिला समाज कल्याण विभाग सिमडेगा द्वारा सर्वजन पेंशन योजना 50-60 वर्ष के नये लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान, पोषण पखवाड़ा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह का आयोजन नगर भवन, सिमडेगा में किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। झारखंड सरकार ने आर्थिक और शारीरिक रूप से कमजोर लोगों के लिए सर्वजन पेंशन योजना की शुरूआत की है. इस योजना के तहत राज्य के सभी वृद्ध, विधवा, दिव्यांगजन, आदिम जनजाति और एचआइवी एड्स से पीड़ित लोगों को जोड़ने का लक्ष्य है। इस तहत सरकार ने नए पहल करते हुए सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत 50 वर्ष पूर्ण करने वाले लोगों को योजना जोड़ते हुए प्रथम किस्त का भुगतान करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी योजना के संबंध में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में सर्वजन पेंशन योजना के तहत आज 1757, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 16239, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत 185, दिव्यांगों को विशेष यंत्र प्रदान करने हेतु 158 लाभुकों का चयन कर लाभ दिया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य रोस प्रतिमा सोरेंन, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, आईटीडीए निदेशक सरोज तिर्की व समाज कल्याण विभाग की सभी कर्मी गण उपस्थित थे।



## न्यूज बॉक्स

### डीएमएफटी मद से जिले के पांच सरकारी विद्यालयों में स्टेम लैब का हुआ अधिष्ठापन



**हजारीबाग।** डीएमएफटी मद से विभिन्न विद्यालयों में उन्नयन कार्य के साथ साथ स्टेम लैब का अधिष्ठापन की ओर हजारीबाग जिला तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। स्टेम लैब के माध्यम से विधार्थियों में कुछ नए सीखने की ओर प्रेरित करता है साथ ही तार्किक सोच और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देती है। इस प्रकार के नवाचार से छात्रों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के प्रति उत्सुकता जागृत होती है। डीएमएफटी मद से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निश्चय ही एक महत्त्वपूर्ण कदम है। उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि यह प्रयास युवाओं को कई क्षेत्रों में भविष्य के करियर के लिए सहायक होगें। प्रयोग और अन्वेषण के माध्यम से छात्रों में रचनात्मकता और नवीनता विकसित होगी। आज के वर्तमान परिदृश्य में नित नए आयाम स्थापित हो रहे है उनमें सामंजस्य बिठाने के लिए ऐसे नवाचार को अंगीकृत करना अनिवार्य है। स्टेम लैब सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना है ताकि छात्रों के लिए सीखना अधिक आकर्षक और प्रासंगिक हो सके। हजारीबाग जिले में, सरकारी स्कूलों में कुल 05 स्टेम लैब विकसित किए गए है। जिनमें +2 उच्च विद्यालय बड़कागांव, हिंदू +2 हाई स्कूल, सदर,केएन +2 हाई स्कूल ईचाक, उत्क्रमित उच्च विद्यालय आन्गो, 5.+2 उच्च विद्यालय, बरही प्रमुख है।

### सुरजीत बने बरही के नए एसडीपीओ, पलामू में डीएसपी को मिली कमान



**बरही।** चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार बड़ी के एसडीपीओ नौशाद आलम का स्थानांतरण हो चुका है. उनके स्थान पर पलामू के डीएसपी सुरजीत कुमार पदभार संभालेंगे. जो वर्तमान में पलामू में पदस्थापित है. श्री कुमार झारखंड के तीसरे बैच के पुलिस अधिकारी है. जो अपने कर्मठता और निष्ठता के लिए पलामू में लोगो के बीच विशेष पहचान बना चुके है. दूरभाष पर उन्होंने बताया कि फिलहाल मूवमेंट ऑर्डर नही आया है. इसके आते ही वह बरही में योगदान देंगे. क्षेत्र में शांति व्यवस्था सहित विधि सम्मत कार्यवाही में उनका विश्वास है. विदित हो कि एक माह पूर्व ही बरही में नए एसडीपीओ ने पदभार ग्रहण किया था. जो बगोदर से आए थे. जानकारी के अनुसार बगोदर का हजारीबाग संसदीय लोकसभा क्षेत्र के बगल में होने के कारण चुनाव आयोग ने ऐसा निर्णय लिया है.

### हजारीबाग में तीन किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हजारीबाग।** चौपारण थाने की पुलिस को अफीम तस्करी मामले में बुधवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। चौपारण थाने के थाना प्रभारी प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बरही की तरफ से किसी वाहन से कुछ व्यक्ति अफीम लेकर चौपारण होते हुए बिहार जा रहे हैं। इसके बाद बरही डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई और चोरदाहा चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान मोटरसाइकिल नंबर जेएच 02बीबी 4962 की डिक्की में 3 किलो 100 ग्राम अफीम मिला। इसके बाद पुलिस ने चौपारण थाने में मामला दर्ज कर अफीम तस्कर फागू मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। फागू मुंडा (पिता स्व. लखीराम मुंडा) हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र स्थित चमरगढ़ा ग्राम का रहने वाला है।

### ट्रेन से गिरकर व्यक्ति हुआ घायल, सदर अस्पताल रेफर



**बानो।** बानो रेलवे स्टेशन में बुधवार को ट्रेन से गिर कर एक व्यक्ति घायल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार प्रखण्ड के लोवासोकरा निवासी सावना प्रधान को राउरकेला जाना था।परन्तु गलती से वह झारसुगुडा हटिया मेमो पैसेंजर ट्रेन में चढ़ गया जब देखा कि ट्रेन रांची की ओर जा रही हैं तो आपा धापी में ट्रेन से उतरने लगा उतरने के क्रम में गिर पड़ा, चलती ट्रेन से दौड़ने के क्रम में गिरने से उसके माथे में गंभीर चोट लगी और घायल हो गया।इधर घायल को रेलवे पुलिस के जवानों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो इलाज के लिए पहुँचाया। डॉ जावेद ने बताया कि सिर तथा कमर में चोट लगी है।सिमडेगा रेफर कर दिया गया है। वहीं लोगों ने बताया कि सावना प्रधान की लापरवाही की वजह से आज बड़ा खतरा होने से टल गया हालांकि फिलहाल वह सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाजरत है एवं खतरे से बाहर है।

### बानो देव नदी के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन लोग हुए घायल



**बानो।** बानो देवनदी के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार हाटिंगहोडे निवासी लीलू चिक बड़ाईक व कोम्बाकेरा के बिनोद साहू कोलेबिरा में बीए की परीक्षा देकर घर लौट रहे थे।इधर बानो पुलिस देवनदी के पहले वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी ।तब बिनोद साहू पुलिस के डर से गाड़ी घुमा दी ।जिससे बगल में चल रहे मोटरसाइकिल चलाक को जोरदार टक्कर मार दी।जिससे दीपक साहू का दाहिना पैर टूट गया ,घटना में लीलू चिक बड़ाईक को भी चोट लगी हैं।उधर दूसरा मोटरसाइकिल चलाक कामेश्वर प्रधान जलडेगा प्रखण्ड के खरवागढ़ा के है।अपने परिवार के साथ किसी को लेकर बानो आ रहा था। उसे भी इस दुर्घटना में कई जगह चोट लगी हैं।सभी घायलों का प्राथमिक इलाज कर सिमडेगा रेफर कर दिया।

### ध्वजाधारी धाम में दो दिनी महाशिवरात्रि महोत्सव पर होंगे विविध कार्यक्रम

**कोडरमा।** ध्वजाधारीधाम में दो दिनी महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा। दो दिनी महाशिवरात्रि महोत्सव पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में ध्वजाधारी धाम के महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज ने बताया कि आठ मार्च की शाम छह बजे से अखंड हरिकीर्तन शुरू होगा। यह 9 मार्च को समाप्त होगा। आठ मार्च की रात नौ से जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन अखंड हरी कीर्तन की पूणार्हुति के बाद प्रसाद का वितरण होगा। वहीं महशिवरात्रि पर बाबा भोले पर भक्त जलाभिषेक करेंगे और मन्नतें मांगेगे। इस दिन बाबा भोले की आराधना का विशेष महत्व है।

### ग्रामीणों ने ग्राम सभा कर जंगल बचाने का लिया निर्णय

# कृषि, पशुपालन सहित हक अधिकार की भी दी गई जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

जलडेगा के बनजोगा गांव में बनजोगा, बराइबेड़ा, ढेंगुरपानी, भीतबुना, सुखाझरिया और रोबगा सहित कुल छः गांव के ग्रामीणों ने बुधवार को सेब्रेनियूस तोपनो की अध्यक्षता में सामूहिक ग्राम सभा बैठक कर जंगल बचाने का निर्णय लिया है। वर्तमान समय में महुआ चुनने के कारण कई लोग जंगलों में आग लगा देते जिसको लेकर ग्रामीणों ने यह निर्णय लिया है और एक समिति का गठन भी किया है। बैठक में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ जॉनसन भेंगरा, लीड्स के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार, जलडेगा एग्रो के सीईओ सोनू सिंह भी उपस्थित थे। पशुपालन पदाधिकारी ने ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने पशुओं में बीमारी की लक्षण को पहचानना और उनका समय पर उपचार करने की भी जानकारी दिया। जलडेगा एग्रो के सीईओ ने खेती बाड़ी कार्य में आगे आने तथा कृषि विभाग से जुड़ी योजनाओं को बताया और किसान संगठन में जुड़ने की अपील की। लीड्स के आलोक कुमार ने ग्राम सभा के आठ स्थाई समितियों को सशक्त करने, नियमित ग्राम सभा बैठक करने और मनरेगा, राशन कार्ड से जुड़ी योजनाओं को बताया और शिक्षा के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया।इस दौरान बनजोगा ग्राम प्रधान बिरसा तोपनो, बेंजामिन तोपनो, गुडवन बडिंग, मसीह तोपनो, बराईबेड़ा से भिंसेंट डुंगडुंग, ढेंगुरपानी से सबन कंडूलना, सुखाझरिया से मिखायल डुंगडुंग, रोबगा से मरियानुस बुढ, भीतबुना से सिलबानुस कंडूलना सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### तालाब में नहाने के दौरान डूबने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीरू सेम्बीटोली गांव में तालाब नहाने के दौरान डूबने से गांव के 50 वर्षीय जीवन लकड़ा नामक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। मामले की जानकारी बुधवार को पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची एवं मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बेटी ने बताया कि उसके पिता खेत में चना की खेती की रखवाली के लिए गया था और घर जाकर नहाने की बात कर कपड़ा लेकर तालाब गया काफी देर हो जाने के बाद जब वापस नहीं लौटा तब घर वालों को चिंता हुई और खोजबीन करने लगे तब तालाब किनारे उसका कपड़ा दिखा ,लेकिन जीवन लकड़ा दिखाई नहीं दिया तब परिवार वालों को शक हुआ और उन्होंने दो लोगों को तालाब में खोजने की बात कही। जिसके बाद तालाब में जीवन लकड़ा को कीचड़ में नीचे पाया इसके बाद उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर ग्रामीणों ने किया पुलिस को सुपुर्द

**नवीन मेल संवाददाता। टाटीझरिया**



टाटीझरिया थाना क्षेत्र के भराजो गांव में एक सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। मनीषकांत कुमार पिता भुनेश्वर महतो ने टाटीझरिया थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देते हुए कहा कि सुजीत कुमार दिलीप प्रसाद दोनो के पिता दिनेश्वर महतो पर आरोप लगाते हुए कहा है कि अवैध बालू से लदा ट्रैक्टर वाहन संख्या-जेएच 13 सी 5810 के मालिको से जब हमलोगो ने 6 मार्च बुधवार को सुबह 8 बजे पूछ ताछ किया की अवैध बालू का उठाव तो प्रशासन द्वारा रोक लगाई गई है तो आप प्रशासन को जानकारी देकर बालू की तस्करी कर रहे है। इतनी बात हमने बोला था कि दोनो भाईयो ने हमको पिस्तौल दिखाकर धारदार हथियार चाकू से हमारे गर्दन पर जानलेवा हमला किया। हमले के दौरान मैं अपने अपने बच बचाव के दौरान उनके चाकू से हमारे बायां हथेली चुभ गया। घटना स्थल पर थाना से आए पुलिस प्रशासन की गस्तीदल ने धारदार चाकू को बरामद किया। मनीषकांत ने आवेदन में यह भी लिखा है कि दोनो भाई गांव के गरीब परिवार के द्वारा अपने निजी छोटे काम करने वाले लोगो से डरा धमकाकर लेवी की मांग करते है। भूक्त भोगी ने जानकारी दिया कि प्रशासन ने जल्द कार्यवाही करने की बात कही है। हालांकि थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार खबर लिखे जाने तक मामले को दर्ज नहीं किया गया था। मौके पर ग्रामीणों में आदित्य कुमार कुमार, सुरेश, सीताराम, रवि कुमार, रोहित कुमार, अजीत कुमार, राजेश कुमार समेत अन्य कई ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर

### बस व हाइवा में टक्कर, छात्रा की मौत, 6 लोग घायल

**धनबाद।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के ईस्ट इंडिया मोड़ के समीप बुधवार की दोपहर हाइवा और गोकुल नामक बस में जोरदार टक्कर हो गई. हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई है, जबकि आधा दर्जन लोग घायल बताए जा रहे हैं. मृत छात्रा की पहचान रितु चंद्रा के रूप में की गई. वह बीबीमेकेयू में एमएसी फर्स्ट सेमेस्टर की छात्रा थी. वह निरसा के बलाहित की रहने वाली थी. स्थानीय लोगें की मदद से सभी घायलों को स्थानीय नर्सिंग होम ले जाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### वर्कर्स कॉलेज में छात्रों ने की तालाबंदी, प्रशासनिक भवन में 3 घंटे हंगामा

**जमशेदपुर।** मानगो स्थित जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में बुधवार को छात्रों ने तालाबंदी कर धरना दिया और करीब तीन घंटे तक ने हंगामा व नारेबाजी की. बता दें कि कॉलेज भवन की स्थिति काफी जर्जर है. आये दिन कॉलेज में किसी न किसी क्लास रूम मैं छत की प्लास्टर या छज्जा टूट कर गिर रहा है. इससे छात्र सहमे हुए हैं और डर के साए में क्लास करने को मजबूर हैं. ज्यादातर क्लास रूम में ताला बंद कर दिया गया है. इसी कारण छात्रों ने जोरदार हंगामा किया.छात्रों का नेतृत्व कर रहे छात्र आजसू के कोल्हान प्रभारी हेमंत पाठक ने कहा कि एचआरडी और कोल्हान विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, राज्य सरकार नाइस मामले में चुप्पी साध रखी है. कॉलेज का प्रशासनिक भवन, लाइब्रेरी हाल, वोकेशनल डिपार्टमेंट बने हुए लगभग 70 वर्ष हो गए हैं. सभी की स्थिति जर्जर है. कुछ दिन पहले एक छात्र के बाइक पे मलबा गिर गया था. हजारों छात्रों ने एग्जाम दिया उसके अगले ही दिन छज्जा टूट कर गिर गया. आये दिन किसी न किसी क्लास में ऐसी घटना हो रही है. अब आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए कल सभी छात्र हेलमेट पहनकर क्लास करेंगे और कला पट्टा लगाकर सांकेतिक विरोध-प्रदर्शन करेंगे।

### ग्राम सभा में सड़कों का प्रस्ताव हुआ पारित

**चाईबासा।** सदर चाईबासा में गंजड़ा में ग्राम सभा अध्यक्ष कान्डेराम वोयपाई के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. जिसमें ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल चाईबासा, पश्चिम सिंहभूम के देखरेख में कार्य एजेंसी के माध्यम से प्रखंड सदर चाईबासा के अन्तर्गत पत्ता गुईरा से बड़दोर होते हुए गंजड़ा, बरान्ड़ेया और पत्ता गुईरा चौक पर, जिसकी लम्बाई 9 किलो मीटर और प्राक्कलित राशि 5 करोड़ 29 लाख का निर्माण कार्य है. कार्य एजेंसी अपना पथ निर्माण कार्य , कनीय अभियंता, सहायक अभियंता के अनुस्थित में विना देखरेख में गुणवत्ता को नजरंदाज कर निर्माण कार्य करना, मिलीभगत का ही परिणाम है. पीसीसी कार्य में घटिया स्तर का निर्माण कार्य से दरारें पड़ने लगा, पानी का छिड़काव अच्छी तरह से नहीं होना भी है. यह कार्य का शिलान्यास मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के कार्यकाल में गुवा शहीद दिवस के अवसर पर किया है. झारखण्ड राज्य में झारखण्ड सरकार का मौन सहमति होने के कार्य एजेंसी का मनमनी से ग्राम सभा रोषप्रतिक्रिया ब्यक्त किया है. ग्राम सभा ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि अभिलम्ब इस निर्माण कार्य को जांच की जाय और निर्माण कार्य को गुणवत्ता हो, कड़ी फटकार लगा कर गुणवत्ता निर्माण किया जाये. ग्रामीण ने काफी रोष व्याप्त किया गया.

### बाल सहायता केंद्र को सुचारु ढंग से चलाएं

**किरीबुरु।** जिला प्रशासन के प्रयास से बाल संरक्षण मुद्दों में बेहतर कार्य करने के उद्देश्य से संचालित बाल सहायता केन्द्र, मनोहरपुर को सुचारू रूप से चलाने, इस कार्यालय में सुदूरवर्ती क्षेत्रों के बच्चों हेतु कैरियर काउंसलिंग विकसित करने हेतु झारखण्ड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के प्रभारी हेड गोवर्धन ठाकुर ने उपायुक्त को पत्र लिखा. उन्होंने कहा कि सारंडा क्षेत्र के काफी सारे बच्चें स्कूलों एवं कॉलेजों से परीक्षा पास होने के उपरांत नौकरी के तलाश में लग जाते है. उनका करियर काउंसलिंग स्कूलों में शिक्षा के साथ ही चलते रहना चाहिए ताकि परीक्षा पास हो जाने के बाद आगे की तैयारी वो कर सकें और उनका पलायन अन्य राज्यों में नही हो पाये।

# सदियों से पुरुष हो रहे उत्पीड़ित लेकिन वो मुंह नहीं खोलते



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह कालेज गिरिडीह में एन एस एस इकाई-2 एवं आई क्यू ए सी के तत्वावधान में एन एस एस-2 की प्रभारी प्रो अरुणिमा सिंह ने छात्र छात्राओं के बीच 'पुरुष उत्पीड़न ' जैसे नए विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अनुज कुमार ने किया तथा मंच संचालन प्रो धर्मेंद्र कुमार ने किया। डॉ अनुज कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के समीप होने पर भी पुरुष उत्पीड़न जैसे नए मुद्दे पर संगोष्ठी विचारणीय है, उन्होंने कहा कि सदियों से पुरुष उत्पीड़ित होते आ रहे हैं। कैकेई के उत्पीड़न से ही दशरथ ने आहत होकर राम को वनवास दिया। आज के पुरुष भी उत्पीड़ित होते हैं लेकिन मुंह नहीं खोलते हैं। आवश्यकता है स्त्री और पुरुष दोनों के आपसी तालमेल का, तभी आदर्श परिवार की स्थापना हो सकती है। प्रो सतीश यादव ने कहा कि वर्तमान समय में पुरुषों का उत्पीडन की पृष्ठभूमि को समझना आवश्यक है। पुरुष उत्पीड़न का प्रभाव मनोवैज्ञानिक रूप से घातक है। प्रो विनीता कुमारी ने कहा कि महिला और पुरुष समाज के दो पहिए हैं जिनके सहयोग से ही विकसित समाज का निर्माण होता है, इसलिए वर्तमान में दोनों को एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए ताकि न ही महिला और न ही पुरुष का उत्पीडन हो। इस विषय पर आयोजित संगोष्ठी में प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार छात्रा हीना परवीन एवं द्वितीय पुरस्कार विकास कुमार को दिया गया। मौके पर प्रो रश्मि कुमारी,प्रो आशा रजवार, रंजीत, हीरालाल, अवधेश मिश्रा,सिमरन, राहुल यादव,विशाल आदि सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### अंबा झरना में डूबे व्यक्ति का शव मिला हत्या की आशंका

**कोडरमा।** जिले के सतगावां थाना क्षेत्र के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र राजावर पंचायत के मोचरामो जंगल के अंबा झरना से बुधवार की शाम एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान मोचरामो निवासी बुधन राय (45) के रूप में की गई। घटना की सूचना पाकर स्थानीय ग्रामीण वहां पहुंचे और इसकी सूचना सतगावां पुलिस को दी गई। सूचना पाकर सतगावां पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर सतगावां थाना लाया। मृतक पानी में कैसे डूबा इसका खुलासा नहीं हो सका है। वहीं घर वालों ने हत्या की आशंका जतायी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पुलिस का दावा है कि मामले को जल्द ही सुलझा लिया जाएगा और दोषी हमारे पकड़ में होंगे।

## न्यूज बॉक्स

### पांच हजार से अधिक लाभुकों को खाते में भेजी गई राशि : उपायुक्त




**धनबाद।** मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन के लाभुकों को प्रथम किस्त की भुगतान, पोषण 2.0 योजना अंतर्गत पोषण पखवाड़ा 2024, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के पूर्व राज्य की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को सम्मान एवं अन्य विभागीय योजनाओं का लाभ कार्यक्रम का जिला स्तरीय आयोजन बुधवार को धनबाद स्थित न्यू टाउन हॉल में किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा मौजूद रही। कार्यक्रम में संबंध में उपायुक्त ने बताया कि आज के इस कार्यक्रम में पांच हजार से अधिक लाभुकों को उनकी राशि उनके खाते में भेजी गई। इसके साथ ही बाकी के सात हजार लाभुकों का नाम आज एसएसएपी पोर्टल पर रजिस्टर किया गया। उन्होंने बताया कि आज के इस कार्यक्रम के दौरान सर्जन पेंशन योजना के नए लाभुकों को जोड़ा गया। इसके साथ ही उन्हें पेंशन की पहली किस्त भी दी गई। इसके अलावा आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहियाओं जिन्होंने उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन किया है उन्हें भी आज कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राष्ट्र पारिवारिकहित योजना के लाभुकों को भी सम्मानित किया गया।इसके अलावा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की लाभुक नई बच्चियों को भी उन्हें पहली किस्त दी गई।उन्होंने बताया कि इसके अलावा यहां आधार पंजीकरण, नए सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि जाए कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए इसके कई स्टॉल भी लगाए गए है। इसके साथ हि जो योग्य लाभुक है उनका नाम लगातार एनएसएपी पोर्टल पर रजिस्टर किया जा रहा है।

### सरकार की नाकामियों और नकारात्मक सोच ने राज्य को पीछे धकेला : सुदेश महतो



**बोकारो।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार की नाकामियों और नकारात्मक सोच ने राज्य को पीछे धकेला है। विकास से सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। इस अराजक माहौल से राज्य को बाहर निकालने के लिए हमें मिलकर काम करने की आवश्यकता है। सुदेश कुमार महतो बुधवार को चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खेदाडीह घाघरी स्कूल मोड़ में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मौके पर झामुमो समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों नेताओं और कार्यकताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। महतो ने कहा कि झामुमो ने कभी भी जनता के हित में नहीं सोचा। इनका ध्यान सिर्फ लूट-खसोट पर है। सरकार ने ट्रांसफर-पोस्टिंग की अलग ही इंडस्ट्री खोल रखी है। सरकारी कार्यालयों में अफसरशाही और बाबूगीरी हावी है। बिना पैसे दिये किसी गरीब या साधारण आदमी का काम नहीं होता। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराध बेकाबू है।

## इलाज के क्रम में महिला की मौत परिजनों ने जमकर काटा बवाल



### अस्पताल पर लापरवाही बरतने और गलत इंजेक्शन देने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
पचम्बा थाना अंतर्गत चैताडीह में संचालित जनता हॉस्पिटल में बुधवार को इलाज के क्रम में एक महिला मरीज की मौत हो जाने के बाद परिजनों ने जमकर बवाल काटा। महिला की मौत के बाद परिजन चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही बरतने और गलत इंजेक्शन लगा देने का आरोप लगा कर हंगामा करने लगे। मृतिका बेंगाबाद थाना क्षेत्र के डाकबंगला स्थित जेरूआडीह के रहने वाले मो मेराज की पत्नी खुशबू खातून थी। परिजनों ने बताया कि खुशबू को प्रसव पीड़ा के बाद एक सहिया के माध्यम से चैताडीह स्थित जनता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में खुशबू ने सोमवार को ऑपरेशन के जरिये एक बच्चे को जन्म दिया. प्रसव के दो दिन तक खुशबू ठीक ठाक रही। परिजनों ने बताया कि बुधवार को खुशबू को अस्पताल में गलत इंजेक्शन लगा दिया गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

## नगर निगम में हुई टोल टैक्स वसूली की बंदोबस्ती

### 3 करोड़ 65 लाख 75 हजार में हासिल की एक साल के लिए बंदोबस्ती



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
नगर निगम में बुधवार को उप नगर आयुक्त विषालदीप खलको और सहायक आयुक्त अशोक हांसदा के मौजूदगी में साल 2024 25 के लिए टोल टैक्स की बंदोबस्ती की गई। जिसमें निगम के चर्चित ठेकेदार सुमन कुमार राय और उसके सिंडिकेट ने सबसे अधिक 3 करोड़ 65 लाख 75 हजार की बोली लगाकर टोल टैक्स वसूली की बंदोबस्ती हासिल करने में सफल रही। हालांकि दूसरे नंबर पर ठेकेदार और मां तारा ट्रांसपोर्ट के संचालक संजय शर्मा 3 करोड़ 65 लाख 65 हजार की बोली लगाकर पीछे हट गए। मौके पर उप नगर आयुक्त विशालदीप खलको की उपस्थिति में हुई टोल टैक्स वसूली की बंदोबस्ती के दौरान सिर्फ दो ही संवेदक शामिल हुए और दोनों में ही बोली लगाने के दौरान काफी अच्छा तालमेल देखने को मिला। इसी तालमेल के परिणाम स्वरूप निगम को सिर्फ 3 करोड़ 65 लाख 75 हजार का राजस्व में ही संतोष करना पड़ा। हालांकि निगम के अधिकारियों को उम्मीद थी की इस बार बंदोंबस्ती की बोली पांच करोड़ से उपर ही जायेगी।

## यूथ फोर्स का अनशन 72 घंटे के बाद समाप्त

### गिरिडीह विधायक ने जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
जमुआ में विभिन्न मांगों को लेकर झारखण्ड यूथ फोर्स द्वारा जारी अनशन आखिरकार 72 घण्टे के बाद बुधवार को समाप्त हो गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा धरना स्थल पर पहुंचकर लिखित आश्वासन के बाद गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू द्वारा जूस पिलाकर अनशन समाप्त किया गया। अनशनकारियों के विभिन्न मांगों पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने लिखित दिया है। दो माह के बैकलॉग में दोषी पदाधिकारियों को जिला निर्देश के विरुद्ध 1 माह में समुचित कार्रवाई की जाएगी। तकनीकी कारणों से लाभुकों ने इपॉश मशीन में फरवरी और मार्च का अंगूठा लगाया है । लेकिन भौतिक रूप से उसे अनाज उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसे निगरानी समिति के मंतव्य के आलोक में प्रखण्ड और जिलापूर्ति पदाधिकारी को प्रतिवेदित करेंगे और इसकी एक प्रति धरना पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता को उपलब्ध कराएंगे। प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी , जिला और एजीएम ये निर्धारित करेंगें कि प्रत्येक माह के 10 तारीख तक खाद्यान की आपूर्ति हो जाय। साथ ही डीलर स्तर पर गठित निगरानी समिति और उससे जुड़े लोगों को राशन जाने से पहले सूचना दी जाएगी। निबंधित सभी गाड़ी डोर स्टेप डिलीवरी के लिए पर्याप्त गाड़ी देना है। नहीं देने पर उसे टर्मिनेट किया जाए। गोदाम में कैमरा लगाना एवं 40 दिन तक डीबीआर में दिखे। राशन देते समय पर्ची निकालना आवश्यक है अन्यथा कार्रवाई की बात कही गई है।

### नगर निगम ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**धनबाद।** लोकतंत्र के महापर्व के दिन धनबाद नगर निगम क्षेत्र के सभी मतदाता अपने घरों से निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसी उद्देश्य को लेकर बुधवार को धनबाद नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जागरूकता रैली में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं घर-घर तक जाकर लोगों को मतदान के दिन वोट डालने की अपील करेंगी। इस संबंध में नगर आयुक्त ने कहा कि सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें, शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़े, इसको लेकर धनबाद के सभी 55 वार्ड जो नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं वहां स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं आम लोगों तक इस बात को लेकर जागरूकता फैलाएंगी और उन्हें यह बताएंगी की मतदान उनका पहला लोकतांत्रिक अधिकार है।

## बीएसएस महिला कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
धनबाद के बीएसएस महिला कॉलेज में बुधवार को डिग्री सेमेस्टर छह की लडकियों को विदाई दी गई। इस दौरान छात्राओं ने कालेज में बिताए पलों को साझा किया। साथ ही डिग्री सेमेस्टर पांच की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुत की गई। इस दौरान बीएसएस महिला कॉलेज सेमेस्टर छह की छात्राओं ने हिंदी गानों पर जमकर जूनियर छात्राओं के साथ मस्ती की। कॉलेज की प्राचार्य करुणा सिंह ने बताया कि आज सेमेस्टर छह की छात्राओं को सेमेस्टर पांच की जूनियर छात्राओं द्वारा विदाई दी गई।

## शिवप्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ में निकली शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी प्रखंड मुख्यालय के बड़ा छठ तालाब स्थिति नव निर्मित शिव मंदिर में भगवान शिव के प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान तालाब स्थित शिव मंदिर से गाजे - बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में दर्जनों महिला व पुरुष गाजे - बाजे के साथ झूमते हुए प्रखंड मुख्यालय स्थिति दुर्गा मंडप, बजरंबली मंदिर, शिव मंदिर, साईं मंदिर समेत पांच मंदिरों का भ्रमण किया।

## चिकित्सक की मांग को ले सांसद को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
झारखंड युवा एकता संगठन की ओर से गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक के पदस्थापन को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। सदस्यों ने कहा कि उक्त केन्द्र में एमबीबीएस चिकित्सक की कमी से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां महिला चिकित्सक के नहीं रहने से भी परेशानी होती है। अक्सर यहां से मरीजों को गिरिडीह रेफर किया जाता है। गावां प्रखंड जिले के अंतिम छोर पर बसा है जहां से मरिजों को गिरिडीह ले जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के तत्काल समाधान की मांग संगठन द्वारा किया गया है। मौके पर झारखंड युवा एकता संगठन के प्रवक्ता संजय कुमार यादव समेत कई उपस्थित थे।

**Office of Civil Surgeon Cum Chief Medical officer,Khunti.**
**(Department of Health and Family Welfare)**

**NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST (E.O.I)**

Civil Surgeon, Khunti invities Experssion of Instrest (E.O.I) for Providing Services at Sadar Hospital, Khunti & C.H.C in Khunti Districts under AB -MMJAY (Ayushman Bharat- Mukhyamantri Jan Arogya Yojna).

| Sl.No | Name of Post | Minimum Qualification | No. of Posts | Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Ayushman Mitra | 1. Intermediate or Higher Qualification from Recognised Institute/ University<br>2. Possessing fluent communication skills in English/Hindi and Local language<br>3. Having adequate functional computer literacy which shall include understanding of MS Office Suite and navigating through Internet Portals. | 04 (Sadar Hospital, Khunti – 02 CHC, Murhu & Arki – 01 each) | 120/- per case |

**Terms and Conditions :-**
Relevant document can be downloaded from http://khunti.nic.in
- The desirous candidates having requisite qualifications and fulfilling eligibility criteria may submit fully filled application on prescribed format and attached all the certificates in support of their qualification, experience in **District Collectorate Hall, Khunti, at 11:00 AM on March 12th 2024.**
- No TA/DA will be paid to candidates attending the interview.
- Chairman, Selection Committee will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
- Maximum age of applicant be not more than 45yrs as on 29.02.2024
- Selection to the above posts will be on the basis of Meritorious academic record and performance in the Written Exam/Interview/P.I/GD conducted by the Selection Committee, Khunti.
- Candidate with higher qualification will be given preference for the post.

Civil Surgeon Cum
Chief Medical Officer Khunti.
PR 321772 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D

**कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़।**

**आम सूचना**

दिनांक 04.03.2024 को बरकाकाना में अवस्थित दुकान सं0 01 से 10 तक का डाक कराया गया। डाक में अधिकतम बोली गई राशि के आधार पर प्रथम अधिकतम डाक वक्ता निम्न प्रकार से है।

| क्र0सं0 | दुकान का क्रमांक | अधिकतम डाक वक्ता का नाम | पिता/पति का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 01 | श्री विजय साव | श्री मीना साव |
| 02 | 02 | श्री कमलेश कुमार | श्री योगेंद्र राम दांगी |
| 03 | 03 | श्री अनील मुंडा | स्व0 सोहन मुंडा |
| 04 | 04 | नवाब वंसीम | मोईन अहमद |
| 05 | 05 | इमरान रजा खान | तेहिद रजा खान |
| 06 | 06 | श्री बसंत कुमार | स्व0 प्रसादी राउत |
| 07 | 07 | श्री आकाशकांत पासवान | श्री राम सुरेष पासवान |
| 08 | 08 | दुर्वेज आलम | मो0 खलीम |
| 09 | 09 | श्री सुशील कुमार दांगी | श्री चुरामन राम दांगी |
| 10 | 10 | साईका प्रवीन | मे0 मुम्ताज |

उपर्युक्त सभी प्रथम अधिकतम डाकवक्ता को निदेश दिया जाता है कि नियम एवं शर्तो के अनुरूप 48 घंटे के अंदर दिनांक 07.03.2024 तक संध्या 5.00 बजे तक 50,000/–रू0 का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि कार्यपालक पदाधिकारी, रामगढ़ के नाम पर देय होगा, जमा करना होगा तत्पश्चात् पांच दिनों के अंदर 06 माह का किराया एक मुस्त दिनांक–12.03.20324 को संध्या 5.00 बजे तक जमा कराना सुनिश्चित करना होगा। नियम एवं शर्तो के अनुसार एकरारनामा की कार्रवाई के पश्चात् दुकान का आवंटन समझा जा सकेगा।

ह0/–
प्रशासक
नगर परिषद्, रामगढ़।
PR 321670 (District) 23-24 (D)

# आधी आबादी को भी मिले उचित अवसर

**ईश्वर** की बनाई इस सृष्टि में मानव के रूप में जन्म लेना एक दुर्लभ सौभाग्य की बात होती है। और जब वो जन्म एक स्त्री के रूप में मिलता है तो वो परम सौभाग्य का विषय होता है। क्योंकि स्त्री ईश्वर की सबसे कलात्मक वो कलाकृति है जिसे उसने सृजन करने की पात्रता दी है। सनातन संस्कृति के अनुसार स्त्री शक्ति के ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक अतीत के बावजूद वर्तमान भारत में महिलाओं को सामाजिक रूप सशक्त करने की दिशा में सरकारों को महिला दिवस मनाने जैसे विभिन्न प्रयास करने पड़ रहे हैं। समझने वाली बात यह है कि आज जब हम महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं और लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम मुद्दा तो सही उठाते हैं लेकिन विषय से भटक जाते हैं। मुद्दे की अगर बात करें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कदम रख रही हैं। धरती हो या आकाश, आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल, समाजसेवा हो या राजनीति, महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दम पर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं। आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों पर महिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिला उद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तस्वीर का एक रुख है।तस्वीर का दूसरा रुख है 2021 की एक सर्वे रिपोर्ट जिसमें यह बात सामने आती है कि 37 प्रतिशत महिलाओं को उसी काम के लिए पुरुषों के मुकाबले कम वेतन दिया जाता है। 85 फीसद महिलाओं का कहना है कि उन्हें पदोन्नति और वेतन के मामले में नौकरी में पुरुषों के समान अवसर नहीं मिलते। लिंक्डइन की इस सर्वे रिपोर्ट के अनुसार आज भी कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। महिलाओं को काम करने के समान अवसर उपलब्ध कराने के मामले में 55 देशों की सूची में भारत 52वें नम्बर पर है। इसे क्या कहा जाए कि हम वैश्विक स्तर पर महिला दिवस जैसे आयोजन करते हैं जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देने की बातें करते हैं लेकिन जब तनख्वाह, पदोन्नति, समान अवसर प्रदान करने जैसे विषय आते हैं तो हम 55 देशों की सूची में अंतिम पायदानों पर होते हैं। जाहिर है कि जब इस मुद्दे पर चर्चा होती है तो अनेक तर्क वितर्कों के माध्यमों से महिला सशक्तिकरण से लेकर नारी मुक्ति और स्त्री उदारवाद से लेकर लैंगिक समानता जैसे भारी भरकम शब्द भी सामने आते हैं और यहीं हम विषय से भटक जाते हैं क्योंकि उपरोक्त विमर्शों के साथ शुरू होता है पितृसत्तात्मक समाज का विरोध। यह विरोध शुरू होता है पुरुषों से बराबरी के आचरण के साथ। पुरुषों जैसे कपड़ों से लेकर पुरुषों जैसा आहार विहार जिसमें मदिरा पान सिगरेट सेवन तक शामिल होता है। जाहिर है कि तथाकथित उदारवादियों का स्त्री विमर्श का यह आंदोलन उदारवाद के नाम पर फूहड़ता के साथ शुरू होता है और समानता के नाम पर मानसिक दिवालियेपन पर खत्म हो जाता है।हमें यह समझना चाहिए कि जब हम महिलाओं के लिए लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम उनके साथ होने वाले लैंगिग भेदभाव की बात कर रहे होते हैं। इस क्रम में समझने वाला विषय यह है कि अगर यह लैंगिक भेदभाव केवल महिलाओं द्वारा पुरुषों के समान कपड़े पहनने या फिर आचरण रखने जैसे सतही आचरण से खत्म होना होता तो अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे तथाकथित विकसित और आधुनिक देशों में यह कब का खत्म हो गया होता। लेकिन सच्चाई तो यह है कि इन देशों की महिलाएं भी अपने अधिकारों के लिए आज भी संघर्ष कर रही हैं। भारत हो या कोई भी देश हमें धर्म या परंपरा के नाम पर भेदभाव के औचित्य और सामयिकता पर विचार करना चाहिए।

> **आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों पर महिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिला उद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तस्वीर का एक रुख है।**

इन दिनों

# कल्पना सोरेन के समक्ष राजनीतिक चुनौतियां



विजय केसरी

**पूर्व** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का झारखंड मुक्ति मोर्चा की राजनीति में बहुत ही शानदार तरीके से प्रवेश हुआ, लेकिन उनके समक्ष राजनीतिक चुनौतियां कम नहीं है। वह एक पढ़ी-लिखी महिला हैं। वह प्ले स्कूल चलाती रही हैं। उन्हें मनोविज्ञान की अच्छी जानकारी है। वह एक मोटीवेटर स्पीकर रही हैं। अपने इन गुणों और अनुभवों का झारखंड मुक्ति मोर्चा की राजनीति को अपने पक्ष में करने में कितना सफल हो पाती हैं? ये बातें समय के गर्भ में छुपी हुई हैं। कल्पना सोरेन का गिरिडीह जिले में आयोजित झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस में कार्यकर्ताओं ने बहुत ही शानदार तरीके से स्वागत किया है। जब कल्पना सोरेन पहली बार झारखंड मुक्ति मोर्चा के सार्वजनिक मंच पर आईं, तब उनके साथआज झारखंड मूर्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सम्मिलित थे। अर्थात कमला सोरेन के कंधों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की संपूर्ण जवाबदेही आन पड़ी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा एक क्षेत्रीय पार्टी है। राष्ट्रीय राजनीति में जिस तरह भाजपा उभर कर सामने आई हैं ,ऐसे में क्षेत्रीय दलों को अपने अस्तित्व को कायम रखने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वाभाविक है कि क्षेत्रीय दलों के समक्ष एक कई नई चुनौतियां भी उत्पन्न हो गई हैं,अपने अस्तित्व को बचाये रखने की। झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी में शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के अलावा कोई ऐसे बड़े नेता सामने उभर कर नहीं आ पाये हैं,जो द्वय नेताओं की अनुपस्थिति में प्रांत की जनता से सीधा तालमेल बना सके। ऐसी विषम राजनीतिक परिस्थिति में कल्पना सोरेन का झारखंड मुक्ति मोर्चा की राजनीति में प्रवेश हुआ है। वहीं दूसरी ओर उनके ही परिवार के अन्य लोग कल्पना सोरेन को प्रमोट किये जाने से नाराज है। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के भी कई विधायक नाराज हैं।इन विपरीत राजनीतिक परिस्थितियों को अपने पक्ष में करने की एक बड़ी जवाबदेही कल्पना सोरेन के समक्ष है। गिरिडीह की एक जनसभा में कल्पना सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने बड़े ही उत्साह के साथ स्वागत किया है। इस उत्साह को कल्पना सोरेन आने वाले दिनों में कितना बरकरार रख पाती हैं? यह भी एक चुनौती उनके समक्ष है। आने वाले लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में कल्पना सोरेन विपक्ष को कितनी करारी टक्कर दे पाती हैं? यह भी एक बड़ी चुनौती उनके समक्ष है। उन्होंने मंच से पूरी दृढ़ता और मजबूती के साथ अपनी बातों को रखा। उन्होंने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भाजपा की सरकार द्वारा अकारण जेल भेज दिये जाने की कार्रवाई का भी जिक्र किया । साथ ही उन्होंने अपने पति हेमंत सोरेन को जेल से छुड़ाने के लिए संघर्ष का आह्वान भी किया। कल्पना सोरेन ने जिस प्रकार अपने पति हेमंत सोरेन को जेल से छुड़वाने के लिए संघर्ष का आह्वान किया है, अगर इस सेंटीमेंट को तमाम झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं सहित आदिवासियों के बीच जगाने में सफल रहती हैं, तब यह सेंटीमेंटल भाषण उनकी राजनीति के लिए एक कारगर कदम सिद्ध होगी। ध्यातव्य है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी होने के बावजूद कल्पना सोरेन कभी भी झारखंड राजनीति में सक्रिय नहीं रही बल्कि एक शिक्षिका के रूप में रांची में एक प्ले स्कूल चलाती रही हैं। अचानक एक वर्ष पूर्व जब ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग और जमीन घोटाले के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन भेजा, तभी से हेमंत सोरेन के बाद झारखंड के अगले मुख्यमंत्री कौन होंगें? तभी कमल सोरेन का नाम आया। ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ जिस प्रकार जमीन घोटाला और मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया है। कानून के जानकारों का कहना है कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से उन्हें जल्द कोई राहत नहीं मिलने वाली है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि 2024 में लोकसभा के चुनाव और वर्ष के अंत में होने वाले झारखंड विधानसभा के चुनाव में हेमंत सोरेन सीधे भाग नहीं ले सकेंगे। वहीं दूसरी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन बीमार हैं। रूपा सोरेन भी बीमार हैं । ऐसे में झारखंड मुक्ति मोर्चा की पूरी जवाबदेही कल्पना सोरेन के कंधों पर है। एक ओर इन तीनों की अनुपस्थिति, दूसरी ओर परिवार के अन्य सदस्यों का असहयोग, साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के कुछ विधायकों के भी असहयोग का सामना कल्पना सोरेन को करना पड़ रहा है। कल्पना सोरेन ने रांची से ही ग्रेजुएशन पूरा किया। ग्रेजुएशन के बाद दो-दो विषयों में स्नातकोत्तर किया। वह छात्र जीवन से ही मंच पर मुखर रही हैं। वह एक अच्छी मोटिवेशनल स्पीकर भी रही हैं। उन्हें मनोविज्ञान की भी अच्छी जानकारी हैं, जो कि प्ले स्कूल चलाती रही हैं। कल्पना सोरेन हिंदी,अंग्रेजी और संथाली भाषा धारा प्रवाह बोल सकती हैं। ये विशिष्ट गुण उनकी राजनीति के लिए एक मजबूत अस्त्र के रूप में काम आएंगे। उनके पिता सेना में एक सोल्जर के रूप में कार्यरत थे। अब उनके पिता सेना से सेवा निर्मित हो चुके हैं। यह स्वाभाविक है कि पिता के सेना में रहने के कारण कल्पना सोरेन को घर में युद्ध संबंधी जानकारियां मिलती रहती थी। कल्पना सोरेन बहुत ही मन से युद्ध के किस्से अपने पिता से सुना करती थी। उन्हें संघर्ष करने की प्रेरणा अपने परिवार से मिली थी। अब उस संघर्ष की प्रेरणा उन्हें अपने ससुराल में काम आयेगी। उन्होंने अपने जन्मदिन पर सबसे पहले अपने पति हेमंत सोरेन से मिली और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद कल्पना सोरेन ने अपने ससुर झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन एवं सास रूपा सोरेन से आशीर्वाद लिया। इससे प्रतीत होता है कि कल्पना सोरेन पूरी तरह विचार कर एक रणनीति के तहत राजनीति में प्रवेश की हैं। कल्पना सोरेन ने झारखंड की राजनीति में प्रवेश करने के लिए अपने जन्मदिन को चुना। कल्पना सोरेन ने अपने जन्मदिन पर सोशल मीडिया साइट पर खुद एक पोस्ट कर राजनीति में प्रवेश की जानकारी दी। आगे कल्पना सोरेन ने कहा कि 'मेरे पिता भारतीय सेना में थे। वे सेना से रिटायर हो चुके हैं। पिताजी ने सेना में रहकर देश के दुश्मनों का डटकर सामना किया। बचपन से ही उन्होंने मुझ में बिना डरे सच के लिए संघर्ष करना और लड़ना सिखाया है। झारखंड वासियों और झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार के असंख्य कार्यकताओं की मांग पर सोमवार से मैं सार्वजनिक राजनीतिक जीवन की शुरूआत कर रही हूं । जब तक हेमंत जी हम सभी के बीच नहीं आ जाते हैं। तब तक मैं उनकी आवाज बनकर आप सभी के बीच उनके विचारों को आपसे साझा करती रहूंगी। आपकी सेवा करती रहूंगी। मुझे विश्वास है कि जैसा स्नेह और आशीर्वाद आप सबों ने अपने बेटे और भाई हेमंत जी को दिया है, वैसा ही स्नेह और आशीर्वाद मुझे यानी हेमंत जी की जीवन संगिनी को भी देंगें। 'उपरोक्त वक्तव्य के माध्यम से कल्पना सोरेन ने बड़ी दूर की बात कही है। इस तरह के बयान प्रखर राजनीतिज्ञ ही जारी कर पाते हैं। कल्पना सोरेन पूरी तैयारी के साथ झारखंड की राजनीति में उतरी हैं। उन्होंने कमर कस लिया है कि जब तक अपने पति हेमंत सोरेन को जेल से छुड़ा नहीं लेती है, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। इस ऐलान के साथ कल्पना सोरेन झारखंड की राजनीति में प्रवेश की हैं। कल्पना सोरेन को यूपीए विधायक घटक दलों का भी नैतिक समर्थन प्राप्त है। पूरी ताकत और जोश के साथ राजनीति के मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामी हैं। अप घटक दालों के बीच कल्पना सोरेन को अपनी पैठ कायम रखने के लिए हर कदम फूंक फूंक कर चने की जरूरत है। शिबू सोरेन, रूपा सोरेन और हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति की राजनीतिक लाभ भी कल्पना सोरेन ले सकती हैं यह सब निर्भर करता है, कल्पना सोरेन के बढ़ते राजनीतिक कदमों पर। कल्पना सोरेन निडरता और सच के लिए लड़ने की सीख अपने सेवानिवृत्ति सैनिक पिता से प्राप्त की हैं। कल्पना सोरेन को जिस तरह झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने गिरिडीह की सभा में स्वागत किया है, साथ ही इस दौरान वह जिन जिन मार्गो से वह गुजरीं, उनका झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार अभिनंदन किया है। यह कल्पना सोरेन के लिए एक बड़ी अच्छी खबर है। लेकिन यह सिर्फ राजनीति का बाहरी आवरण है। अंदर की राजनीति कुछ और ही बयां कर रही हैं। अब देखना यह है कि कल्पना सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए कितना कारगर सिद्ध हो पाती हैं ? कल्पना सोरेन आने वाले लोकसभा और झारखंड विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा और यूपीए घटक दलों को कितना सीट दिला पाती हैं? अपने सैनिक पिता की सीख का कल्पना सोरेन अपने समक्ष उत्पन्न राजनीतिक चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए किस रूप में इस्तेमाल करती हैं ? यह देखना है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## आपकी बात

### खरीफ के बाद रबी की फसलें भी चौपट

विदित हो कि पिछले तीन साल से जिले में खरीफ की फसल कमजोर मानसून की भेंट चढ़ रही है। साथ ही लगातार रबी की फसल पर भी मौसम की मार पड़ रही है। ऐसे में दूसरों का पेट भरने वाला अन्नदाता के समक्ष खुद अपनी जीविका का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। कहने को तो सरकार द्वारा किसानों के हित में तमाम योजनायें संचालित की जा रही हैं, किंतु धरातल पर वास्तविक पीड़ितों को उसका लाभ मिलता नहीं दिख रहा है। इससे फसलों के नुकसान



के साथ किसान महाजनों के ऋण के दोहरा बोझ तले दबे हैं। किसानों को राहत के लिये आवश्यक है। शासन स्तर पर सही तरीके से मुआयना कर प्रभावित किसानों को समुचित राहत प्रदान करने का। मेदिनीनगर जिले में हुई झमाझम बरसात से किसानों की बची-खुची आस भी टूट गयी है। ओलावृष्टि के बाद बच गई रबी की फसलें भी बरसात की भेंट चढ़ जाने से किसान हतप्रभ हैं। एक पखवारे के अंतराल में दो बार आंधी-पानी के साथ हुई ओलावृष्टि से रबी की दो-तिहाई फसलें पहले ही नष्ट हो चुकी हैं। खेतों में पकी अरहर, चना, मसूर आदि फसलों को किसान अभी समेटने की तैयारी ही कर रहे थे कि रविवार भोर से हो रही बरसात ने उनकी कमर पूरी तरह तोड़ दी है। हसुआ लेकर फसल काटने के लिये खेतों में जाने को तैयार किसान घर से बाहर नहीं निकल पाये। किसानों का कहना है कि प्रतीत होता है। इंद्रदेव पूरी तरह से उनसे कूपित हैं। तभी तो खरीफ की फसल को बरसात के बिना तो रबी की पानी-पानी करके तहस-नहस कर दे रहे हैं। मौसम की बेरुखी देख कई किसान तो अब खेती छोड़ने का मन बनाने लगे हैं। पलामू वैसे ही बेरोजगारी का दंश झेलने को अभिशप्त है। यदि किसान खेती छोड़ने लगेंगे तो जिले में अतिरिक्त बेरोजगारों की फौज खड़ी हो जायेगी। नतीजन जिले से पलायन का ग्राफ और भी बढ़ जायेगा। ऐसे में सरकार को किसानों की स्थिति में सुधार के लिये निश्चित ही सकारात्मक कदम उठाने चाहिये। जिससे किसानों की बदहाली रुक सके। -

- अनुराग तिवारी पलामू।

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

प्रगति

# आजादी के बाद विमानन क्षेत्र में बड़ी 'उड़ान'



रोहित माथुर

योजना स्वतंत्रता के बाद भारत में विमानन क्षेत्र में लाई गई अब तक की सबसे नवीन और समझदारी से तैयार की गई योजना है। उड़ान का जमीनी स्तर पर जो असर दिख रहा है, वह भले ही दिल्ली में स्पष्ट रूप से दिखाई न दे, लेकिन यह देश के कुछ दूरदराज और सुदूरवर्ती इलाकों में क्रांति ला रहा है। उड़ान की सफलता की कहानियां पूरे भारत के अनेक टियर 2 और टियर 3 शहरों में फैली हुई हैं। दरभंगा का उदाहरण लें, जो पटना के बाद बिहार में विमान परिचालन शुरू करने वाला दूसरा हवाई अड्डा है। यह उड़ान की एक बड़ी सफलता की कहानी है और आज दरभंगा प्रतिदिन 1500 से अधिक यात्रियों का आवागमन संभालता है। यही कहानी प्रयागराज और कानपुर की भी है, जहां उड़ान के अंतर्गत इंडिगो ने 2018-19 के आसपास प्रयागराज-बेंगलुरु और स्पाइसजेट ने कानपुर-दिल्ली शुरू की जहां इससे पहले इन शहरों के लिए शायद ही कोई विमान सेवा संचालित होती थीं। आज महज 4-5 साल में ये दोनों हवाई अड्डे रोजाना 1000-1500 यात्रियों को संभाल रहे हैं। उड़ान की सफलता की कहानियों के कई अन्य उदाहरण हैं जैसे कि बरेली, शिमोगा, कन्नूर आदि। ये टियर 2 और टियर 3 शहर अचानक वाणिज्यिक विमानन के लिए विकास के अग्रदूत बन गए हैं। एयरलाइंस को न केवल अच्छा ट्रैफिक मिल रहा है, बल्कि मेट्रो शहरों के बीच संचालित होने वाली उड़ानों की तुलना में इन टियर 2 टियर 3 शहरों मेंउनका औसत प्रति सीट किमी राजस्व भी अधिक है। उड़ान योजना की इन उड़ानों से प्राप्त प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर, एयरलाइंस अब टियर 2/3 शहरों में नये उड़ान मार्ग शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। ये तो बस अधूरी कहानी ही है। उड़ान की बड़ी कहानी भारत के कुछ सुदूरवर्ती और ऐसे शहरों से विमानों और हेलीकॉप्टरों का संचालन करने वाले अनेक छोटे उद्योगपतियों के उभरने से है जहां अब तक हवाई सम्पर्क नहीं था। यह बहुत आश्चर्य की बात है कि उड़ान योजना के सामने आने से पहले भारत जैसे बड़े देश के पास 80 सीट से कम श्रेणी वाला केवल 1 विमान था, जो शिमला मार्ग पर एलायंस एयर द्वारा संचालित एटीआर 42 था।

> **उड़ान का जमीनी स्तर पर जो असर दिख रहा है, वह भले ही दिल्ली में स्पष्ट रूप से दिखाई न दे, लेकिन यह देश के कुछ दूरदराज और सुदूरवर्ती इलाकों में क्रांति ला रहा है।**

## फेसबुक वॉल से

**Rishikesh Kansyakar**
2 d ·

रविवार की शाम *ऑल इंडिया कल्चरल काउंसिल (झारखंड प्रदेश)* के सौजन्य से *JFTA स्टूडियो थियेटर* के मंच पर *तू तू मैं में थियेटर फेस्टिवल* का आयोजन किया गया, जिसके तहत *टीम अंशु* ने नाटक *मकान की थकान* और *टीम अपराजिता* ने नाटक *प्रमोशन* का सफल मंचन किया,

मौके पर मौजूद *एआईसीसी* के अध्यक्ष *ऋषिकेश लाल* और उनकी सुपुत्री *ऋषिका*, रंगमंच परिवार से *सर मधुरेश चंद्र* और *मैम वीणा चंद्र* ने भी दोनो नाटकों का खूब लुत्फ उठाया.... दर्शकों ने नाटकों का खुब आनंद लिए सभी कलाकारों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया



Vineeta + 32 · 5 comments

## X - से

**TIMES NOW** @TimesNow

**Indians From Punjab, Haryana Duped Into Fighting For Russia, Claim They Went As 'Tourists'**




From timesnownews.com

9:15 AM · 06/03/24 From Earth · 1.7K Views

2 Reposts 2 Likes

# रामलला के दर्शन की सुखानुभूति



सम्पतिया उइके

**अयोध्या** में नवनिर्मित भव्य राम मंदिर में संपूर्ण विधि-विधान से रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद से ही प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ अयोध्या पहुंच रही है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल के हम सभी सदस्य गत दिवस रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम पहुंचे। इस अवसर पर मोहन यादव सरकार के हम सभी मंत्रियों ने नवनिर्मित मंदिर का अवलोकन भी किया। रामलला की भव्य प्रतिमा और नवनिर्मित मंदिर की भव्यता ने हमें मंत्रमुग्ध कर दिया। हम मंत्रीगण मात्र एक दिवसीय प्रवास पर अयोध्या पहुंचे थे, लेकिन मंदिर का अद्भुत सौंदर्य देखकर हम लोगों को ऐसा महसूस हुआ कि रामलला की मनोहारी प्रतिमा और मंदिर की भव्यता को निहारने के लिए एक दिन का समय अपर्याप्त है। मैं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के साथ जब पारंपरिक नागर शैली में निर्मित नव्य भव्य मंदिर के सभी स्तंभों और दीवारों पर अंकित हिंदू देवी-देवताओं के मनोहारी चित्रों का अवलोकन कर रही थी, तो मेरे सहयोगियों की वहां से आगे बढ़ने की इच्छा ही नहीं हो रही थी। सभी मंत्रियों की बस यही राय थी कि अयोध्या में रामलला की भव्य प्रतिमा के दर्शन और मंदिर की भव्यता देखकर उन्हें जो अनुभूति हुई वैसी अनुभूति उन्हें अपने जीवन में पहले कभी नहीं हुई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रामलला की प्रतिमा को सपरिवार साष्टांग दंडवत प्रणाम करने के बाद कहा, 'प्रभु श्री राम के दर्शन कई जन्मों के पुण्य का प्रताप है। ऐसा लगा जैसे प्रभु राम अपने बाल रूप में साक्षात विद्यमान हैं। उनके दर्शन से जीवन धन्य हो गया।' मंदिर के अंदर रामलला के दर्शन के बाद हम सभी सहयोगियों ने भाव विभोर होकर संपूर्ण भक्ति भाव के साथ कुछ देर भजन भी किया। ईश्वर भक्ति के उन पलों में हुए अपार आनंद की अनुभूति को शब्दों में व्यक्त करना मुश्किल है। मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने रामलला से एक ही प्रार्थना की कि उन्हें जीवन में बार-बार अयोध्या आकर अपने आराध्य के दर्शन लाभ का सौभाग्य मिलता रहे। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में हम सभी मंत्रियों ने भगवान श्री राम से मध्यप्रदेश सहित समस्त देशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। मोहन यादव सरकार के हम सभी सदस्य अयोध्या की यात्रा के दौरान भजन पूजन में इतने लीन हो गये थे कि यह अहसास ही नहीं हुआ कि पूरा समय कैसे बीत गया।

> **मोहन यादव ने रामलला की प्रतिमा को सपरिवार साष्टांग दंडवत प्रणाम करने के बाद कहा, 'प्रभु श्री राम के दर्शन कई जन्मों के पुण्य का प्रताप है। ऐसा लगा जैसे प्रभु राम अपने बाल रूप में साक्षात विद्यमान हैं।**

बोधि वृक्ष

## फल्गु नदी के किनारे पर स्थित विष्णु मंदिर

**इस** मंदिर का अष्टकोणीय आकार इस मंदिर की भव्यता को बेहद आकर्षित बनाता है।



**राक्षस के नाम पर पड़ा था गया का नाम :** पवित्र स्थान गया का नाम गयासुर नामक राक्षस के नाम पर रखा गया है, जिसने एक अर्घ्य दिया और वरदान मांगा कि जो भी उसे देखता है, उसे मोक्ष मिलेगा। इसके कारण गलत होने के बाद भी लोगों ने उसे देखकर मोक्ष प्राप्त करना शुरू कर दिया। इसका सामना करने और मानवता को बचाने में असमर्थ, सर्वशक्तिमान उसके सामने प्रकट हुए और उसे नीचे की दुनिया में जाने के लिए कहा। भगवान विष्णु ने गयासुर के सिर पर अपना दाहिना पैर रखकर उसे उस चट्टान पर अपने पैरों के निशान छापते हुए पाताललोक में भेज दिया जो आज भी दिखाई दे रहा है। पितृपक्ष के अवसर पर यहां श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जुटती है। **दूर-दूर से पहुंचते हैं भक्त :** मंदिर को लेकर ऐसी भी मान्यता है कि पितरों के तर्पण के पश्चात इस मंदिर में भगवान विष्णु के चरणों के दर्शन करने से समस्त दुखों का नाश होता है एवं पूर्वज पुण्यलोक को प्राप्त करते हैं। इस मंदिर परिसर के अंदर ही कुछ और छोटे मंदिर भी हैं जो भगनान नरसिंह को और भगवान शिव के अवतार 'फल्गीश्वर' को समर्पित हैं। ये मंदिर हिन्दुओं के लिए बहुत ही का स्थान रखता हैं। यह मंदिर श्रद्धालुओं के अलावा पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। **(समाप्त)**

टेक वर्ल्ड

## फ्लिपकार्ट ने लॉच किया खुद का यूपीआई

इसका इस्तेमाल दफकोड को स्कैन करके फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस के बाहर पेमेंट करने के लिए भी किया जा सकता है। इस यूपीआई का इस्तेमाल लेनदेन के लए सुपरकॉइन, कैशबैक और वाउचर सहित कई बेनिफिट्स दे रहा है। यूजर्स अपने पहले पांच स्कैन और पेमेंट ट्रांजेक्शन पर कम से कम 100 रुपये के भुगतान पर 10 सुपरकॉइन हासिल कर सकते हैं। इसी तरह, हॅ१३ समर्थित ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट के पहले ऑर्डर पर फ्लैट 25 रुपये के डिस्काउंट की पेशकश कर रही है। **(समाप्त)**




### WhatsApp ले कर आया है नया फीचर, बदल देगा आपके फोटो, वीडियो भेजने का अनुभव

सच बात तो यह है कि व्हाट्सएप पर न केवल मैसेजिंग होती है, बल्कि फोटो से लेकर वीडियो तक शेयर किये जाने लगे हैं। चाहे घर में कोई इवेंट हो या ऑफिस का कोई इवेंट हो यकीन मानिए लोग फोटो और वीडियो व्हाट्सएप के माध्यम से ही शेयर करते हैं। व्हाट्सएप आजकल हर किसी की जिंदगी में गहरे तक समाया हुआ है। आप चाहे ऑफिशियल वर्क करें, चाहे आप पर्सनल वर्क करें, व्हाट्सएप तो उसमें रहेगा ही! बल्कि एप्लीकेशंस की दुनिया में व्हाट्सएप पर संभवत आपका सर्वाधिक समय व्यतीत होता होगा और इसका कारण बड़ा साफ है। आज के समय में लोग व्हाट्सएप्प के जरिये ही एक दूसरे से कनेक्शन में बने रहते हैं। सच बात तो यह है कि व्हाट्सएप पर न केवल मैसेजिंग होती है, बल्कि फोटो से लेकर वीडियो तक शेयर किये जाने लगे हैं। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### रेलवे के काले कानून के विरोध में अलारसा का प्रदर्शन

**रामगढ़।** ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (अलारसा) के केन्द्रीय कमेटी के आह्वान पर लॉबी बरकाकाना में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान रेलवे के काले कानून 14(2) के तहत किसी भी घटना में कर्मचारी का पक्ष लिए बिना सीधे रिमूव फ्रॉम सर्विस के विरोध में प्रदर्शन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कठुआ के रेल रोल डाउन केस में चालक दल को बिना उनका पक्ष जाने नौकरी से निकाल दिया गया, जो कि संवैधानिक अधिकारों का पूर्णतः हनन है। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए पूर्व शाखा सचिव आरआर प्रसाद ने कहा कि एक ओर जहां चालक दल रेलवे के राजस्व में वृद्धि के लिए दिन रात एक करके पूरी निष्ठा के साथ ड्यूटी कर रहे हैं, अपने परिवार से दूर, रेस्ट, छुट्टी, कैंसिल कर कड़ी मेहनत कर भारतीय रेलवे की सेवा कर रहे हैं।

### नगरपरिषद ने दो बकायेदारों का बैंक खाता किया फ्रिज

**रामगढ़।** नगर परिषद रामगढ़ कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार ने होल्डिंग टैक्स के बकाएदारों के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार किया है। इसके तहत दो बकाएदारों का बैंक खाता फ्रीज कराया। बताया गया कि टायरमोड़ स्थित आकांक्षा फर्नीचर के संचालक बिजेंद्र कुमार पांडेय 3-4 वर्ष से होल्डिंग 76 हजार 881 रूपया बकाया है। इसे लेकर कई बार नगर परिषद की ओर से उन्हें नोटिस दिया गया। साथ अखबार में इश्तेहार भी छपाया गया। बावजूद इसके बिजेंद्र पांडेय ने बकाया जमा नहीं किया। इसके बाद नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी ने बिजेंद्र पांडेय का सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में संचालित खाता को सीज करा दिया। ऐसा ही मामला रांची रोड निवासी होटल संचालक अशोक जैन का भी है। उन पर होल्डिंग टैक्स का 1 लाख 87 हजार रुपए बकाया था। तमाम प्रक्रिया अपनाते हुए उनका खाता फ्रीज करा दिया गया।

### रामगढ़ विधायक ने ढुठुवा में तालाब गहरीकरण का किया शिलान्यास

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के ढुठुवा गांव में तालाब गहरीकरण व सुंदरीकरण का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुनिता चौधरी व विशिष्ट अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, सोसो मुखिया उर्मिला देवी व पंसस गोपाल प्रसाद शामिल थे। अतिथियों का स्वागत फूल माला पहनाकर किया गया, तत्पश्चात तालाब गहरीकरण व सुंदरीकरण का शिलान्यास के लिए मुख्य अतिथि विधायक जैसे ही आगे बढ़ी, शिलान्यास स्थल पर शिलापट्ट ना देखकर भड़क गईं। विधायक थोड़ी देर रुक कर तालाब के छोटा सा चट्टान में नारियल फोड़ तालाब गहरीकरण का शिलान्यास किया। सुंदरीकरण कार्य भूमि संरक्षण विभाग हजारीबाग से किया जा रहा है और जिसके लिए पानी पंचायत समिति का गठन किया गया है। जिसका अध्यक्ष सुरेश महतो, सचिव गुलेश्वर महतो को बनाया गया है।

शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन

# धार्मिक आयोजनों से खुशहाली आती है, भाईचारा बढ़ता है : सुनीता चौधरी



**कलश यात्रा में 'ॐ नमः शिवाय' के गगनभेदी उद्घोष से रामगढ़ शहर का वतावरण हो गया भक्तिमय**

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** नगर परिषद क्षेत्र के मुर्रामकला प्रखंड कार्यालय नायक टोला स्थित शिव मंदिर कि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को कलश यात्रा का आयोजन हुआ। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो शामिल हुए। अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काटकर एवं कलश यात्रा में शामिल महिलाओं को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारम्भ किया। कलश यात्रा नायक टोला शिव मंदिर से आरम्भ होकर गांधी घाट स्थित दामोदर नदी तक गई। जहां श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरा। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं कि भीड़ कलश यात्रा के दौरान धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सदभावना हो, विश्व का कल्याण हो, हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय के गगनभेदी नारों से शहर के वतावरण हो भक्तिमय बनाते चल रही थी। श्रद्धालुओं द्वारा कलशों को मंदिर परिसर पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि पूर्वक स्थापित किया गया। मौके पर इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों का बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से लोगों के बीच भक्ति कि भावना का प्रसार होता है। साथ ही लोगों के बीच भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। विधायक ने कहा कि जहां भी ऐसे आयोजन होते हैं वहां प्रभु का वास होता है एवं वहां के लोगों के जीवन में खुशहाली आती है। जबकि विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से लोगों के जीवन में खुशहाली आने के साथ साथ वतावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो जाता है।

### बारघुटु के पास एक्सप्रेस-वे पर बन रहे अंडरपास को बंद करने का विरोध

**रामगढ़ / गोला।** भारत माला प्रोजेक्ट की ओरमांझी रांची से गोला होते हुए जेनामोड़ धनबाद तक बन रहे एक्सप्रेसवे रोड पर अंडरपास निर्माण को लेकर विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। गोला के बारघुटू, कोइया, कमती, सोंटई, रुंडई सहित अन्य कई गांव तक जाने के लिए जगह जगह ग्रामीण सड़क बना हुआ है। जिस पर मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया है। जिससे उक्त क्षेत्र के हजारों लोगों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व विधायक सुनीता चौधरी को आवेदन देकर अंडरपास रोड निर्माण की मांग की थी। सांसद व विधायक ने प्रभावित गांवों का दौरा कर स्थिति का जाएजा लिया। इसके बाद सांसद के पहल पर ग्रामीणों की एनएचआई के अधिकारियों व भारतमाला परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ वार्ता हुई। जिसमें तय हुआ कि उक्त गांव की ओर जाने के लिए ग्रामीण सड़क पर अंडरपास का निर्माण किया जाएगा।

विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति की सभापति ने डीडीसी के साथ की बैठक

# बच्चों के विकास में पुस्तकालयों का होता है बड़ा योगदान : अपर्णा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति के रामगढ़ जिले के दौरे के दौरान समिति के सभापति अपर्णा सेन गुप्ता ने जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित जिले के वरीय अधिकारियों, अधिकारियों के साथ बैठक की। मौके पर विधायक मांडू विधानसभा क्षेत्र जयप्रकाश भाई पटेल भी उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो द्वारा सभापति अपर्णा सेन गुप्ता एवं विधायक मांडू जय प्रकाश भाई पटेल पौधा देकर स्वागत किया गया। बैठक के दौरान सभापति ने कहा कि वर्तमान में बच्चों के विकास में पुस्तकालयों का योगदान बहुत बड़ा है। उनके द्वारा बताया गया कि साधारण वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोड़ते हुए उनके विकास में योगदान देने के उद्देश्य से सरकार पंचायत स्तर से जिला स्तर तक पुस्तकालय उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। सभापति द्वारा विभागवार संचालित पुस्तकालयों एवं पुस्तकालय निर्माण योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा सरकारी विद्यालयों में संचालित पुस्तकालय एवं उपलब्ध अन्य सुविधाओं, जिला कल्याण पदाधिकारी के द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चिन्हित कुल 53 पंचायतों के पंचायत भवन में पुस्तकालय निर्माण योजना, जिला नियोजन कार्यालय के प्रतिनिधि के द्वारा उनके विभाग के माध्यम से संचालित पुस्तकालय सहित जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित अन्य पुस्तकालयों की जानकारी दी गई।

# कलश शोभायात्रा पर फुटपाथ व्यवसायी संघ ने की पुष्प वर्षा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** एक सौ आठ कुण्डीय राष्ट्र - जागरण गायत्री महायज्ञ स्थानीय गांधी मैदान,मटवारी में 6 से 9 मार्च 2024 तक हो रहा है। जिसका श्रीगणेश मंगल कलश शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ किया गया। ग्रामीणों के द्वारा भक्ति भाव के साथ भगवा ध्वज लेकर ढोल झ ताशा की गड़गड़ाहट के साथ नगर भ्रमण किया गया। मंगल कलश शोभा यात्रा गांधी मैदान से प्रारंभ होकर पीटीसी चौक, डिस्ट्रिक बोर्ड चौक, इंद्रपुरी चौक होते हुए सदर अस्पताल पहुंची जहां पर फुटपाथ व्यवसायी संघ के अध्यक्ष सह प्रदेश संयोजक जैविक कृषि प्रकोष्ठ किसान मोर्चा, भाजपा,झारखंड के अनूप भाई के सौजन्य से फुटपाथ व्यवसायी संघ के बैनर तले तमाम श्रद्धालुओं का सदर अस्पताल रोड पर फूलों की बारिश कर स्वागत किया गया।इनके द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पीने के लिए बोतलबंद पानी की व्यवस्था किया गया। मौके पर अनूप भाई ने कहा कि गायत्री महायज्ञ विश्व कल्याण के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है,गायत्री महायज्ञ से मनुष्य के अंदर ऊर्जा का विकास होता है। यह यज्ञ गायत्री शक्तिपीठ हजारीबाग के देखरेख में कराया जा रहा है। श्री वर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 108 गर्भवती बहन - बेटियों का गर्भोत्सव संस्कार करने के साथ हीं 9 मार्च को निशुल्क 108 सामूहिक विवाह संपन्न किया जाएगा।

# पेंशन योजना के लाभुकों को प्रथम किस्त भुगतान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सर्वजन पेंशन योजना (50 से 60 वर्ष) के लाभुकों को प्रथम किस्त भुगतान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ का सम्मान सह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 6 मार्च को नगर भवन में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपायुक्त ने बड़ी संख्या में आए महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार ने पेंशन योजना में महिलाओं के लिए विशेष रूप से संशोधन करते हुए पेंशन योजना के लाभ के लिए सभी वर्ग की महिलाओं के लिए तथा अनुसूचित जाति और जनजाति के पुरुषों के लिए आयु सीमा 50 वर्ष कर इन वर्गों के उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब इस वर्ग के महिला और पुरुष 50 वर्ष की आयु में पेंशन के हकदार होंगे। आज के कार्यक्रम में पेंशन योजना के नए लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि हस्तांतरित की जायेगी। उपायुक्त ने उपस्थित महिलाओं को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया।

भव्य भंडारे के साथ हुआ कार्यक्रम का समापन

# हनुमान जी की कृपा से जीवन में खुशहाली आती है : मनोज



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** सुभाष नगर आरगड्डा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस पर 24 घंटे के अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। हरि कीर्तन के दौरान धार्मिक भजनों से आसपास के क्षेत्र में भक्ति कि बयार बहती रही। अखंड हरि कीर्तन के समापन पर मंदिर प्रबंधन कमेटी द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि हनुमान जी कि सच्चे मन से अराधना करने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं। हनुमान जी कि कृपा ऐसी होती है कि उनका आशीर्वाद उनके भक्त को सफलता कर शीखर तक पहुंचा देता है। जबकि मनोज कुमार महतो ने कहा कि हनुमान जी बहुत ही दयालु हैं और अपने भक्तों से शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि हनुमान जी कि कृपा से लोगों को सफलता कि प्राप्ति होती है और जीवन में खुशहाली आती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार महतो, उपाध्यक्ष रंजीत पासवान, बांटी सागर, अमर सागर, शिवम पिल्ले, बबलू कुमार, तीरथ प्रसाद, सौरभ कुमार, राजेश कुमार, विकास कुमार आदि ने योगदान दिया।

ज्योतिर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान का हुआ शुभारंभ

# वास्तुशास्त्र से संबंधित समस्याओं के समाधान में मिलेगी मदद : अमित

**लोग अपने जीवन की परेशानियों को दूर करने के लिए ज्योतिषाचार्य और वास्तुशास्त्र विशेषज्ञ की तलाश में रहते हैं**



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के मोदी काम्प्लेक्स में 6 मार्च कृष्ण पक्ष की विजया एकादशी के शुभ मुहूर्त के मौके पर उदघाटनकर्ता रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं रेड क्रॉस सोसाइटी रामगढ़ के निर्वाचित प्रतिनिधि अमित कुमार सिन्हा, मुख्य अतिथि हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. के. चंद्रा, विशिष्ट अतिथि झारखंड वैश्य समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष नन्दकिशोर गुप्ता, राजीव जायसवाल, अशोक जैन द्वारा ज्योतिर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर अमित कुमार सिन्हा ने कहा की संस्थान के आरम्भ होने से लोगों को ज्योतिष और वास्तुशास्त्र से संबंधित समस्याओं के समाधान में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोग अपने जीवन की परेशानियों को दूर करने के लिए विशेषज्ञ ज्योतिष और वास्तुशास्त्र विशेषज्ञ की तलाश में रहते हैं। कहा कि इस संस्था के शुरू होने से लोग आसानी से अपने ज्योतिष और वास्तुशास्त्र सम्बन्धी परेशानी दूर कर सकेंगे। इस संस्थान में प्रसिद्ध ज्योतिषी संतोषाचार्य जी रामगढ़ वासियों को ज्योतिष एवं वस्तु के सम्बन्ध में अपना बहुमूल्य परामर्श देंगे। वे ज्योतिष और वस्तु के विशेषज्ञ माने जाते हैं। मौके पर सीए अजीत जायसवाल, झारखंड वैश्य समाज के महासचिव रविन्द्र साहू, संतोष कुमार रंजन, खोगेंद्र साहू, जमुना साहू, विनोद कुमार, जीतू अग्रवाल, संजय शाहा, मनोज मंडल, राजेश कुमार गुप्ता, शिव शंकर साहू, चंद्रशेखर सिंह, पूर्णेंदु सिन्हा पुष्पेश आदि उपस्थित थे।

### ओड़गा में हाथी प्रभावित लोगों से कोलेबिरा विधायक ने की मुलाकात

**जलडेगा।** प्रखण्ड अन्तर्गत ओड़गा क्षेत्र में इन दोनों जंगली हाथियों का लगातार आतंक बढ़ता जा रहा है मामले की जानकारी मिलने पर बुधवार की सुबह कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंनगाडी पहुंचे। वहां हाथी द्वारा ओड़गा पाहनटोली सुनील जोजो एवं ओड़गा रामजड़ी नेलन कण्डुलना का घर ध्वस्त कर दिया है। मौके पर विधायक ने निरीक्षण करने के पश्चात वन क्षेत्र पदाधिकारी कोलेबिरा को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।मौके पर विधायक ने पीड़ित परिवार को अपनी ओर से सहयोग राशि प्रदान की एवं पीड़ित परिवार से कहा कि आपलोग जो भी क्षति हुई है उसके लिए एक आवेदन वन विभाग को दीजिए जिससे कि क्षतिपूर्ति का मुआवजा आपलोगों को मिल सके। विधायक ने कहा कि हाथी से जो क्षेत्र में उत्पात मचाया जा रहा है उस से निजात के लिए सरकार से सदन में भी आवाज उठाया गया है सरकार और विभाग ने हमें जवाब दिया है कि विभाग प्रशिक्षित मास्टर द्वारा क्षेत्र के लोगों को हाथी भगाने का प्रशिक्षण दिया गया है।ग्रामीण क्षेत्रों में हाथी भगाओ कमिटी बनाई गई है।

# भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में तूफानी जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। मंगलवार को मनीष जायसवाल ने इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में पूजा- अर्चना करके बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण, बरही और पदमा प्रखंड क्षेत्र के करीब दो दर्जन गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कर्णपुरा और कोयलांचल क्षेत्र में करीब दो दर्जन क्षेत्रों में तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया। अपने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत केरेडारी प्रखंड स्थित कंडाबेर अवस्थित मां अष्टभुजी मंदिर में माता रानी का पूजा- अर्चना के साथ किया। उन्होंने यहां माता रानी की ओर से जीत का आशिर्वाद भी प्राप्त हुआ। ज्ञात हो कुछ समय पूर्व भी मनीष जायसवाल ने यहां पूजा करके मन्नत मांगी थी तब भी उन्होंने यहां आशिर्वाद मिला था। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चतरा जिले के टंडवा प्रखंड स्थित पीपरवार भाजपा मंडल के अधीनस्थ क्षेत्र बहेरा पंचायत के ग्राम कारो, बकचा दक्षिणी पंचायत के बचरा और किचटो में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया और कई कार्यक्रम में शामिल हुए।

## न्यूज बॉक्स



### कार्यशाला में आज होगा ड्रोन शो का आयोजन

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय में 'ड्रोन प्रौद्योगिकी में व्यावहारिक दृष्टिकोण' पर पांच दिवसीय कार्यशाला में ड्रोन में राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला और अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग 'ड्रोन प्रौद्योगिकी में व्यावहारिक दृष्टिकोण' के विषय पर 4 मार्च से हो रही है। कार्यशाला में 7 मार्च को उड़ान टीम राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला द्वारा ड्रोन शो का आयोजन 11:00 बजे किया जाएगा। इस शो में विभिन्न प्रकार के ड्रोनो का प्रदर्शन एवं उनका सफलता पूर्वक प्रशिक्षण किया जाएगा। ड्रोन शो में विभिन्न प्रकार के 10 ड्रोनो का प्रदर्शन किया जाएगा जो कि उड़ान टीम द्वारा प्रयोगशाला में ही निर्माण किया गया है। उड़ान टीम के सदस्य सुमेध गजघते,कुलदीप मंडल, स्वप्निल गायकवाड़, उमेश साहू एवं बिप्लब चक्रवर्ती इस ड्रोन शो का प्रदर्शन करेंगे। इस कार्यशाला के कॉर्डिनेटर डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. संजय कुमार एवं डॉ० चिकेश रंजन हैं।

### 9 मार्च को प्रखंड मुख्यालय में लगेंगे फूड लाइसेंस शिविर




**बरही ।** व्यवसायियों के लिए फूड लाइसेंस शिविर के निर्गतन हेतु 9 मार्च को प्रखंड मुख्यालय में विशेष शिविर लगाए जायेंगे. उक्त जानकारी जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गीं ने दिया. उन्होंने बताया कि भारतीय खाद सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत कोई भी खाद्य कारोबारी बिना फूड लाइसेंस के व्यापार नहीं कर सकते है. इसके अभाव में छः महीने का कारावास या पांच लाख रुपए तक के जुमार्ना का प्रावधान है. उन्होंने बताया कि व्यापारियों की सुविधा के लिए प्रखंड मुख्यालय में शिविर का आयोजन किया जा रहा है. जो भी खाद्य व्यापारी अभी तक लाइसेंस नहीं बनाए है. उक्त शिविर में आवश्यक दस्तावेज जमाकर लाइसेंस बनवा लें अन्यथा पकड़े जाने पर विधि सम्मत कारवाई होगी. लाइसेंस निर्गत करवाने के लिए आवेदक को पहचान पत्र, व्यापार स्थल का एड्रेस प्रूफ और एक रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो की आवश्यक है. इसके साथ ही बारह लाख से अधिक वार्षिक टर्न ओभर वाले के लिए इन तीन दस्तावेज के अलावा प्रोपराइटर या पार्टनर की पूर्ण जानकारी के साथ व्यापार स्थल के स्वामित्व का प्रमाण पत्र जैसे बिजली बिल, टेलीफोन बिल या एफिडेविट देना होगा. होटल या रेस्टोरेंट के लिए जल की शुद्धता का प्रमाण पत्र, मछली या मटन दुकानदारों के लिए पंचायत प्रमुख से अनापत्ति प्रमाण पत्र और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए उत्पादन यूनिट का विवरण देना होगा. इसके लिए 12 लाख से ऊपर वार्षिक टर्नओवर वालों के लिए दो हजार रुपए और मैन्युफैक्चरर के लिए 5000 रुपए वार्षिक शुल्क निर्धारित है. डीएफएसओं ने सभी खाद्य व्यापारियों से उक्त शिविर में पधार कर लाइसेंस निर्गत करवाने की अपील किया है. जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के परेशानियो का सामना नहीं करना पड़े.

### एक वर्ष से आधार से लेने-देन नहीं होने वाले खाते हुए निष्क्रिय

**बरही ।** एनपीसीआई/आरबीआई ने एक वर्ष से अधिक समय से जिस खाते में आधार एनेबल्ड पेमेंट सिस्टम से लेन देन नही हुआ है, उसक आधार डिसेबल कर दिया है। इसे चालू करवाने के लिए खाता धारक को बैंक बीसी प्वाइंट पर जाकर आधार एनेबल करवाना होगा। अन्यथा खाताधारक आधार से पैसे का लेन देन नही कर सकते है. यह प्रतिबंध पीएमजेडीवाई और बीएसबीडीए खातों को छोड़कर किया गया है. इसका मुख्य उद्देश्य ग्राहकों के खाते में बढ़ते धोखाधड़ी को रोकना है। गौरतलब हो की एईपीएस (आधार एनेबल पेमेंट सिस्टम) एक ऐसी सुविधा है जहां ग्राहक बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट चैनल का उपयोग करके आधार के माध्यम से फिंगरप्रिंट देकर पैसे निकाल या जमा अथवा स्थानांतरित कर सकते हैं। धोखाधड़ी वाले लेनदेन से बचने और सार्वजनिक धन की सुरक्षा के लिए नियामक मानदंडों के अनुसार सभी बैंकों में यह सुविधा अक्षम कर दी गई है.

### पनिमाको गांव में ग्राम सभा का आयोजन



**टाटीझरिया ।** धर्मपुर पंचायत के पनिमाको गांव में चरकू टुड्डू आवास के समीप स्थानीय मुखिया कांति देवी के अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024 - 2025 में झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मनरेगा, पेंशन, पशुधन, योजना सहित विभिन्न कार्यों को सुचारू ढंग से लाभुकों के बीच मुहैय्या कराने को लेकर बुधवार को ज्ञापांक 307 दिनांक 2/3/2024 के आलोक के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक निरंजन प्रसाद ने किया। बैठक के दौरान रोजगार सेवक ने मौजूद ग्रामीणों से कहा कि यह योजना कार्य राज्य सरकार के निर्देश और टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय के बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज के आदेशानुसार ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। जो योग्य लाभार्थी है वे ग्राम सभा में स्वेक्षा पूर्वक योजनाओ को अंकित करवाए ताकि समयानुसार योजना कार्य को सफल बनाया जा सके। ग्राम सभा के दौरान में वार्ड सदस्या सुगनी देवी, रीता देवी, प्रेमलता देवी (जल सहिया), जोपला मांझी, बाबूराम मांझी, मोहन टुड्डू, हडया मांझी, कार्तिक टुड्डू, चुन्नू मांझी, कानू मांझी, बड़ामुनि देवी, सुनीता देवी,सनी देवी, सुरुजमुनि देवी,चुड़की देवी, मो.कर्मी, पानो देवी, अन्य कई लोग मौजूद थे।

### बरही प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आज से विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**बरही ।** सबकी योजना सबका विकास अभियान - २४ के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायत सचिवालयों में 7 मार्च से 9 मार्च के बीच विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाना है. जिसकी तहत पंचायतवासी अपने पंचायत के विकास के लिए योजनाओं का प्रस्ताव रखेंगे. बैठक को लेकर बीडीओ सी आर इंदीवार ने सभी पंचायत प्रधान और सचिव को पत्र जारी कर जीपीडीपी 24-25 को पूर्ण करने का निर्देश दिया है. जारी पत्र के अनुसार 7 मार्च को बरही पूर्वी पंचायत, बरही पश्चिमी पंचायत, बरसोत, बेंदगी, भंडारों, विजैया, डपोक, धनवार, दूलमहा, गौरियाकरमा, करसो और 9 मार्च को केदारूत, खोड़ाहर, कोल्हुआकला, कोनरा, मलकोको, रानीचुआ व रसोईयाधमना में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाना है. इसके लिए पूर्व में ही ग्राम पंचायत सहकर्ता दल (जीपीएफटी) का गठन किया जा चुका है. साथ ही वास्तविकता प्रदान करने के उद्देश्य से जीपीएफटी टीम को प्रशिक्षण भी दिए गए है. इसके साथ ही कार्य करनी गठन की तिथि 11 से 13 मार्च और ई ग्राम स्वराज में प्रविष्टि की अंतिम अतिथि 12 से 14 मार्च निर्धारित की गई है।

# राष्ट्रीय चैंपियनशिप महत्वपूर्ण घरेलू टूर्नामेंट : अध्यक्ष

**एजेंसी। नई दिल्ली।** सभी की निगाहें आगामी 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 पुणे पर होंगी। जहां भारत के शीर्ष हॉकी खिलाड़ी और उभरते सितारे अपनी-अपनी राज्य टीमों का प्रतिनिधित्व करते हुए सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

हॉकी इंडिया के चयनकर्ता आगामी राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए मुख्य संभावित खिलाड़ियों को चुनने के लिए यहां खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर करीब से नजर रखेंगे। अब ध्यान 2026 में एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप की योग्यता को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों का एक मजबूत पूल बनाने पर होगा।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप एक बहुत ही महत्वपूर्ण घरेलू टूर्नामेंट है। जहां हमें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से नई प्रतिभाएं उभरती हुई देखने को मिलेंगी। इस साल 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हमारी भागीदारी होगी।



जिसमें भारतीय टीम के सदस्य अपने संबंधित राज्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे। हॉकी इंडिया के चयनकर्ता सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर बारीकी से नजर रखेंगे और उनकी सिफारिश के आधार पर एक नए कोर ग्रुप का चयन किया जाएगा।

उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा भारतीय टीम के खिलाड़ियों के लिए भी, 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में अच्छा प्रदर्शन कोर ग्रुप में अपनी जगह बनाए रखने के लिए जरूरी है।

उन्होंने कहा कोई भी खिलाड़ी कोर ग्रुप में अपनी जगह पक्की नहीं कर सकता। हर किसी को जगह बनाने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से प्रदर्शन करना होगा। हमें अब 2026 में एफआईएच महिला विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन बनाने और लॉस एंजिल्स ओलंपिक की ओर बढ़ने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। भारत में काफी प्रतिभा है। राष्ट्रीय चैंपियनशिप नई प्रतिभाओं की पहचान करने का एक महत्वपूर्ण मंच है और हमें उन्हें सामने लाने के लिए घरेलू ढांचे को और मजबूत करने की जरूरत है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा हम घरेलू कैलेंडर में कुछ नये टूर्नामेंट शुरू करने पर विचार कर रहे हैं। खासकर महिला हॉकी के विकास के लिए। हमारे पास पहले से ही एक पुनर्गठित राष्ट्रीय चैंपियनशिप है लेकिन हम महिलाओं के लिए एक घरेलू लीग शुरू करने पर भी काम कर रहे हैं जो महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राष्ट्रीय कार्यक्रम में अपनी जगह बनाने का अवसर दे सकती है। अब समय आ गया है कि पुनर्निर्माण किया जाये और भविष्य में निवेश पर ध्यान केंद्रित किया जाये।

# नंबर-1 पर बुमराह, हेजलवुड और लियोन को मिली बढ़त



नाथन लियोन



जोश हेजलवुड



जसप्रीत बुमराह

**एजेंसी। दुबई।** आईसीसी ने नई टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और नाथन लियोन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरूआती मैच में अपने प्रदर्शन के बाद रैंकिंग में शीर्ष भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के काफी करीब पहुंच गए हैं।

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रांची में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट से बाहर रहने के बावजूद टेस्ट गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में अपने प्रदर्शन के दम पर जोश हेजलवुड (एक स्थान ऊपर चौथे स्थान पर) और ऑफ स्पिनर नाथन लियोन (दो स्थान ऊपर छठे स्थान पर) पहुंच गए हैं।

वेलिंगटन में शुरूआती टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की 172 रन की जीत में इस ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने कुल 14 विकेट लिये। हेजलवुड ने प्रत्येक पारी में न्यूजीलैंड के दो विकेट चटकाए, जबकि लियोन ने कुल मिलाकर 10 विकेट चटकाए जिससे बेसिन रिजर्व में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा।

बल्लेबाजी चार्ट में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज कैमरून ग्रीन शीर्ष 20 में पहुंच गए हैं। उनके नाबाद शतक के बाद ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन में पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड को 172 रनों से हराया था। पहली पारी में नाबाद 174 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए ग्रीन 22 पायदान ऊपर 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

वेलिंगटन में शून्य और 9 के स्कोर के बावजूद न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन बल्लेबाजी चार्ट में शीर्ष पर बने हुए हैं। जबकि स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड और मार्नस लाबुशेन रैंकिंग में नीचे खिसक गए हैं। स्मिथ 31 और शून्य के स्कोर के बाद एक स्थान नीचे तीसरे नंबर पर आ गए हैं। 2014 के बाद पहली बार वह 800 रेटिंग अंक से नीचे गए हैं। लाबुशेन सिर्फ तीन रन बनाने के बाद दिसंबर 2019 के बाद पहली बार शीर्ष 10 से बाहर हो गए हैं।

हेड के भी एक पायदान खिसकने से भारत के बल्लेबाजों विराट कोहली (एक पायदान ऊपर आठवें), यशस्वी जायसवाल (दो पायदान ऊपर 10वें) और रोहित शर्मा (दो पायदान ऊपर 11वें) को रैंकिंग में फायदा हुआ है।

## डब्ल्यूपीएल

### शबनीम इस्माइल ने फेंकी महिला क्रिकेट इतिहास की सबसे तेज गेंद



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने पहली बार 130 किमी प्रति घंटे की बाधा को पार करते हुए करते हुए महिला क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज गेंद फेंकी है। इस्माइल ने मंगलवार को दिल्ली में अपनी टीम मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच डब्ल्यूपीएल मैच में 132.1 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से गेंद फेंकी थी, जिसे ब्रॉडकास्ट पर स्पीड-गन ने रिकॉर्ड किया था। यह मैच के तीसरे ओवर की दूसरी गेंद थी जिसे इस्माइल ने कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग को फुल बॉल फेंकी, जो गेंद चूक गई और फ्रंट पैड पर लगी। मुंबई ने एलबीडब्ल्यू की अपील की लेकिन इसे ठुकरा दिया गया।

# खेलो इंडिया के एथलीट अब सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे : अनुराग

**एजेंसी। नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि केंद्र ने सरकारी नौकरी चाहने वाले खिलाड़ियों और खेलो इंडिया गेम्स के पदक विजेताओं के लिए पात्रता मानदंड में संशोधन किया है। इन नौकरियों के लिए खेलो इंडिया यूथ, यूनिवर्सिटी, पैरा और विंटर गेम्स के पदक विजेता पात्र होंगे।

ठाकुर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह कदम प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र के दृष्टिकोण और भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने के लिए एथलीटों के समर्थन में एक महत्वपूर्ण प्रगति को ध्यान में रखते उठाया गया है।

खेलमंत्री ने बुधवार को एक्स पर लिखा खिलाड़ियों के लिए बड़ी घोषणा! हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र, जमीनी स्तर पर प्रतिभा का पोषण करने और खेल को एक आकर्षक और व्यवहार्य कैरियर विकल्प में बदलने के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, खेलो इंडिया एथलीट अब सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग और खेल मंत्रालय के परामर्श से, सरकारी नौकरी चाहने वाले खिलाड़ियों के लिए पात्रता मानदंड में प्रगतिशील



संशोधन किए हैं!

उन्होंने आगे कहा यह अभूतपूर्व कदम अब खेलो इंडिया गेम्स- यूथ, यूनिवर्सिटी, पैरा और विंटर गेम्स के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियों के लिए पात्र बनाता है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न खेलों में समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए खेलों और आयोजनों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। ये संशोधित हैं ये नियम भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने में हमारे एथलीटों का समर्थन करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक हैं।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 29 फरवरी को संपन्न हुए, जिसमें चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने 32 स्वर्ण, 18 रजत और 21 कांस्य पदक सहित कुल 71 पदकों के साथ विजेता ट्रॉफी हासिल की।

वहीं भारतीय सेना लद्दाख में आयोजित खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के चौथे संस्करण की समग्र विजेता बनकर उभरी।

# चेतन देवराज मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** 31वें चेतन देवराज मेमोरियल ईस्ट जोन इंटर टेक्निकल क्रिकेट टूनार्मेंट की शुरूआत बुधवार को कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना ने बल्लेबाजी कर की। आज के उद्घाटन मैच के पहले मुकाबले में उषा मार्टिन विश्वविद्यालय ने बीआईटी पटना को हराया। आज के दूसरे मैच में सरला बिरला विश्वविद्यालय ने बीआईटी देवघर को हराया।

आज उषा मार्टिन के अमन ने 30 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। पटना के अनिकेत ने मुकाबला करते हुए 37 रन बनाए, पर टीम को जीत नहीं दिला सके और 17 रन से उषा मार्टिन ने मैच जीत लिया। वहीं, दूसरे मुकाबले में सरला बिरला विवि 90 रन से जीत गया। एक अन्य मैच में बीआईटी लालपुर का मुकाबला निफ्ट से हुआ। इसमें निफ्ट ने बीआईटी लालपुर को पराजित किया। इस प्रकार सरला बिरला विवि, उषा मार्टिन विवि और निफ्ट ने जीत दर्ज की।

आज के उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से पूर्व रणजी खिलाड़ी सब्बीर हुसैन और सचिन मौजूद थे। उद्घाटन समारोह में डीन डोफा डॉ भास्कर कर्ण, डॉ महेंद्र कुमार, डॉ संदीप शाहदेव, डॉ गौतम संदेलिया, राम महल, दुर्गा चरण, मनोज कुमार, एसपी सिंह और राणा प्रताप मिश्रा सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# दिव्यांगों को दिया जा रहा उचित प्लेटफॉर्म : सुदेश

## सेकेंड ईस्ट जोन दिव्यांग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया से एफिलिएटेड इंडियन क्रिकेट फेडरेशन फॉर डिसएबल इंडिया और झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन फॉर डिफरेंटली एबल्ड के तत्वावधान में दूसरी पूर्वी क्षेत्र दिव्यांग क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन रांची के मेकॉन स्टेडियम में हो रहा है। इस प्रतियोगिता में पूर्वी भारत की पांच टीमें भाग ले रही हैं। बुधवार को टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि आदिल हुसैन खेल मैनेजर, सीसीएल, अमित कुमार बेहरा, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी एनटीपीसी, रवि शंकर, निर्देशक एआईएम कोचिंग सेंटर, मोनिका आर्य, अध्यक्ष संभव ट्रस्ट ने किया। मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि अब दिव्यांगों को उचित प्लेटफार्म दिया जा रहा है। इस मौके पर दिव्यांगों ने कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इस



टूर्नामेंट में जेके इंटरनेशनल द्वारा बेस्ट प्लेयर अवार्ड के रूप में होंडा एक्टिवा दिया जा रहा है। बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट फील्डर, बेस्ट विकेटकीपर को भी इनामी राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

मौके पर झारखंड डिसएबल स्पोर्ट्स एंड वेलफेयर एकेडमी के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि आपको भगवान ने कुछ अलग होने का सामर्थ्य दिया है, आप इसका सही उपयोग करें। झारखंड डिसएबल स्पोर्ट्स एंड वेलफेयर एकेडमी के सचिव आफताब आलम ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजक खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग और सहयोग नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन, अदाणी पावर, मेकॉन लिमिटेड, शिव शिष्य परिवार, सुधा डेयरी, एआईएम कोचिंग सेंटर, सीएमपीडीआई, सीसीएल, केनरा बैंक, इंडियन बैंक, पारस एचईसी हॉस्पिटल, मेकॉन और जेके इंटरनेशनल स्कूल हैं। इस मौके पर झारखंड डिसएबल एंड वेलफेयर सोसाइटी के सह सचिव मुकेश कुमार दुबे भी उपस्थित थे।

आज का पहला मैच पश्चिम बंगाल और असम के बीच खेला गया। पश्चिम बंगाल ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग की और 15 ओवर में दो विकेट खोकर 177 रन बनाए। तुषार पॉल 41 बॉल में शानदार 70 रन बनाकर नाबाद रहे। सुबोध घोष 39, उप्पल मजूमदार 27 और संदीप लाल ने 19 रन बनाए। जवाब में असम की टीम 14.5 ओवर में 45 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। उत्पल मजूमदार, प्रकाश छेत्री, संदीप लाल ने दो-दो विकेट हासिल किए। मैन ऑफ द मैच पश्चिम बंगाल के तुषार पॉल रहे।

दूसरा मैच बिहार और ओडिशा के बीच हुआ। बिहार की टीम पहले बैटिंग करते हुए 15 ओवर में 50 रन बनाकर और ऑल आउट हो गई। वकार 25, कुणाल 16 रन बनाए। ओडिशा की तरफ से राजेश और सुहैल ने तीन तीन विकेट लिए। बाद में बैटिंग करते हुए ओडिशा की टीम ने 11.2 ओवर में 2 विकेट पर 86 रन बना लिये और मैच जीत लिया। ओडिशा की तरफ से सोमनाथ 33 एवं भारत 28 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच राजेश चुने गए। गुरुवार को टूर्नामेंट में तीन मैच होंगे।

# रणजी राष्ट्रीय खिलाड़ियों को कभी-कभी बुनियादी चीजों को फिर से खोजने का मौका देता है : सचिन

**एजेंसी। नई दिल्ली।** महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने कहा कि रणजी ट्रॉफी में खेलने से राष्ट्रीय खिलाड़ियों को बुनियादी बातों की ओर लौटने का मौका मिला है, साथ ही घरेलू टूर्नामेंट के स्तर को भी बढ़ावा मिला।

तेंदुलकर ने घरेलू क्रिकेट को समान प्राथमिकता देने की भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की पहल की भी सराहना की। बीसीसीआई ने इस महीने की शुरूआत में 2023-24 सीजन के लिए अनुबंधों की घोषणा की। ईशान किशन और श्रेयस अय्यर वार्षिक खिलाड़ी अनुबंध सूची से बाहर किए गए दो सबसे बड़े नामों में से थे।

तेंदुलकर ने मंगलवार रात एक्स पर पोस्ट किया बड़े होते हुए, हमारे ड्रेसिंग रूम में लगभग 7-8 भारतीय खिलाड़ी थे और उनके साथ खेलना मजेदार था। जब भारत के खिलाड़ी अपनी



घरेलू टीमों के लिए खेलते हैं तो इससे युवाओं के लिए खेल की गुणवत्ता बढ़ जाती है और कभी-कभी नई प्रतिभा की पहचान होती है। यह राष्ट्रीय खिलाड़ियों को कभी-कभी बुनियादी बातों को फिर से खोजने का मौका देता है। समय के साथ घरेलू टूर्नामेंटों में भाग लेने वाले शीर्ष खिलाड़ियों के साथ प्रशंसक भी अपनी घरेलू टीमों का अनुसरण करना और उनका अधिक समर्थन करना शुरू कर देंगे। बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देते हुए देखना अद्भुत है।

नागपुर में दूसरे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच के चौथे दिन विदर्भ अपने गेंदबाजों और यश राठौड़ और अक्षय वखारे की साहसिक पारियों की मदद से मध्य प्रदेश पर थोड़ी बढ़त बनाए हुए दिख रहा है। मैच पूरी तरह से तैयार है और मध्य प्रदेश को जीत के लिए 93 रनों की जरूरत है और उसके आखिरी चार विकेट बाकी हैं।

सचिन ने रणजी मैच पर कहा रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल रोमांचक रहा है! मुंबई को फाइनल में पहुंचने में शानदार बल्लेबाजी की मदद मिली जबकि दूसरा सेमीफाइनल अंतिम दिन तक अधर में लटका हुआ है - मध्य प्रदेश को जीत के लिए 90 रनों की जरूरत है, विदर्भ को 4 विकेट की जरूरत है। अपने पूरे करियर के दौरान, जब भी मुझे मौका मिला, मैं मुंबई के लिए खेलने के लिए उत्सुक रहा।

## टेनिस में वापसी को लेकर उत्सुक सिमोना



**नई दिल्ली।** पूर्व विंबलडन चैंपियन सिमोना हालेप खेल मध्यस्थता अदालत (सीएएस) द्वारा उनके चार साल के प्रतिबंध को घटाकर 9 महीने करने के बाद नए जोश के साथ टेनिस में वापसी करने के लिए उत्सुक हैं। इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन इंडिपेंडेंट ट्रिब्यूनल ने हालेप को डोपिंग रोधी नियम उल्लंघन का दोषी पाया था और पिछले सितंबर में उन पर चार साल का बैन लगाया था लेकिन अब इस बैन को कम कर दिया गया है। अब जल्द दौरे पर लौटने के लिए स्वतंत्र है।

# अस्मिता खेलो इंडिया योगासन प्रतिस्पर्धा के लिए झारखंड टीम उत्तर प्रदेश रवाना




**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में अस्मिता खेलो इंडिया योगासन प्रतिस्पर्धा का आयोजन 8 से 10 मार्च को होगा। इसमें भाग लेने के लिए पूजा नायक के नेतृत्व में योगासन झारखंड की टीम धनबाद रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। संघ के महासचिव विपिन कुमार पांडे ने सभी खिलाड़ियों को विदा किया। अस्मिता खेलो इंडिया वीमेंस लीग केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को खेल के क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए पिछले दो वर्षों से प्रारंभ की गई है। टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए झारखंड योगासन के सभी सदस्यों ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

## खबरें व्यापार जगत की

# आरबीआई ने क्रेडिट कार्ड के नियमों में किया बदलाव

**एजेंसी। नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने क्रेडिट कार्ड जारी करने और उसके इस्तेमाल से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। इससे क्रेडिट कार्ड लेते वक्त आपको अपने हिसाब से कार्ड नेटवर्क चुनने की सहूलियत मिलेगी।

रिजर्व बैंक ने बुधवार को क्रेडिट कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारीकर्ता बैंक और एनबीएफसी के लिए नई गाइड लाइन जारी की है। आरबीआई की नई दिशा-निर्देश के अनुसार अब कार्ड जारीकर्ता को अपने ग्राहकों को क्रेडिट कार्ड जारी करते समय एक से ज्यादा कार्ड नेटवर्क में से चुनने का ऑप्शन देना होगा। बैंकों को ग्राहक से पूछना होगा कि उन्हें किस नेटवर्क का क्रेडिट कार्ड चाहिए।

आरबीआई की नई गाइड लाइन के मुताबिक मौजूदा कार्डधारकों के लिए यह विकल्प अगले नवीनीकरण के समय प्रदान किया जा सकता है। यह निर्देश 10 लाख से कम सक्रिय कार्ड वाले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं पर लागू नहीं होंगे। आरबीआई ने कहा कि जारी करते समय ग्राहकों की पसंद के बारे में यह नियम अधिसूचना की तारीख से छह महीने तक प्रभावी रहेंगे। मौजूदा समय में भारत में पांच कार्ड नेटवर्क कंपनियां- वीजा, मास्टर कार्ड, रूपे, अमेरिकन एक्सप्रेस और डायनर क्लब हैं। इन कंपनियों का अलग-अलग फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशन के साथ टाइअप है। इस कारण ग्राहक को अपने पसंद का कार्ड नेटवर्क चुनने का ऑप्शन नहीं मिलता है। कुछ कार्ड नेटवर्क क्रेडिट कार्ड पर अन्य के मुकाबले ज्यादा सालाना फीस चार्ज करते हैं। ऐसे में अगर कोई बैंक आपको एक से ज्यादा कार्ड नेटवर्क का ऑप्शन नहीं देता है, तो आपको मजबूरी में वहीं नेटवर्क चुकाना होगा जिस पर ज्यादा फीस है। वहीं, एक से ज्यादा कार्ड नेटवर्क का ऑप्शन मिलेगा तो आप अपनी जरूरत, इसकी फीस और नेटवर्क पर मिलने वाली सुविधा के आधार पर सही ऑप्शन का चुनाव कर सकेंगे।

दुनिया की सबसे बड़ी कार्ड कंपनी वीसा है। यह 200 से ज्यादा देश और टेरिटरी में मौजूद है। इसका बाजार पूंजीकरण 489.50 अरब डॉलर (करीब 40 लाख करोड़ रुपये) है। वीसा के बाद दूसरी सबसे पॉपुलर कैशलेस पेमेंट कंपनी मास्टरकार्ड है। यह विश्व के 150 देशों में मौजूद है, जिसका मार्केट कैप 372.55 अरब डॉलर करीब 30 लाख करोड़ रुपये है। एक रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल, 2023 तक भारत में 8.6 करोड़ क्रेडिट कार्ड प्रचलन में थे।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नामांकन कराने वाले किसानों की संख्या 27 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत चालू वित्त वर्ष 2023-24 में किसानों के नामांकन की संख्या में 27 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस योजना के तहत पिछले 8 साल में 56.80 करोड़ किसानों के आवेदन नामांकित किए गए हैं। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि पीएमएफबीवाई के कार्यान्वयन के पिछले 8 साल में 56.80 करोड़ किसानों के आवेदन नामांकित किए गए हैं। इनमें से 23.22 करोड़ से ज्यादा कृषक आवेदकों को अपने दावे का भुगतान मिला। इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में करीब 31,139 करोड़ रुपये चुकाए, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया। मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री फसल बीमा स्कीम एक मांग आधारित योजना है। यह राज्यों के साथ-साथ किसानों के लिए भी स्वैच्छिक है। वित्त वर्ष 2021-22 और वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान किसान आवेदनों की संख्या में साल-दर-साल क्रमशः 33.4 फीसदी और 41 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके अलावा वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान अब तक इस योजना के तहत नामांकित किसानों की संख्या में 27 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2023-24 में योजना के तहत बीमित कुल किसानों में से 42 फीसदी गैर-ऋणी किसान हैं।

## केंद्र ने कर्नाटक में हाईवे प्रोजेक्ट के लिए 2,675 करोड़ रुपए मंजूर किये

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि बागलकोट में राष्ट्रीय राजमार्ग-748ए के बेलगाम-हुंगुंड-रायचूर खंड को 4-लेन करने के लिए 2,675.31 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। कर्नाटक में बेलगावी जिले में यह पहल कुल 92.4 किमी की लंबाई तक फैली हुई है और इसे हाइब्रिड वार्षिकी मोड के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा जिसमें सार्वजनिक-निजी भागीदारी शामिल है। मंत्री ने कहा कि यह उपक्रम पणजी-हैदराबाद आर्थिक गलियारे का एक अभिन्न अंग है। यह आर्थिक गलियारा 10 परियोजना पणजी सहित प्रमुख औद्योगिक केंद्रों को जोड़ती है, जो मत्स्य पालन, पर्यटन, कृषि और दवा उद्योगों के लिए प्रसिद्ध है। राजमार्ग परियोजनाओं में निजी डेवलपर्स की रुचि को पुनर्जीवित कर देश में सड़कों के निर्माण में तेजी लाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के निर्माण के लिए हाइब्रिड वार्षिकी मॉडल (एचएएम) लागू किया जा रहा है। इस निजी-सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) मोड के तहत, परियोजना लागत का 40 प्रतिशत सरकार देगी और शेष 60 प्रतिशत ब्याज के साथ परिचालन अवधि के दौरान वार्षिकी भुगतान के रूप में भुगतान किया जाएगा।

## आर्थिक सलाहकार पद के लिए 16वें वित्त आयोग ने आवेदन आमंत्रित किये

**नई दिल्ली।** 16वें वित्त आयोग ने प्रतिनियुक्ति या अनुबंध के आधार पर आर्थिक सलाहकार के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। यह 7वें केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) के वेतन मैट्रिक्स के लेवल पर संयुक्त सचिव स्तर का पद है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि 16वां वित्त आयोग ने प्रतिनियुक्ति या अनुबंध के आधार पर 7वें सीपीसी के वेतन मैट्रिक्स लेवल-14 (संयुक्त सचिव स्तर) पर आर्थिक सलाहकार के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। मंत्रालय के मुताबिक 16वें वित्त आयोग ने आर्थिक सलाहकार के पद के लिए योग्यता, नौकरी की जिम्मेदारियां, परिलब्धियां और आवेदन पत्र अपनी वेबसाइट सर्कुलर EA Vacancy-Annexure II.docx (live.com) पर अपलोड कर दी है। योग्य उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

## घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 8-13 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद : आईसीआरए

**नई दिल्ली।** आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियों और इंजन विफलताओं का सामना करने के बावजूद भारतीय विमानन उद्योग आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयाँ छूने के लिए तैयार है। प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की हालिया रिपोर्ट में यह बात कही गई है। आईसीआरए ने अपनी रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय 8-13 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जो कोविड-पूर्व के स्तर से कहीं ज्यादा है। रिपोर्ट के अनुसार विकास की यह गति वित्त वर्ष 2025 तक जारी रहने की उम्मीद है, जो हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ-साथ अवकाश और व्यावसायिक यात्रा दोनों की बढ़ती मांग से प्रेरित है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2024-25 में अनुमानित 7-12 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर के साथ भारतीय विमान सेवा कंपनियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की संख्या में जोरदार उछाल की उम्मीद है। आईसीआरए ने बताया कि इस प्रकार यह महामारी से पहले के स्तरों को पार कर जायेगी।

## एक नजर

### अज्ञात ट्रक के धक्के से 25 वर्षीय युवक घायल

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुरी भंडार निवासी विनोद शर्मा के पुत्र अरुण कुमार उम्र 25 वर्ष को सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगरा आंगन ढाबा के पास बुधवार की सुबह 9 बजे एक अज्ञात ट्रक ने धक्का मार दिया। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा इस घटना की सूचना पीसीआर हाइवा 1 को दी गई सूचना मिलते ही पांच मिनट के अंदर हाइवा प्रेटोलिंग वाहन में तैनात हवलदार अशोक कुमार साह,विशुन प्रसाद, कर्मा रजवार और रामेश्वर रजक पहुंच कर घायल युवक को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इसके बाद घायल युवक के मोबाइल फोन से इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई घटना की जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में घायल का इलाज करवा रहे है।

### अवैध पर पांडू पुलिस सख्त कार्रवाई

**मेदिनीनगर।** पांडू थाना क्षेत्र के दरुवा गांव से पांडू थाना की पुलिस ने अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़कर कार्रवाई के लिए खनन विभाग को भेजा है। ट्रैक्टर जमानत पर रिहा फुलिया निवासी राजद साव की बताई जा रही है। इस पूरे मामले की जानकारी पांडू प्रभारी कुमार सौरव ने दी है। कुमार गौरव ने कहा कि पांडू जिले के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में शांति स्थापित करना, अवैध खनन पर रोक लगाना उनकी पहली संवैधानिक जिम्मेदारी होगी। जब से पांडू थाना पहुंचे तब से पांडू पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। आए दिन पांडू पुलिस थाना क्षेत्र में गश्ती नजर आ रही है।

### प्लेटफॉर्म पर खराब पड़ी मालगाड़ी से यात्रियों को हो रही परेशानी

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड डेहरीऑन सोन रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन के समीप प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पिछले दस दिनों से मालगाड़ी के कोयले से लदी दो बोगी के खड़ी करने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि बुजुर्ग महिलाओं को एक नंबर प्लेटफार्म से दूसरे नंबर प्लेटफार्म पर जाने में ज्यादा परेशानी होती है। सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव भी दो नंबर प्लेटफार्म पर ही लगाया जाता है। जिससे रेलवे लाइन पार होने में दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। वहीं लोकल ट्रेन में चढ़ने पर भाड़ा मेल एक्सप्रेस का लिया जाता है।

### सहायक निदेशक ने फसलों का किया भौतिक निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** चावल विकास निदेशालय, भारत सरकार पटना के सहायक निदेशक डॉ. अरविंद कुमार के द्वारा केंद्र पोषित योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं टीआरएफए 2023 -24 के अनुवीक्षण के तहत पलामू जिला अंतर्गत, मेदिनीनगर, नीलांबर-पीताम्बरपुर (लेस्लीगंज) पाटन, नावाबाजार प्रखंड के खनवा, रबदा, कुंदरी समेत चैनपुर के कई गावों में लगी सरसो,चना और मंसूर की फसलों का भौतिक निरीक्षण किया गया। साथ ही टीआरएफए योजना के तहत नीलांबर-पीताम्बरपुर प्रखंड के सिंगल विंडो सेंटर में गरमा मूंग बीज का वितरण किया।

## पलामू में बढ़ रहा अपराध का ग्राफ

# एक माह में छह बार गोलीबारी, तीन की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** पलामू में अपराधियों का मनोबल इनदिनों बढ़ा हुआ है. बेखौफ अपराधी लगातार गोलीबारी और हत्या जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं. 4 फरवरी से 5 मार्च यानी एक महीने में अपराधियों ने पलामू के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छह बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है. इसमें से कई कांडों का पलामू पुलिस ने खुलासा कर लिया है. लेकिन अभी भी कई ऐसे मामले हैं, जिसका पुलिस खुलासा नहीं कर पायी है. इन कांडों में शामिल अपराधी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।




### एक कांड का खुलासा करती नहीं कि दूसरी घटना को अंजाम दे देते हैं अपराधी

झारखंड के सभी जिलों में बढ़ते अपराध को देखे हुए पुलिस मुख्यालय गंभीर है. इसके बाद भी अपराध कम होने का नाम नहीं ले रहा है. पलामू पुलिस भी लगातार अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है. लेकिन इसके बावजूद वारदात नहीं रूक रहे हैं. रोजाना नये-नये मामले में पलामू पुलिस के लिए चुनौती साबित हो रहे हैं. पुलिस एक कांड का खुलासा करती नहीं है, तब तक अपराधी दूसरी घटनाओं को अंजाम दे देते हैं. नीचे दिये गये आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि पलामू में एक माह में अपराध का ग्राफ बढ़ा है.

### 4 फरवरी से 5 मार्च तक अपराधियों ने इन घटनाओं को दिया अंजाम

- 5 मार्च 2024 : पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के मड़गावा में खेत में काम कर रही महिला को तीन युवकों ने गोली मार दी थी. गोली महिला के पैर को छूते हुए निकल गयी है. जख्मी हालत में महिला को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है.
- 2 मार्च 2024 : मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के कान्दू मोहल्ला काली मंदिर के पास अपराधियों ने श्याम सुंदर साव नाम के व्यक्ति पर ताबड़तोड़ तीन गोलियां चलायी थी. एक गोली उसके सीने में, जबकि दूसरी गोली पेट में लगी थी.
- 24 फरवरी 2024 : पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में अपराधियों ने बाइक से ओवरटेक कर एक कारोबारी पर फायरिंग की थी. गोली कारोबारी के पैर में लगी थी. छतरपुर के अनुमंडलीय अस्पताल में उनका प्रारंभिक इलाज किया गया. इसके बाद एमआरएमसीएच लाया गया, जहां इलाज के बाद कारोबारी खतरे से बाहर है.
- 16 फरवरी 2024 : मेदिनीनगर के शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाहाता इलाके में दिनदहाड़े घर में घुसकर साला और जीजा ने एक महिला को गोली मार दी थी. गोली महिला के गर्दन में लगी. गंभीर स्थिति में उसे अस्पताल में इलाज के कराया गया.
- 7 फरवरी 2024 : मेदिनीनगर शहर के थाना क्षेत्र के सदीक मंजिल चौक के पास अज्ञात अपराधियों ने महिला की गोली मारकर हत्या कर दी थी. अपराधियों ने नमिता देवी के कनपट्टी पर सटा कर गोली चलायी थी.
- 4 फरवरी 2024 : पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के इलाके में रामकिशुन यादव नाम के एक बुजुर्ग व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है. अपराधियों ने बुजुर्ग पर ताबड़तोड़ चार गोलियां चलायी थी.

## तस्वीर झूठ ना बोले



शौचालय के पास मोटरसाइकिल लगने के कारण लोगों को जाने में हो रही है परेशानी

# पलामू जिला प्रशासन आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कर चुका

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऐसा ही एक निर्देश है दिव्यांग अधिकारियों के द्वारा मतदान केंद्र का संचालित होना यानी दिव्यांग ही उस मतदान केंद्र को संचालित करेंगे मतदान दिन। पीठासीन पदाधिकारी से लेकर चौथा चुनाव कुर्मी जो उस मतदान केंद्र पर होगा वह दिव्यांगजन ही होंगे। कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी कुंदन कुमार ने प्रेस को बताया कि इस बार लोकसभा चुनाव के लिए पलामू में 9 ऐसे मतदान केंद्र होंगे जो दिव्यांग अधिकारियों के द्वारा ही संचालित होंगे। कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि यह दिव्यांग अधिकारी के द्वारा संचालित मतदान केंद्र में सारी प्रक्रियाएं आम मतदान केदो जैसी होंगी। जहां पुरुष और महिला मतदाता अपने मत को डालने आएंगे। इस दिव्यांग अधिकारी से संचालित मतदान केंद्र की यह विशेषता होगी कि इसे मतदान पूरा कराने का श्रेय और जिम्मेदारी

### इस बार भारत निर्वाचन आयोग ने कुछ नए तरीकों के मतदान केंद्रों का दिया निर्देश

दिव्यांग अधिकारियों और कर्मचारियों पर ही होगा। इसी तरह से कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी कुंदन कुमार ने प्रेस पलामू जिले में 10 ऐसे मतदान केंद्र होंगे जो युवा अधिकारी ही संचालित करेंगे जिनकी आयु 22 वर्ष के आसपास की होगी। यह इसलिए किया जा रहा है ताकि लोगों में यह संदेश और युवाओं में यह संदेश जाए के युवाओं की जिम्मेदारी लोकतंत्र और देश के लिए कितनी बड़ी और महत्वपूर्ण है। पलामू जिले में ऐसे 10 मतदान केदो को चिन्हित कर लिया है। जहां युवा मतदार अधिकारी और कर्मचारी मतदान केदो को संचालित करेंगे। इसके अतिरिक्त वैसी महिलाएं जो बुर्का पहनती है, हिजाब बांधती है वैसी महिलाओं के लिए भी भारत के निर्वाचन आयोग ने निर्देश जारी किया है कि ऐसी महिलाएं वोटो के लिए पर्दा नसीन मतदान केंद्र को स्थापित करें। इस पर्दा नसीन मतदान केदो को संचालित करने वाली टीम ने हर हाल में एक महिला का होना नितांत आवश्यक होगा। यह पूछे जाने पर के पर्दा नशीन मतदान केंद्र की जरूरत क्यों पड़ी तो कार्मिक कोषांग नोडल पदाधिकारी ने बताया कि यह देखा गया है। कि बुर्का और हिजाब पहन के आने वाली महिला मतदाताओं को कुछ असुविधा हो जाती है। यह बताने और कहने में कि वह सही मतदाता है लेकिन जब उस मतदान केंद्र पर एक महिला अधिकारी या कुर्मी होगा तो ऐसी पर्दा करने और रखने वाली महिला मतदाताओं को कोई भी असुविधा नहीं होगी। भारत के निर्वाचन आयोग ने उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था करने को कहा है।

### सड़क दुर्घटना में 30 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम देवताही निवासी शिवशंकर साव के पुत्र प्रसिद्ध गुप्ता उम्र 30 वर्ष की मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि प्रसिद्ध गुप्ता मंगलवार की शाम स्कूटी पर सवार होकर छतरपुर बाजार गए थे। बाजार से घर लौटने के क्रम में छतरपुर देवगन मोड़ के पास तेज गति से आ रहे अनियंत्रित पिकअप वाहन खं 03छ 0831 ने उन्हें पीछे से धक्का मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई।मौत के बाद छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों द्वारा मृतक को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी छतरपुर थाना की पुलिस को दी गई वही घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पिकअप वाहन और स्कूटी को जप्त कर थाना ले गई है।

## पलामू जिला युवा कांग्रेस के द्वारा बिरोध प्रर्दशन



**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** 6 मुहान चौक पर पलामू जिला युवा कांग्रेस के द्वारा बिरोध प्रर्दशन किया गया इस मौके पर जिला अध्यक्ष परवेज अली मुन्ना खान ने कहा कि बीजेपी के चुनावी बॉन्ड भ्रष्टाचार मामले पे 'एसबीआई बैंक का बीजेपी से हुआ गठबंधन देश के लोगो के आंखो मे धूल झोंकने का काम कर रही है'। इस अन्याय के खिलाफ पलामू युवा कांग्रेस अपनी आवाज पूरे दम से उठने का काम करेगी। भारत की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी की इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुये इसे रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना के तहत राजनीतिक दलों को प्राप्त चंदे का खुलासा करने के निर्देश दिये थे। सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को निर्देश दिये थे की वो चुनावी चंदे से संबंधित संपूर्ण जानकारी 6 मार्च 2024 (लोकसभा चुनाव के पूर्व) के पहले सार्वजनिक करते हुए मगर एसबीआई कह रहा है की उसको 30 जून तक टाइम दिया जाय यह सरकार अपने उगाही और काले कारनामे को छुपाने का काम कर रहे है।

### टाइगर मोबाइल के जवान रामजी सिपाही ने होली पर किया गीत प्रस्तुत

**मेदिनीनगर।** इस बार होली में फिर से टाइगर मोबाइल के जवान रामजी सिपाही ने होली त्योहार के अवसर पर फागुन में काहे ना अइला ए राजा जी गीत को सोशल मीडिया पर प्रस्तुत किया है। रामजी सिपाही के द्वारा गाया हुआ यह गाना लोगों के मन को काफी भा रहा है। इनके मेहनत और लगन को देखकर इनके परिवार और इनके मित्र गण भी काफी खुशी महसूस कर रहे हैं।होली पर इन्होंने जो गाना गया है।वह गाना आपको यूट्यूब चैनल और फेसबुक पर देखने को मिल जाएगा।बताते चले की पिछले दिनों भी उन्होंने पलामू और गढ़वा जिला पर आधारित एक गीत को पब्लिक के समक्ष प्रस्तुत किया था। जिसका लोगो ने खूब तारीफ किया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए टाइगर मोबाइल के जवान रामजी दास ने बताया कि उन्हें गाने बजाने का काफी शौक है।वह बचपन से ही गीत संगीत के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते आ रहे है।

# लातेहार में 22 हजार से अधिक नए मतदाता करेंगे मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में इस वर्ष 22000 से अधिक नए मतदाता मतदान करेंगे। लोकसभा चुनाव के लिए 18 वर्ष की उम्र पार कर लेने वाले नए मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा गया है।



वहीं मतदान केंद्रों पर अत्यंत बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा का ख्याल भी रखा जाएगा। जिला प्रशासन के द्वारा मतदान केंद्रों को सुव्यवस्थित करने की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। लातेहार जिला का पूरा इलाका चतरा संसदीय क्षेत्र में आता है। जिले में लातेहार और मनिका दो विधानसभा हैं। जिले में वोटरों की कुल संख्या 557912 है। इनमें नए वोटरों की संख्या 22644 है। अर्थात इस वर्ष 22644 युवक युवतियों ने 18 वर्ष की उम्र को पूरा कर लिया। इसके बाद उनके नाम को मतदाता सूची में जोड़ा गया है। नए मतदाता पहली बार लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान करेंगे। जिले में 80 वर्ष से अधिक उम्र के 8693 मतदाता हैं। इन अत्यंत बुजुर्ग मतदाताओं के लिए पोलिंग बूथ पर सुविधा का ख्याल रखा जाएगा। इस संबंध में लातेहार डीसी गरिमा सिंह ने बताया कि जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 557912 है। मतदान के लिए 679 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अत्यंत बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोलिंग बूथ पर आवश्यक सुविधाएं बहाल की जा रही हैं। डीसी ने बताया कि सभी पोलिंग बूथ का भौतिक निरीक्षण किया जा रहा है। सभी पोलिंग बूथ पर पेयजल, शौचालय और रैंप की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रहेगी, ताकि मतदान के लिए जाने वाले मतदाताओं को किसी

## 'मेरा पहला वोट देश के लिए' पर तीसरे दिन मेमोरियल कॉलेज में कार्यक्रम संपन्न

# पोर्टल में आयोजित कई ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने भाग लिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** आज बुधवार को केंद्र सरकार के निर्देशानुसार संचालित 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान के तहत गुमला के चैनपुर स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए तीसरे दिन कई कार्यक्रम संपन्न हुए। भारत के शिक्षा मंत्रालय ने देश के समस्त विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षण संस्थानों में चुनाव संबंधी जागरूकता अभियान 28 फरवरी से 6 मार्च तक चलाने का आह्वान किया था, जिसके आलोक में परमवीर अलबर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 'मेरा पहला वोट देश के लिए' थीम पर आधारित मतदाता जागरूकता अभियान के अंतिम दिन कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया



गया जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता में नेहा खलखो ने प्रथम, प्रियंका कुमारी ने द्वितीय और आरती कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं क्विज प्रतियोगिता में अनुरिमा मिंज ने प्रथम, डोली नागेसिया ने द्वितीय और रोशन कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। साथ ही विद्यार्थियों ने पोर्टल में आयोजित कई ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया। इस अभियान की सफलता के लिए कॉलेज में बनाए गए मतदाता जागरूकता पर आधारित सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। सेल्फी पाइंट पर फोटो खिंचाकर और उसे सोशल मीडिया में पोस्ट कर वोट के लिए लोगों को प्रेरित किया गया जो कि काफी आकर्षण का केंद्र भी था। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य फादर इग्नेसिट कुजूर ने अपने संबोधन में कहा की मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जितने भी क्रियाकलाप हो रहे हैं उसमें बच्चों की भागीदारी और उत्साह को देखकर स्पष्ट अनुमान लगाया जा सकता है की इसका असर विद्यार्थियों द्वारा आसपास के समाज में देखने को मिलेगा। एक शिक्षार्थी होने के नाते हमारा कर्तव्य है कि हम लोगों को वोट के लिए जागरूक करें। इस मौके पर कॉलेज के सभी प्राध्यापकगण और विद्यार्थी मौजूद थे।

# शिव बारात में अश्लील व भड़काऊ गाने बजाने पर रहेगी पाबंदी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** महाशिवरात्रि शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर हैदरनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हैदरनगर बीडीओ सह सीओ विश्व प्रताप मालवा ने की। बैठक में विभिन्न पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों ने अपनी अपनी बात रखी। बताया गया कि महाशिवरात्रि के मौके पर बरेवा शिव मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय मेला लगता है। जबकि हैदरनगर के पुराने शिवालय से शिव बारात निकलती है। शिव बारात दोपहर 3 बजे से निकलकर जवाहर रोड होते रेलवे गुमटी पहुंचती है। रेलवे गुमटी से बाजार चौक होते हुए पुनः शिवालय के प्रांगण में संपन्न हो जायेगी। उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन को आश्वस्त किया कि हैदरनगर में शांति व्यवस्था में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी राजीव रंजन ने कहा कि मेला में सुरक्षा व्यवस्था रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस प्रशासन इंटरनेट मीडिया पर पैनी नजर रख रहा है। किसी तरह का आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि शिव बारात में अश्लील व भड़काऊ गाने पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। उन्होंने कमेटी के लोगों से इसपर ध्यान रखने का आग्रह किया। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने कहा कि शिवरात्रि के मौके पर पुलिस गश्त बढ़ा दी जायेगी। उन्होंने कहा कि शिव बारात के मार्ग में पुलिस की मुकम्मल व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने शांति व्यवस्था कायम रखने में पंचायत प्रतिनिधियों, समिति के लोगों व प्रबुद्ध नागरिकों सहयोग करने की अपील की। बैठक में सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार सिंह, मुखिया संघ में प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, एसआई अफजल अंसारी, मुखिया जितेंद्र सिंह, समाजसेवी राजू खान, राजी अहमद राजू, अशरफ हसन, कमल कुमार पासवान के अलावा समिति के कई सदस्य मौजूद थे।

## शिकायत

## पुलिस ने साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

# आरोपी के खुद के हैं 2.5 लाख सब्सक्राइबर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना और साइबर थाना की पुलिस ने यूट्यूब चैनल हैक करने वाले साइबर क्राइम के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपी पर उत्तर प्रदेश और दिल्ली के कई यूट्यूब चैनल के हैक करने का आरोप है जिन यूट्यूब चैनलों को हैक किया गया, उनके इन्फ्लुएंसर्स हर महीने चैनल से लाखों रुपये कमाते थे. आरोपी का अपना भी यूट्यूब चैनल है और उसके करीब 2.5 लाख सब्सक्राइबर हैं। जानकारी के अनुसार आरोपी अपने चैनल के जरिए दूसरे लोगों के यूट्यूब चैनल को ठीक करने का वादा करता था. इसी माध्यम से वह दूसरे यूट्यूब चैनल मालिकों के यूजर आईडी और पासवर्ड ले लेता था. बाद में वह चैनल को हैक कर लेता था. पूरे मामले की शिकायत नोएडा और दिल्ली के इन्फ्लुएंसर्स ने साइबर सेल से की थी. शिकायत के बाद झारखंड पुलिस ने प्रतिबिंब एप के जरिए आरोपी कुंदन तिवारी को गिरफ्तार कर लिया. कुंदन तिवारी पलामू के पड़वा थाना क्षेत्र के गोल्हना इलाके का रहने वाला है गिरफ्तारी के बाद पूरे मामले में पलामू साइबर थाने में कुंदन के खिलाफ एफआईआर



दर्ज की गई है. गिरफ्तार कुंदन को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है. वहीं पुलिस ने उसका मोबाइल और अन्य तकनीकी सामान भी जब्त कर लिया है. आरोपी का अपना यूट्यूब चैनल है और इसके जरिए वह दूसरों को शिकार बनाता था. आरोपी ने कई लोगों की समस्याओं के समाधान में मदद भी की थी, लेकिन उसने कई लोगों के अकाउंट हैक भी कर लिए थे।ऐसे कई यूट्यूब चैनल हैं जो हैक किए गए थे जिनके इन्फ्लुएंसर्स प्रति माह 1.5 से 2 लाख रुपये कमाते थे. साइबर थाना प्रभारी विश्राम उरांव ने बताया कि आरोपी कुंदन तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है. उन्होंने बताया कि युवक पर दिल्ली और नोएडा इलाके में यूट्यूब चैनल हैक करने का आरोप है।

# अबुआ आवास में हुई गड़बड़ी की कई सूचनाएं मिल रही

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** अबुआ आवास में काफी अनियमितता बरती गई है जरूरतमंद लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उक्त बातें पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी ने बुधवार को चेचरिया स्थित आवास पर प्रेसवार्ता के दौरान कही उन्होंने कहा कि अबुआ आवास में हुई गड़बड़ी की कई सूचनाएं मिल रही है। कंचन कुंवर व राजकुमारी देवी ने उन्हें आवेदन देकर बताया कि उन्हें अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिला। आवेदन में बताया है कि एक ही कच्चा मकान में चार पटीदार रहते हैं. उसी घर मे कंचन कुंवर घर के कुछ भाग में प्लास्टिक डालकर अपने दो बेटों के साथ रहती है मकान की स्थिति काफी जर्जर है.वहीं राजकुमारी देवी ने बताया है कि एक ही मकान में दो परिवार रहते है। केशरी ने कहा कि उक्त व्यक्तियों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिलना चाहिए। उक्त महिलाओं ने बीडीओ को भी आवेदन दिया है। सूचना का अधिकार कानून 2005 के तहत जन सूचना





पदाधिकारी सह बीडीओ भवनाथपुर को आवेदन देकर उक्त महिलाओं द्वारा दिये गये आवेदन पर की गई कार्रवाई की पूरी जानकारी की मांग किया है। मुख्यमंत्री द्वारा गढ़वा में पंडरिया पंचायत के लाभुकों को अबुआ आवास दिया गया है यदि दिया गया तो उन की तिथि सहित लाभुकों का नाम,पति के मृत्यु के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर इसके आश्रित परिवार को पारिवारिक लाभ योजना को के तहत लाभ उपलब्ध कराया गया है। यदि नहीं कराया गया है तो योजना की 20 हजार रुपये की राशि,विधवा पेंशन व दोनों नाबालिक बच्चों के पढ़ाई की व्यवस्था एवं पेंशन कितने दिनों के अंदर उपलब्ध कराया जायेगा।

## पेज एक के शेष

**कैबिनेट के ...**

पर सीधी भर्ती की नियुक्ति के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के लिए अधिकतम या न्यूनतम आयु सीमा की गणना तय की गई है। उसके तहत आयु सीमा न्यूनतम 01.08.2024 निर्धारित हुई है, खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रस्ताव पर झारखंड राज्य द्वारा संचालित दाल वितरण योजना का नाम परिवर्तन करके मुख्यमंत्री दाल वितरण योजना किया गया तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 और झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम योजना से लाभुकों को एक किलो चना दाल मुफ्त में देने और दिवस 2023 24 के लिए, तीन करोड़ 30 लाख रुपए एवं आगामी वित्तीय वर्ष में 7 करोड़ 92 लख रुपये खर्च की स्वीकृति दी गयी,धान खरीद के लंबित भुगतान के लिए एक अरब 32 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई, खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रस्ताव पर नमक वितरण योजना का मुख्यमंत्री नमक वितरण योजना के नाम किया गया और एक किलोग्राम रिफाइंड आयोडीन नमक देने प्रति परिवार की स्वीकृति दी गई। पहले एक रुपये लिया जाता था, राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक निःशुल्क कॉपी देने के लिए राशि में वृद्धि की गई, खेल गांव सड़क से नामकुम 6.275 को फोरलेन करने के लिए 158 करोड़ की मंजूरी दी गयी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में मॉल बनेगा, जहां हैंडीक्राफ्ट प्रोडक्ट्स बिक्री के लिए रखे जायेंगे. 162 करोड़ में मॉल को बनाया जायेगा, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके को कृषि विज्ञान केंद्र सुजनी 9देवघर की कुल भूमि 43.87 एकड़ निःशुल्क हस्तांतरित करने के स्वीकृति, सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत दक्षिणी विभाग में राजनगर प्रखंड में अवस्थित ऊंचे क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर भिमखंडा माइक्रो लिफ्ट सिंचाई योजना के लिए 76 करोड़ 65 लाख 54 000 हजार की स्वीकृति, कारखाना लाइसेंस नियम में परिवर्तन, अब लाइसेंस 1 वर्ष लेकर 15 वर्ष तक का मिलेगा।




## एक नजर

### पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की सजा 50 हजार का जुर्माना



**जौनपुर।** जौनपुर जिले की एक अदालत ने बुधवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह को अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में सात साल की सजा सुनाई और 50 हजार का जुमार्ना भी लगाया। अपर सत्र न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट शरद त्रिपाठी ने मंगलवार को पूर्व सांसद को दोषी करार दिया था। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान उन्होंने अपना फैसला सुनाया। नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल का चार साल पहले अपहरण कराने, रंगदारी मांगने, गालियां और धमकी देने के आरोपी पूर्व सांसद धनंजय सिंह और सहयोगी संतोष विक्रम को सात साल की सजा सुनाई गई है।

### पेरू के प्रधानमंत्री अल्बर्टो ओटारोला ने इस्तीफा दिया



**लीमा।** विवादों में घिरे पेरू के ताकतवर पीएम अल्बर्टो ओटारोला ने आखिरकार अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने एक युवती की मदद करने के लिए प्रभाव डालने के आरोपों के बीच यह निर्णय लिया। उन्होंने इस युवती को कथित तौर पर 'आई लव यू' कहा था। सिनार डेली समाचार पत्र के एक्स हैंडल में उपलब्ध संक्षिप्त रिपोर्ट के अनुसार अल्बर्टो ओटारोला ने संवाददाता सम्मेलन में इस्तीफा देने की घोषणा की।

### सांसद नवनीत राणा को जान से मारने की मिली धमकी



**अमरावती।** अमरावती की सांसद नवनीत राणा को एक ऑडिशो संदेश के जरिए जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी भरा ऑडियो उन्हें व्हाट्सएप पर भेजा गया था। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसकी जानकारी पुलिस ने बुधवार को दी। एफआईआर के मुताबिक, संदेश भेजने वाले ने सांसद के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का भी इस्तेमाल किया।

# पीएम ने किया देश के पहले अंडरवाटर मेट्रो का उद्घाटन

## उद्घाटन करने पहुंचे पीएम मोदी का लोगों ने किया जोरदार स्वागत

## 15,400 करोड़ की कई परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास




**टनल के निर्माण से पहले कोलकाता मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने 13 से अधिक देशों की स्टडी की**

**फिर इसकी प्लानिंग और डिजाइनिंग की गई**

**पीएम ने मेट्रो कर्मचारियों के साथ भी बातचीत की**

**सुरंग की लंबाई 520 मीटर है। अप व डाउन लाइन के लिए दो सुरंगें बनाई गई हैं**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में मेट्रो सेवा के विस्तार की दृष्टि से बुधवार काफी महत्वपूर्ण दिन रहा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता में बने देश के पहले अंडरवाटर मेट्रो का उद्घाटन किया। उसके साथ ही उन्होंने ऑनलाइन कोच्ची व आगरा मेट्रो का भी उद्घाटन किया। अंडरवाटर मेट्रो टनल के उद्घाटन के लिए पीएम मोदी कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पहुंचे। उनके एस्प्लेनेड पहुंचते ही उपस्थित लोगों की दीवानगी चरम पर पहुंच गई। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर 'मोदी-मोदी' और 'जय श्री राम' के नारे से माहौल गुंजायमान हो गया। पीएम ने यहां 15,400 करोड़ रुपये की कई कनेक्टिविटी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।



इस दौरान उन्होंने कई छात्रों से बातचीत भी की।

## कोच्चि मेट्रो के नये टर्मिनल का उद्घाटन



**कोच्चि।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार सुबह कोच्चि मेट्रो के त्रिपुनिथुरा टर्मिनल का कोलकाता से वर्चुअली उद्घाटन किया। इसके साथ ही अलुवा से त्रिपुनिथुरा तक कोच्चि मेट्रो के पहले चरण का काम पूरा हो गया है। इस चरण में 25 स्टेशन हैं। इसकी लंबाई 28 किलोमीटर है। त्रिपुनिथुरा टर्मिनल 1.35 लाख वर्ग फुट में फैला हुआ है। जैसे ही पीएम ने कोलकाता से हरी झंडी दिखाई, ट्रेन अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गई। इस अवसर पर राज्य के कानून मंत्री पी. राजीव और अन्य शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। केरल की पहली मेट्रो का दूसरा चरण जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से इन्फोपार्क कक्कानाड तक है, जो लगभग 11.3 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। इसमें 11 स्टेशन होंगे।

## पीएम मोदी ने आगरा मेट्रो का किया शुभारंभ

**आगरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोलकाता से वर्चुअल माध्यम से आगरा मेट्रो के प्राथमिकता वाले छह किमी लंबे कारिडोर का शुभारंभ किया। आगरा मेट्रो के उद्घाटन में पीएम मोदी के हरी झंडी दिखाते ही मेट्रो दौड़ पड़ी। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्टेशन से हरी झंडी दिखाई। साथ ही ताजमहल भूमिगत स्टेशन से इसकी शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ताजमहल स्टेशन से ताज पूर्वी स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। उनके साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। पहले चरण में मेट्रो छह किमी चलेगी। मेट्रो ट्रेन में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एक के 32 बच्चे चुने गए। इन्होंने ताजमहल स्टेशन से ताजपूर्वी तक सफर किया। मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आगरावासियों को होली से पहले मेट्रो ट्रेन की सौगात मिली है। देश में सबसे कम समय में आगरा में मेट्रो स्टेशन तैयार हुए। आगे के प्रोजेक्ट को भी इसी तरह तेजी से कार्य करने के लिए मेट्रो अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।



## 'ममता राज में महिलाओं के साथ हुआ घोर पाप'

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के बारासात में पीएम ने ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा, सीएम ममता के राज में नारी शक्ति पर घोर अत्याचार हुआ है। भाजपा की ओर से बारासात में आयोजित नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार बंगाल की महिलाओं के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा रही है जबकि उसे उच्च न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय तक में झटका लगा है। उन्होंने कहा कि इस व्यवहार से बंगाल की महिलाएं, देश की महिलाएं आक्रोश में हैं। नारी शक्ति के आक्रोश का यह ज्वार संदेशखाली तक ही सीमित नहीं रहने वाला है, बल्कि यह पूरे बंगाल तक जाएगा। मोदी ने कहा कि यहां की महिलाओं ने देश को दिशा दी है और मां शारदा, भगिनी निवेदिता, मातंगिनी हाजरा और कल्पना दत्ता जैसी अनगिनत शक्ति स्वरूपा यहां अवतरित हुई हैं लेकिन, इसी धरती पर तृणमूल के राज में नारी शक्ति पर घोर पाप हुआ है। संदेशखाली में जो हुआ उससे किसी का भी सिर शर्म से झुक जाएगा, लेकिन यहां की सरकार को आपके दुख से कोई फर्क नहीं पड़ता। मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की गरीब, दलित, वंचित और आदिवासी परिवार की बहन-बेटियों के साथ टीएमसी के नेता जगह-जगह अत्याचार कर रहे हैं। लेकिन राज्य सरकार को अपने अत्याचारी नेताओं पर भरोसा है बंगाल की बहन-बेटियों पर भरोसा नहीं।

## 12,800 करोड़ की योजनाओं का दिया तोहफा

**एजेसी। बेतिया**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को एकदिवसीय बिहार दौरे के क्रम में बेतिया पहुंचे। यहां उन्होंने 12,800 करोड़ रुपए से अधिक की विकास योजनाओं का रिमोट के जरिए उद्घाटन और शिलान्यास किया। पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में जिन परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया, सभी परियोजनाएं रेल, सड़क, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस से संबंधित हैं। पीएम मोदी ने इंडियन ऑयल की 109 किमी लंबी मुजफ्फरपुर-मोतिहारी एलपीजी पाइपलाइन का उद्घाटन किया। यह पाइपलाइन बिहार और पड़ोसी देश नेपाल में स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन तक पहुंच प्रदान करेगी। पीएम मोदी ने मोतिहारी में एक बड़ा एलपीजी बॉटलिंग प्लांट और स्टोरेज टर्मिनल भी देश को समर्पित किया। यह नेपाल और उत्तर बिहार के आठ जिलों को पेट्रोलियम उत्पाद उपलब्ध कराने में मदद करेगा। पीएम मोदी ने विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण, उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

### दो दिवसीय असम दौरे पर पीएम 8 को आएंगे काजीरंगा

**गोलाघाट।** पीएम अपने दो दिवसीय दौरे पर 8 मार्च को असम पहुंचेंगे। पीएम 9 को काजीरंगा उद्यान का दौरा करेंगे और जोरहाट जिले में लाचीत बरफुकन की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। पीएम 8 मार्च को काजीरंगा पहुंचेंगे और यहां के पुलिस गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। पीएम 9 को सुबह के समय उद्यान का दौरा करेंगे।

### पीएम आज जायेंगे श्रीनगर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री 7 मार्च को श्रीनगर जाएंगे और विकसित भारत, विकसित जम्मू कश्मीर कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वह जम्मू-कश्मीर में कृषि-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगभग 5 हजार करोड़ रुपये का कार्यक्रम राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पर्यटन क्षेत्र को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना के तहत 1400 करोड़ रुपये से अधिक की 52 पर्यटन क्षेत्र परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित और लॉन्च करेंगे। पीएम हजरतबल तीर्थस्थल के एकीकृत विकास परियोजना राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पीएम देखो अपना देश पीपल्स चॉइस 2024 और चलो इंडिया ग्लोबल डायस्पोरा कैंपेन भी लॉन्च करेंगे।

### पीएम नौ को पहुंचेंगे वाराणसी

**वाराणसी।** पीएम आजमगढ़ जाने के पहले 09 मार्च को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचेंगे और कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को जीत का मंत्र देंगे। प्रधानमंत्री के आगमन का संकेत मिलते ही जिला प्रशासन और भाजपा संगठन तैयारियों में जुट गया है। बाबतपुर एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री मोदी कड़ी सुरक्षा के बीच बरेका गेस्टहाउस में पहुंचेंगे। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री बरेका में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन पूर्वाह्न दस बजे बरेका हेलिपैड से आजमगढ़ रवाना होंगे।

भारत-कोरिया संयुक्त आयोग की बैठक

## जयशंकर ने नए क्षेत्रों में सहयोग का किया आह्वान

**एजेंसी। नई दिल्ली**



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को सोल में 10वीं भारत-कोरिया संयुक्त आयोग की बैठक में सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। मंत्री ने अपने उद्घाटन भाषण में दोनों देशों के बीच 'अत्यधिक सद्भावना' की बात करते हुए कहा कि द्विपक्षीय संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। उनके साथ विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और नीति आयोग के प्रतिनिधि भी इस यात्रा पर हैं। जयशंकर ने अपने कोरियाई समकक्ष चो ताए-यूल के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता की। उन्होंने कहा, मैं इस संयुक्त आयोग को बहुत आशावाद और अपेक्षा के साथ देखता हूं। मुझे पता है कि हमारे बीच जबरदस्त सद्भावना है। हमारी चुनौती इसे व्यावहारिक परिणामों में तब्दील करना है। दोनों देशों ने पिछले साल राजनयिक संबंधों की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ मनाई थी। विदेश मंत्री ने दोनों देशों के बीच संबंधों को 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' तक बढ़ाने में 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोल यात्रा के दौरान उनके द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की भी चर्चा की। उन्होंने व्यापार, निवेश, रक्षा आदि में द्विपक्षीय आदान-प्रदान और सहयोग पर प्रकाश डालते हुए कहा, यह महत्वपूर्ण है कि हम उस पर खरे उतरें। हम लगातार मजबूत हुए हैं। बीते वर्षों में हम वास्तव में एक-दूसरे के लिए महत्वपूर्ण भागीदार बन गए हैं। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सहयोग के पारंपरिक क्षेत्रों में गति बनाए रखते हुए भारत अब नए क्षेत्रों में विस्तार करने में बहुत रुचि रखेगा।

## इसरो दो चरणों में लॉन्च करेगा चंद्रयान-4 मिशन

**मानव मिशन की सफलता के लिए बेहद अहम**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद अब चंद्रयान-4 मिशन की तैयारी कर रहा है। खास बात ये है कि चंद्रयान-4 मिशन दो चरणों में लॉन्च किया जाएगा और चांद पर मानव मिशन भेजने के लिहाज से यह बेहद अहम होगा। चंद्रयान-4 मिशन न सिर्फ चांद की जमीन पर लैंड करेगा, बल्कि वहां से कुछ सैंपल लेकर धरती पर वापस भी लौटेगा। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने एक कार्यक्रम के दौरान बताया कि चंद्रयान-4 मिशन में पांच स्पेसक्राफ्ट मॉड्यूल शामिल किए जाएंगे। साथ ही इसे दो रॉकेट की मदद से दो चरणों में लॉन्च किया जाएगा। चंद्रयान-4 में चंद्रयान-3 मिशन की तरह लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल तो होंगे ही, इनके साथ ही दो अतिरिक्त मॉड्यूल भी होंगे। यही दो मॉड्यूल चांद की सतह से वहां की मिट्टी और पत्थर लेकर धरती पर वापस लौटेंगे।

चंद्रयान-4 मिशन में इसरो अपने एलवीएम-3 और पीएसएलवी दोनों रॉकेट का इस्तेमाल करेगा। पहले एलवीएम-3 लॉन्च व्हीकल प्रोपल्शन मॉड्यूल, डिसेंडर मॉड्यूल और असेंडर मॉड्यूल को लेकर उड़ान भरेगा। इसके बाद ट्रांसफर मॉड्यूल और रि-एंट्री मॉड्यूल को लेकर पीएसएलवी लॉन्च किया जाएगा। इस मिशन को लेकर इसरो आने वाले दिनों में और ज्यादा जानकारी देगा।



**चंद्रयान-4 मिशन में 5 मॉड्यूल अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे**

**प्रोपल्शन मॉड्यूल :** चंद्रयान-3 मिशन की तरह प्रोपल्शन मॉड्यूल चंद्रयान-4 को चांद की कक्षा में लेकर जाएगा।

**डिसेंडर मॉड्यूल :** यह मॉड्यूल चांद की सतह पर लैंड करेगा, जैसे चंद्रयान-3 मिशन के विक्रम लैंडर ने चांद पर लैंडिंग की थी।

**असेंडर मॉड्यूल :** चांद की सतह से सैंपल इकट्ठे करके असेंडर मॉड्यूल ही लैंडर से अलग होगा।

**ट्रांसफर मॉड्यूल :** यह मॉड्यूल चांद की सतह से असेंडर मॉड्यूल को लेकर चांद की कक्षा से बाहर आएगा।

**रि-एंट्री मॉड्यूल :** यही मॉड्यूल चांद की सतह से लिए गए सैंपल को धरती पर वापस लेकर आएगा।

फिल्म जगत

## स्पेनिश महिला के गैंगरेप पर भड़कीं एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा



**मुंबई।** बालीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा का झारखंड में एक स्पैनिश बाइकर कपल पर हमले की खबर पर गुस्सा फूटा । उन्होंने इंस्टा पर पोस्ट शेयर कर इस घटियापन को हमारे सड़े हुए समाज के लिए शर्म की बात बताया। ऋचा चड्ढा ने लिखा- शर्मनाक! भारतीय विदेशियों के साथ वैसे ही व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे अपनी औरतों के साथ करते हैं। शर्म आती है हमारे सड़े हुए समाज पर। ऋचा के अलावा साउथ एक्टर दुलकर सलमान ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा- इसके बारे में सुनकर स्तब्ध हूं! आप दोनों हाल ही में कोट्टायम गए थे जहां करीबी दोस्तों ने आपको खाने पर बुलाया था। ऐसा कहीं भी किसी के साथ नहीं होना चाहिए। बता दें कि शुक्रवार को एक स्पैनिश बाइकर कपल झारखंड के दुमका जिले के कुरमाहाट गांव से होते हुए नेपाल जा रहा था। उन्होंने वहां रात रुकने के लिए एक अस्थायी तंबू लगाया। सात ग्रामीणों ने दोनों को पीटा, उनका सामान लूट लिया और महिला का यौन उत्पीड़न किया। खबरों में ऐसा बताया जा रहा है कि इस शर्मनाक घटना में 7-8 लोग शामिल हैं। घटना तब सामने आई जब पेट्रोलिंग के दौरान रात करीब 11 बजे दोनों को देखा गया। पुलिस ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा बी-टाउन की उन एक्ट्रेसेस में से हैं जो हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। राजनीति से लेकर समाजिक तक ऋचा ने हर विषय पर अपनी बात बुलंद की है।